RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 328
नई दिल्ली, शुक्रवार, 06 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





धन बल, मुफ्त की रेवड़ियां खासतौर से हमारे रडार पर होंगी
राष्ट्रीय-11


# एशियाई खेल अबकी बार, सौ पार के करीब भारत

**भाषा।** हांगझोउ







हांगझोउ में बृहस्पतिवार को महिला तीरंदाजी स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद, परनीत कौर और पुरुष तीरंदाजी स्पर्धा में अभिषेक वर्मा, प्रथमेश समाधान जावकर, ओजस प्रवीण देवतले व स्क्वैश में स्पर्धा में दीपिका पल्लीकल, हरिंदर पाल सिंह संधू ने जीता स्वर्ण पदक


**एशियाई** खेलों में 12वें दिन बृहस्पतिवार को भारत ने तीन स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या 86 करके एशियाई खेलों में एक रिकॉर्ड बना दिया। यह भारत के इतिहास में पहली बार है जब उसने 86 पद अपनी झोली में डाले। भारत की पदक तालिका में 21 स्वर्ण, 32 रजत व 33 कांस्य समेत कुल 86 पदक हो गए हैं। आज के पदक विजेताओं की सूची में शामिल ज्योति सुरेखा वेन्नम ने तीरंदाजी कंपाउंड महिला टीम में स्वर्ण, अदिति स्वामी, परनीत, अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी कंपाउंड पुरुष टीम में स्वर्ण, ओजस देवताले, प्रथमेश जावकर, दीपिका पल्लीकल ने स्क्वाश मिश्रित युगल में स्वर्ण, हरिंदर पाल सिंह संधू, सौरव घोषाल नेस्क्वाश पुरुष एकल में रजत व अंतिम पंघाल ने कुश्ती महिला 53 किलो में कांस्य पदक जीता। भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू ने गुरुवार को यहां फाइनल में मलेशिया की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता लेकिन सौरव घोषाल को रजत से संतोष करना पड़ा हालांकि एशियाई खेलों में स्क्वाश में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। दीपिका और हरिंदर ने फाइनल में आइफा बिंटी अजमन और मोहम्मद सयाफिक बिन मोहम्मद कमल को 35 मिनट में 11-10 11-10 से हराया। भारत के शीर्ष खिलाड़ी घोषाल हालांकि मलेशिया के इएन यो एंग से 11-9, 9-11, 5-11, 7-11 से हार गए। भारत ने 2014 में पुरूष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने तीनों टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। भारत ने इस तरह एशियाई खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ अभियान को आगे बढ़ाया। महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते रोमाचंक फाइनल में चीनी ताइपे को एक अंक से हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय गत विश्व चैंपियन टीम ने फाइनल में अंतिम चरण में 60 में से 60 अंक के परफेक्ट स्कोर के साथ चीनी ताइपे की तीसरी वरीय जोड़ी को 230-229 से हराया। गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराने के बाद चेन ई सुआन, हुआंग आई जो और वैंग लू युन की चीन की तिकड़ी आत्मविश्वास से भरी थी। आखिरी तीन तीर से पहले स्कोर 200-200 से बराबर था। वहीं युवा स्टार अंतिम पंघाल ने तोक्यो ओलंपिक पदक विजेता बोलोरतुया बात ओचिर को 3-1 से हराकर एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता जबकि कुश्ती में बाकी भारतीय पहलवानों को निराशा हाथ लगी। उन्नीस वर्ष की अंतिम ने जापान की दो बार की विश्व चैम्पियन अकारी फुजीनामी से महिलाओं के 53 किलो वर्ग में सेमीफाइनल हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में दमदार वापसी की।

दूसरी ओर भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां मलेशिया के ली झी जिया को तीन गेम तक चले रोमांचक क्वार्टर फाइनल में हराकर भारत के लिए 41 साल बाद बैडमिंटन का पुरुष एकल का पदक सुनिश्चित किया लेकिन महिला एकल में पीवी सिंधू को हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने सिंगापुर के एन जू जिए और जोहान प्रोजोगो को 31 मिनट तक चले मुकाबले में 21- 7, 21 - 9 से हराया। वहीं कमर की चोट कारण पट्टी (टेप) बांधकर खेल रहे दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी जिया को 78 मिनट चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 21-16 21-23 22-20 से हराया और मौजूदा खेलों में बैडमिंटन में भारत का दूसरा पदक सुनिश्चित किया। भारत ने पिछले रविवार को पुरुष टीम चैंपियनशिप का रजत पदक जीता था। प्रणय ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि मुकाबला काफी कड़ा था। ली हमेशा एक कड़ा प्रतिद्वंद्वी रहा है। आज मेरे लिए यह बहुत ही थकाने वाला मुकाबला था। उन्होंने कहा, मैं बिल्कुल भी ऐसी स्थिति में नहीं हूं जहां मैं कह सकूं कि मैं 80 प्रतिशत ठीक हूं। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा कुछ करने के लिए मैं खुद को काफी श्रेय दूंगा। मुझे लगता है कि लड़ने की इच्छा हमेशा से थी और इसका फायदा मिला। प्रणय का पदक नई दिल्ली 1982 खेलों में सैयद मोदी के कांस्य के बाद एशियाई खेलों की पुरुष एकल स्पर्धा में भारत का पहला पदक है। वहीं युवा स्टार अंतिम पंघाल ने तोक्यो ओलंपिक पदक विजेता बोलोरतुया बात ओचिर को 3-1 से हराकर एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता जबकि कुश्ती में बाकी भारतीय पहलवानों को निराशा हाथ लगी। उन्नीस वर्ष की अंतिम ने जापान की दो बार की विश्व चैम्पियन अकारी फुजीनामी से महिलाओं के 53 किलो वर्ग में सेमीफाइनल हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में दमदार वापसी की।

## सीरिया में सैन्य समारोह के दौरान ड्रोन हमलों में 67 की मौत, 180 घायल

**बेरूत( एपी )।** सीरिया के मध्यवर्ती शहर होम्स में बृहस्पतिवार को एक सैन्य स्नातक समारोह के दौरान ड्रोन हमले में 67 लोग मारे गए तथा 180 घायल हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। शहर के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुसलेम अल-अतासी ने कहा कि इन हमलों से होम्स शहर में हो रहे सैन्य समारोह पर असर पड़ा, क्योंकि समारोह समापन की ओर था। हताहतों में आम नागरिक और सैन्यकर्मी दोनों शामिल हैं। अल-अतासी ने बताया कि कई घायलों की हालत गंभीर है और उनका इलाज सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स के कई अस्पतालों में किया जा रहा है।



**विश्व कप क्रिकेट**
- **परिणाम** : न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया
- **आज**: पाकिस्तान और नीदरलैंड

## भारत की कनाडा से राजनयिकों में समानता को लेकर चर्चा

- भारत ने ओटावा को अपने 40 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक वापस बुलाने को कहा
- नई दिल्ली ने कहा, निर्धारित तारीख के बाद राजनयिक छूट वापल ले ली जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जस्टिन ट्रूडो की फाइल फोटो

**भारत-कनाडा** के बीच जारी राजनयिक गतिरोध के बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने के मुद्दे पर ओटावा से चर्चा कर रहा है।

यह बात नई दिल्ली ने कनाडा को अपने लगभग 40 राजनयिकों को भारत से वापस 10 अक्टूबर तक बुलाने की पृष्ठभूमि में आई है। भारत ने कथित तौर पर यह भी चेतावनी दी कि यदि कनाडाई राजनयिक निर्धारित तिथि तक देश नहीं छोड़ते हैं तो राजनयिक छूट वापस ले ली जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हमारा ध्यान कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने पर है। उन्होंने कहा, हमने भारत में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की है और इस संबंध में चर्चा जारी है। बागची ने कहा, कनाडा की राजनयिक उपस्थिति अधिक है और दोनों देश समानता हासिल करने पर चर्चा कर रहे हैं। यहां राजनयिकों की बहुत अधिक उपस्थिति या हमारे आंतरिक मामलों में उनके हस्तक्षेप को देखते हुए यह मांग की है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने पर है।

नई दिल्ली ने दो सप्ताह पहले, कनाडा से भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहा था। जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। तब भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया और ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। द फाइनेंशियल टाइम्स सहित रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि भारत में कनाडा के 62 राजनयिक हैं, नई दिल्ली ने उन्हें अपने उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या घटाकर 41 करने के लिए कहा है।

विदेशी मामलों और अंतर्राष्ट्री व्यापार पर कनाडाई सीनेट समिति के अध्यक्ष पीटर बोहेम के हवाले से समाचार पत्र ने कहा, अधिक कनाडाई राजनयिकों को अवांछित व्यक्ति घोषित करने से स्थिति में मदद नहीं मिलेगी और इस असहमति से जुड़ी भावनाओं को कम करना और अधिक कठिन हो जाएगा। बोहेम ने कहा कि प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो के पीछे हटने की उम्मीद नहीं है, उन्होंने कहा कि भारत कनाडा को एक आसान निशान के रूप में देखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नई दिल्ली को ओटावा की जवाबी कार्रवाई करने की सीमित क्षमता के बारे में पता था क्योंकि कनाडा में अल्पमत की सरकार (शेष पेज 9)

## कनाडा विवाद से प्रभावित नहीं होंगे भारत और अमेरिकी रिश्ते

- अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, राजदूत गार्सेटी दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ाने को कर रहे कड़ी मेहनत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और कनाडा के बीच तनावपूर्ण संबंध के बीच, अमेरिकी दूतावास ने बृहस्पतिवार को उन रिपोर्टों को खारिज किया है जिसमें नई दिल्ली के कनाडा से राजयनिक विवाद से भारत-अमेरिका के रिश्तों को प्रभावित होने की आशंका को लेकर अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपनी टीम को सतर्क किया था।

यह खंडन अमेरिकी मीडिया संस्थान द पॉलिटिको की रिपोर्ट 'भारत-कनाडा विवाद पर बाइडन चुप क्यों' के बाद आया, जिसमें गार्सेटी ने यह भी कहा था कि अमेरिका को भारतीय अधिकारियों के साथ अपने संपर्कों को अनिर्धारित अवधि के लिए कम करने की भी जरूरत है। इस रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा, अमेरिकी दूतावास इन रिपोर्टों को खारिज करता है। राजदूत गार्सेटी अमेरिका और भारत के लोगों और सरकारों के बीच साझेदारी को गहरा करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि उनके निजी जुड़ाव और सार्वजनिक कार्यक्रम दर्शाते हैं कि राजदूत गार्सेटी और भारत में अमेरिकी मिशन नई दिल्ली में हमारी अहम और रणनीतिक साझेदारी आगे बढ़ाने के लिए हर दिन काम कर रहे हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता की संभावना का आरोप लगाने के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव आ गया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया। ओटावा से भारतीय राजनयिक के निष्कासित करने के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए नई दिल्ली से कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गए, जिसके बाद भारत ने 21 सितंबर को कनाडा से देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति को कम करने के लिए कहा था। इसके साथ ही भारत ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने को अस्थायी रूप से निलंबित करने की भी घोषणा की। द पॉलिटिको ने एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से खबर दी थी, गार्सेटी ने अपनी टीम से कहा था कि कनाडा के साथ राजनयिक विवाद की वजह से भारत और अमेरिका के रिश्ते कुछ समय के लिए खराब हो सकते हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा था कि अलगाववादी (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### ईडी ने कपिल शर्मा, हुमा कुरैशी और हिना खान को तलब किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े धनशोधन के मामले में हास्य कलाकार कपिल शर्मा, अभिनेत्री हुमा कुरैशी और हिना खान को समन भेजकर अलग-अलग तारीख पर पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी पहले ही मामले में बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को समन भेजकर छह अक्टूबर को रायपुर के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दे चुकी है। माना जा रहा है कि कपूर ने दो सप्ताह का समय मांगा है। अधिकारियों ने बताया कि हाल में तीनों कलाकारों को समन भेज कर एजेंसी के रायपुर कार्यालय में अलग-अलग तारीखों पर पेश होने को कहा गया है। एजेंसी धनशोधन निषेध अधिनियम (पीएमएलए) के तहत इनका बयान दर्ज करेगी और यह समझने की कोशिश करेगी कि ऐप के प्रवर्तकों द्वारा कथित तौर पर किए गए भुगतान और धन प्राप्ति का तरीका क्या था। माना जा रहा है कि इन कलाकारों को मामले में आरोपी नही बनाया जाएगा।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर सियासत तेज

- सड़कों पर उतरे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आबकारी नीति मामले में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ बृहस्पतिवार को केंद्रीय दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आप कार्यालय में एकत्र हुए और बैनर थामे प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सिंह की रिहाई की मांग की।

पुलिस के विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने उचित व्यवस्था की है और पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है। हम नहीं चाहते हैं कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बिगड़े।

वह लगातार आप के कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले आप के नेताओं में आतिशी, गोपाल राय, जरनैल सिंह, प्रियंका कक्कड़ और रीना गुप्ता शामिल हैं। राय ने आरोप लगाया (शेष पेज 9)

## भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में पोस्टर जंग

- राहुल गांधी के रावण वाले चित्र के जवाब में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की फोटो साझा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली







**भारतीय** जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को राहुल गांधी को दशानन के रूप में दर्शाते हुए एक तस्वीर साझा की और उन्हें नए युग का रावण करार दिया, जिसपर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि यह उसके पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा भड़काने और उनकी हत्या कराने का प्रयास है।

भाजपा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कांग्रेस नेता की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, नए युग का रावण यहां है। वह बुरा है, धर्म विरोधी, राम विरोधी है, उसका लक्ष्य भारत को नष्ट करना है। ग्राफिक्स के माध्यम से फिल्म के पोस्टर की तरह तैयार इस तस्वीर के शीर्ष पर लिखा गया है भारत खतरे में है। साथ ही राहुल गांधी की तस्वीर पर रावण तथा तस्वीर के नीचे के हिस्से में ये कांग्रेस पार्टी प्रोडक्शन (कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्मित) और जॉर्ज सोरोस द्वारा निर्देशित लिखा गया है। जॉर्ज सोरोस एक अमेरिकी अरबपति हैं और भाजपा उनपर भारत के खिलाफ एजेंडा चलाने का आरोप लगाती रही है। दूसरी तरफ, भारतीय युवा कांग्रेस ने एक पोस्टर के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी पर पलटवार किया।

युवा कांग्रेस ने एक्स के अपने आधिकारिक हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर वाला एक पोस्टर जारी किया जिसे उसने मोदानव शीर्षक दिया और लिखा कि हिंदुस्तान खतरे में है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा, भाजपा हैंडल पर राहुल गांधी जी की तुलना रावण से करने वाले शर्मनाक ग्राफिक की निंदा करने के लिए कोई शब्द पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया, उनके नापाक इरादे साफ हैं, वे उनकी हत्या करना चाहते हैं। वेणुगोपाल ने दावा किया, उन्होंने (भाजपा) तुच्छ राजनीतिक लाभ उठाने के लिए उनकी एसपीजी सुरक्षा वापस ले ली। उन्हें उनके सुरक्षित आवास से बेदखल करने के बाद, उन्होंने दूसरा घर आवंटित नहीं किया है जिसके लिए उन्होंने अनुरोध किया है।

यह सब भाजपा की अपने सबसे कट्टर आलोचक को खत्म करने की सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, भाजपा के आधिकारिक हैंडल पर राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाने वाले घटिया ग्राफ़िकि के पीछे वास्तविक मंशा क्या है? इसका स्पष्ट रूप से एक ही मकसद है एक कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के ख़िलाफ़ हिंसा के लिए उकसाना और भड़काना, जिनके पिता और दादी की हत्या उन ताकतों ने की थी जो भारत को तोड़ना चाहते थे। उन्होंने एक्स पर दावा किया, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) का हर दिन झूठ बोलकर (शेष पेज 9)

# ग्रेप नियमों के उल्लंघन पर लगा जुर्माना

## नोएडा प्राधिकरण के वेंडर, कंपनी व प्राइवेट फर्म पर कार्यवाही, 14 टीम कर रही निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्रदूषण की रोकथाम के लिए नोएडा में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप लागू है। इसके तहत यहां कंस्ट्रक्शन कार्य करने के लिए कई नियमों का पालन करना होगा। ताकि प्रदूषण स्तर के नियंत्रित किया जा सके। लेकिन लोग खुले आम इसका उल्लंघन कर रहे है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निरीक्षण के दौरान ऐसे कंपनियों ए प्राधिकरण के ठेकेदार समेत सात पर 8 लाख का जुर्माना लगाया है।

क्षेत्रीय पॉल्यूशन अधिकारी ने बताया कि टीमों की ओर से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं प्राधिकरण की ओर से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रेप को लेकर किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रेप के नियमों का पालन किया जाए।

प्राधिकरण की ओर से 14 टीमों का गठन किया गया है। से टीम गांव और सेक्टर का निरीक्षण कर रही है। जिसमें लोगों को ग्रेप की गाइडलाइन, एनजीटी के नियम के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा 12 टैंकर के जरिए 33 किलोमीटर लंबाई में एसटीपी के पानी का छिड़काव किया जा रहा है। 12 मैकेनिक स्वीपिंग मशीनों के जरिए 312 किलोमीटर की मुख्य सड़कों पर बिना वायु प्रदूषण पहले साफ-सफाई का काम किया जा रहा है। 38 एंटी स्मोक गन मशीनों का संचालन भी किया गया। 5000 लीटर क्षमता के 6 वाटर टैंकर स्प्रिंकल वर्क सर्किल 1 से लेकर 6 को दिए गए।

### इन कंपनी और ठेकेदार पर कार्रवाई

- नोएडा प्राधिकरण के वेंडर पर 50 हजार का जुर्माना
- फेज-2 स्थित इक्का इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 50 हजार
- सेक्टर-1 फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 50 हजार
- सेक्टर-3 में डी-5 और 6 के ऑनर पर 50 हजार
- सेक्टर-2 के डी-91 के ऑनर पर 50 हजार
- सेक्टर-3 ए-27 के ऑनर पर 50 हजार
- सेक्टर-129 पारस एवेन्यू पर 5 लाख रुपए का जुर्माना

# बच्चों से भरी स्कूल बस ने बाइक को मारी टक्कर

## पुलिस ने चालक और कंडेक्टर को हिरासत में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक स्कूल बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक्सीडेंट होते ही सड़क पर मौजूद लोगों ने बस को रुकवा लिया। पुलिस को जानकारी दी गई। घायल को नजदीक के अस्पताल भेजा गया। उसके सिर और हाथ पैर में चोट लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को कंडक्टर को हिरासत में लिया है। जिस समय ये घटना हुई उस समय बस में बच्चे मौजूद थे। जिनको दूसरी बस के जरिए घर भेजा गया।

एसीसी रजनीश वर्मा ने बताया कि सेक्टर-33 में रॉकवुड पब्लिक स्कूल है। स्कूल की बस बच्चों से भरी हुई थी। बस में छोटे बच्चे थे। दादरी रोड पर सेक्टर-43 मोड़ के पास चालक ने बस को जैसे टर्न करने का प्रयास किया। उसने साइड से एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक साइड में जाकर गिरी। बाइक सवार के सिर और हाथ पैर में चोट लगी। झटका लगने से बस में सवार बच्चे ढर गए और शोर मचाने लगे। वहां मौजूद लोगों ने बस को रोक लिया। पुलिस को जानकारी दी गई।

पुलिस ने घायल व्यक्ति की पहचान नीरज पुत्र गजराज सिंह के रूप में की है। उसे प्रयाग अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उपचार के बाद उसे घर भेजा जा रहा है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। साथ ही बस को सीज कर दिया है। इस दौरान बस काफी देर तक मोड़ पर ही खड़ी रही।

स्कूल प्रबंधन को जानकारी दी गई। जिसके बाद दूसरी बस मौके पर भेजी गई। वहां से बच्चों को लिया और उनके स्टाप पर छोड़ा गया। घटना के बाद अभिभावकों में रोष का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार



नवीन विद्यालय भवन का उद्घाटन करते जिलाधिकारी राकेश सिंह।

### सरकारी विद्यालय के सौंदर्यीकरण का काम पूरा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में प्राथमिक विद्यालय हिंडन विहार के नवीनीकरण और सौन्दर्यीकरण का कार्य परवरिश केयर्स फाउंडेशन द्वारा अनमोल बिस्कुट के सीआरएस फंड के जरिये कराया गया है। गुरुवार को नवीन विद्यालय भवन का उद्घाटन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह और अनमोल बिस्कुट के मालिक गोविंद ने फीता काटकर किया। परवरिश संस्था के महासचिव फराज खान ने विद्यालय की पहले की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। साथ ही विद्यालय में नए काम जैसे रसोईघर, अध्यापक शौचालय आदि से अवगत कराया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सौन्दर्यीकरण और नवीनीकरण की प्रशंसा की तथा विद्यालय परिसर में एक स्मार्ट क्लास बनवाने की सलाह दी। परवरिश संस्थान के महासचिव फराज खान ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर रामवीर तंवर, सुशांत कालरा आदि मौजूद रहे। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोरी गाजियाबाद में मेरा हुनर मेरी पहचान कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी हुए बच्चों को 8 अक्टूबर को समापन समारोह में पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। महिला कल्याण अधिकारी गाजियाबाद नेहा वालिया ने बच्चों को बताया कि आज भारत की बेटियां खेल, संगीत सहित हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। कार्यक्रम में प्रभारी अनुदिता सिंह, क्राफ्ट टीचर नीलम सिंह उपस्थित रही।

### भूमाफिया के खिलाफ दिया धरना

**गाजियाबाद।** भूमि बचाओ संघर्ष समिति गाजियाबाद ने भूमाफ्यिाओं के खिलाफसम्पत्ति कुर्क होने के निर्देश के बाद भी कार्रवाई न होने के विरोध में जिला मुख्यालय में धरना दिया और डीएम के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति ने अपने ज्ञापन में आरोप लगाया कि भूमाफिया महबूब अली की दिल्ली, गाजियाबाद में स्थित सात अचल सम्पत्तियों को कुर्क करने के आदेश 20 सितम्बर 2023 को दिए गए थे। जिनका बाजारी मूल्य करीब 76 करोड रुपए है। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भूमाफिया 2001 से धोखाधडी कर जमीनों की खरीद फरोख्त कर रहा है व खाली पडी जमीनों पर अवैध कर रहा है। ऐसे में इसकी बाकी सम्पत्तियों को भी जल्द से जल्द कुर्क करने की मांग महासभा ने की है। ज्ञापन देने वालों में रिंकू सिंह, राहुल, अजय, राजू, निलेश शास्त्री, बबलू, मनीष, रोहित कसाना, गोलू जावट, राज बंसल, पवन शर्मा आदि शामिल रहे।

### देवरिया के सामूहिक हत्याकांड के विरोध में दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राहम्ण महासभा ने देवरिया में हुए सामूहिक हत्याकांड के विरोध में डीएम के माध्यम से सीएम योगी के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में महासभा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पुरानी रंजिश के चलते एक ही ब्राहम्ण परिवार के पांच ब्राहम्णों को मौत के घाट उतार दिया गया। इस जघन्य हत्याकांड ने सभी का हिलाकर रख दिया। महासभा ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि इस हत्याकांड के आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य सरंक्षक जेके गौड, जिलाध्यक्ष जयनंद शर्मा, महानगर अध्यक्ष सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर व्यवसायी से हड़पे 25 लाख

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र की राजनगर कॉलोनी में रहने वाले व्यवसायी आनन्द कुमार ने कोर्ट के माध्यम से जी.47 सैक्टर 6 नोएडा गौतमबुद्धनगर निवासी अनुज गोयल, तनुज गोयल व कृष्ण कुमार आदि के खिलाफ अपराधिक धारा 323, 406, 504 व 506 के तहत कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित कारोबारी आन्नद ने बताया है कि उपरोक्त आरोपिगणों ने एक प्लॉट का सौदा दो करोड़ में किया था। पीड़ित ने बयाने के बतौर 25 लाख आरोपितगणों को दे दिये थे। उसके बाद अनुज, तनुज व कृष्ण कुमार ने ना तो प्लॉट की रजिस्ट्री की और ना ही उनके द्वारा बतौर बयाना दी गई रकम ही वापस की।


**AXIS BANK LTD.**

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 16-10-2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

**कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण**

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बी.ओ. : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 1 | पंकज कुमार | XXXXXXXXXXX5857 | 30,226.42 | 30-05-2023 | 9.30 | 8.70 |
| 2 | पंकज कुमार | XXXXXXXXXXX3350 | 106,630.05 | 30-05-2023 | 35.10 | 33.70 |
| 3 | सुनील कुमार | XXXXXXXXXXX7661 | 111,179.20 | 08-02-2023 | 60.30 | 57.50 |
| 4 | जितेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX3905 | 444,289.13 | 30-05-2023 | 139.90 | 131.55 |
| 5 | उर्मिला | XXXXXXXXXXX0033 | 2,415,444.31 | 30-05-2023 | 1,185.30 | 1,105.75 |
| | बी.ओ. : बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 6 | रश्मि तनेजा | XXXXXXXXXXX7347 | 357,280.36 | 08-02-2023 | 157.10 | 141.50 |
| | बी.ओ. : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 7 | गुलाब सिंह | XXXXXXXXXXX5531 | 39,159.00 | 27-06-2023 | 13.40 | 13.15 |
| 8 | उपेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX8135 | 41,921.00 | 28-02-2023 | 13.00 | 12.60 |
| 9 | राहुल कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX2550 | 198,739.00 | 28-08-2023 | 148.00 | 143.90 |
| 10 | कविता गुप्ता | XXXXXXXXXXX3441 | 304,309.00 | 03-09-2022 | 117.20 | 104.30 |
| | बी.ओ. : ज्योति नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 11 | मुस्कान | XXXXXXXXXXX7106 | 62,593.00 | 28-08-2023 | 44.80 | 43.20 |
| 12 | देव कुमार गुप्ता | XXXXXXXXXXX4891 | 102,605.66 | 08-03-2023 | 31.20 | 29.80 |
| 13 | विनीत भाटी | XXXXXXXXXXX9579 | 103,603.00 | 30-05-2023 | 30.70 | 29.40 |
| 14 | गोविंद कुमार | XXXXXXXXXXX7973 | 117,872.56 | 28-02-2023 | 38.10 | 36.40 |
| 15 | संजीव कुमार | XXXXXXXXXXX2411 | 135,587.00 | 30-05-2023 | 46.20 | 44.40 |
| 16 | अनुज कुमार | XXXXXXXXXXX8071 | 139,241.34 | 08-02-2023 | 50.20 | 37.70 |
| 17 | अंजू | XXXXXXXXXXX7545 | 227,907.00 | 30-05-2023 | 65.60 | 63.10 |
| | बी.ओ. : काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 18 | सुमित बिधूड़ी | XXXXXXXXXXX8542 | 412,375.24 | 28-08-2023 | 353.20 | 330.40 |
| 19 | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX0323 | 69,119.00 | 28-02-2023 | 23.70 | 22.34 |
| | बी.ओ. : किशनगंज ओडी (डीएल) | | | | | |
| 20 | अमित सेठी | XXXXXXXXXXX7980 | 1,624,845.00 | 30-05-2023 | 525.30 | 509.00 |
| | बी.ओ. : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 21 | संदीप कुमार | XXXXXXXXXXX6084 | 233,212.89 | 25-08-2023 | 70.40 | 66.40 |
| | बी.ओ. : मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 22 | गुड़िया देवी | XXXXXXXXXXX1438 | 90,151.00 | 08-02-2023 | 31.40 | 27.20 |
| | बी.ओ. : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 23 | सन्नी कुमार | XXXXXXXXXXX4045 | 56,790.24 | 25-08-2023 | 23.40 | 22.43 |
| 24 | संजय सिंह | XXXXXXXXXXX7825 | 62,928.00 | 28-08-2023 | 37.40 | 36.32 |
| 25 | रवीन्द्र सिंह चौहान | XXXXXXXXXXX4407 | 509,233.00 | 07-01-2023 | 150.20 | 147.06 |
| | बी.ओ. : नांगलोई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 26 | अब्दुल नूर पी | XXXXXXXXXXX3663 | 52,423.00 | 30-05-2023 | 13.20 | 13.00 |
| | बी.ओ. : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 27 | सचिन गुप्ता | XXXXXXXXXXX6135 | 67,723.24 | 03-09-2022 | 19.00 | 18.40 |
| | बी.ओ. : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 28 | जगजीत कौर | XXXXXXXXXXX5632 | 45,240.00 | 25-08-2023 | 33.00 | 31.20 |
| 29 | बोबी | XXXXXXXXXXX0498 | 54,584.00 | 25-08-2023 | 35.60 | 34.00 |
| 30 | मुकेश कुमार मंडल | XXXXXXXXXXX0943 | 75,160.00 | 27-06-2023 | 24.60 | 22.90 |
| 31 | रेशमा कुमारी | XXXXXXXXXXX1570 | 185,533.00 | 30-05-2023 | 55.30 | 52.90 |
| 32 | सरबजीत कौर | XXXXXXXXXXX6879 | 214,823.00 | 05-09-2022 | 144.20 | 137.70 |
| 33 | रितु | XXXXXXXXXXX5205 | 284,534.00 | 30-05-2023 | 78.90 | 76.00 |
| | बी.ओ. : सेक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 34 | रेशमा कुमारी | XXXXXXXXXXX5524 | 262,702.00 | 30-05-2023 | 74.70 | 71.80 |
| | बी.ओ. : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 35 | नागेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX5979 | 111,551.00 | 18-07-2023 | 31.10 | 29.55 |
| | बी.ओ. : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 36 | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX0683 | 150,890.10 | 25-08-2023 | 53.60 | 50.50 |
| | बी.ओ. : उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 37 | मानस कुमार परीदा | XXXXXXXXXXX2417 | 372,064.00 | 22-07-2022 | 106.40 | 102.30 |
| | बी.ओ. : विकास पुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 38 | मनोज कुमार | XXXXXXXXXXX5335 | 26,365.68 | 27-06-2023 | 8.50 | 8.10 |
| 39 | स्वेता सिंह | XXXXXXXXXXX3584 | 26,961.78 | 18-07-2023 | 11.40 | 10.70 |
| | बी.ओ. : डीएलएफ गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 40 | सैफ अली | XXXXXXXXXXX2187 | 53,796.00 | 25-08-2023 | 20.00 | 19.50 |
| 41 | आकांक्षा | XXXXXXXXXXX3856 | 579,796.00 | 30-05-2023 | 170.00 | 151.40 |
| | बी.ओ. : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 42 | सानू राय | XXXXXXXXXXX9114 | 37,516.00 | 08-02-2023 | 11.80 | 11.34 |
| 43 | अभिषेक | XXXXXXXXXXX8412 | 59,985.00 | 25-08-2023 | 37.20 | 36.28 |
| 44 | मोनू | XXXXXXXXXXX0932 | 132,096.00 | 28-08-2023 | 94.60 | 90.40 |
| 45 | लोकेश | XXXXXXXXXXX4270 | 161,428.78 | 22-06-2022 | 85.70 | 81.10 |
| 46 | जितेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX9641 | 262,588.00 | 08-02-2023 | 77.90 | 74.20 |
| 47 | क्षितिज शर्मा | XXXXXXXXXXX0659 | 298,531.89 | 25-08-2023 | 245.40 | 205.56 |
| 48 | अक्षय पांउे | XXXXXXXXXXX6881 | 281,803.00 | 12-10-2022 | 81.90 | 80.40 |
| 49 | टेक चंद | XXXXXXXXXXX5944 | 712,671.72 | 27-06-2023 | 257.40 | 244.90 |
| | बी.ओ. : न्यू रेलवे रोड गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 50 | आकाश | XXXXXXXXXXX4371 | 31,301.36 | 27-06-2023 | 8.30 | 8.00 |
| | बी.ओ. : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 51 | संजय संजय | XXXXXXXXXXX9947 | 53,709.00 | 03-09-2022 | 9.80 | 9.80 |
| 52 | अनिल | XXXXXXXXXXX4597 | 57,930.00 | 30-05-2023 | 18.00 | 17.20 |
| 53 | ब्रजेश कुमार झा | XXXXXXXXXXX3258 | 68,412.00 | 27-06-2023 | 21.60 | 20.30 |
| 54 | गौरव शर्मा | XXXXXXXXXXX2456 | 78,631.00 | 30-05-2023 | 28.10 | 24.50 |
| 55 | ममता देवी | XXXXXXXXXXX6744 | 150,611.19 | 25-08-2023 | 41.30 | 39.90 |
| 56 | हरजीत सिंह | XXXXXXXXXXX0261 | 792,930.00 | 08-02-2023 | 286.50 | 261.50 |
| 57 | रिंकी देवी | XXXXXXXXXXX9066 | 536,323.00 | 20-04-2023 | 166.55 | 162.05 |
| | बी.ओ. : पैराडाइज मॉल एस गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 58 | प्रतिमा राणा | XXXXXXXXXXX5786 | 89,202.00 | 27-06-2023 | 30.80 | 28.80 |
| 59 | रवीन्द्र शीशराम | XXXXXXXXXXX4640 | 90,814.00 | 25-08-2023 | 54.20 | 52.20 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 60 | मनोज कुमार जैसवाल | XXXXXXXXXXX2709 | 41,813.00 | 28-02-2023 | 10.60 | 10.10 |
| 61 | राजीव मल्होत्रा | XXXXXXXXXXX5679 | 120,503.00 | 30-05-2023 | 38.00 | 36.40 |
| 62 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX9395 | 65,526.00 | 18-07-2023 | 17.80 | 17.80 |
| 63 | मोनिका | XXXXXXXXXXX4672 | 146,500.00 | 25-08-2023 | 84.20 | 80.40 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 64 | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX5141 | 61,285.40 | 27-06-2023 | 15.10 | 14.80 |
| 65 | तारा चंद | XXXXXXXXXXX7928 | 758,874.41 | 30-05-2023 | 210.10 | 201.00 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 31-32 ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 66 | बिजेन्दर कुमार | XXXXXXXXXXX7020 | 42,460.00 | 30-05-2023 | 14.30 | 11.90 |
| | बी.ओ. : गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 67 | अंजलि पाठक | XXXXXXXXXXX8332 | 102,430.58 | 28-02-2023 | 37.90 | 34.00 |
| | बी.ओ. : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| 68 | रजाउद्दीन | XXXXXXXXXXX3620 | 60,360.90 | 28-02-2023 | 20.80 | 19.80 |
| 69 | अमित कुमार | XXXXXXXXXXX0984 | 68,499.00 | 12-09-2022 | 16.40 | 15.50 |
| 70 | अनिमेष आदित्य | XXXXXXXXXXX2904 | 129,487.00 | 30-05-2023 | 72.80 | 69.80 |
| 71 | मिठ्ठन यादव | XXXXXXXXXXX1680 | 454,479.00 | 28-02-2023 | 141.00 | 135.40 |
| 72 | रामकृपाल सिंह | XXXXXXXXXXX1463 | 285,195.92 | 30-05-2023 | 93.30 | 88.70 |
| | बी.ओ. : वैशाली, गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 73 | अमरजीत सिंह | XXXXXXXXXXX5537 | 44,084.00 | 30-05-2023 | 13.50 | 12.60 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी **https://gold.samil.in** पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://gold.samil.in** पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली, तिथि : 06-10-2023 — हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड


# दुष्कर्म करने का आरोपी स्कूल संचालक गिरफ्तार

## शिक्षिका ने दर्ज कराई थी शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 कोतवाली पुलिस ने स्कूल की टीचर के साथ दुष्कर्म करने वाले स्कूल के संचालक को गिरफ्तार किया है।

पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने फरवरी माह में उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसका वीडियो भी बनाया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसका यौन उत्पीड़न करता रहा था। पर्ति महिला ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सिग्मा 3 में एक प्राइवेट स्कूल है। जिसका संचालक मोहित नागर है। इसी स्कूल में पीड़िता बच्चों को पढ़ती थी। पीड़िता ने बीटा 2 थाने में 26 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई कि मोहित ने फरवरी में स्कूल के काम के बहाने से उसे अपने ऑफिस में बुलाया और उसके साथ जबरदस्ती रेप किया।

इस घटना का उसने वीडियो भी बना लिया। इसके बाद लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ यौन उत्पीड़न करता रहा। महिला ने आरोप लगाया कि वह मेरे बेटे और पति को जान से मारने की धमकी देकर कहता था कि अगर किसी को बताया तो इन दोनों को जान से मरवा दूंगा। इसके बाद में वह काफी परेशान रहने लगी। मेरे पति ने जब मुझसे परेशानी का कारण पूछा तो आखिरकार मैंने उन्हें पूरी घटना बता दी। जिसके बाद उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत बीटा 2 पुलिस से की। इस दौरान हमें कई नंबरों से धमकी भी आई। एडिशन डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि एक महिला ने स्कूल संचालक पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में आरोपी स्कूल संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में फरार चल रहे अन्य लोगों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# गाजियाबाद में युवक के पैर पर चढ़ाई कार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में साइड लगने पर कार सवारों ने दुकानदार के भाई की पिटाई कर दी। भीड़ ने जब कार सवारों को पीटना शुरू किया तो वे एक युवक के पैर पर पहिया चढ़ाकर भाग निकले। इस हादसे में वहां खड़े कई लोग बाल.बाल बच गए।

इस घटना की फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और कार सवारों की तलाश शुरू कर दी है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में न्याय खंड.2 निवासी मोहम्मद रिहान की काला पत्थर रोड पर दुकान है। दुकान पर बुधवार को रिहान का भाई जावेद मौजूद था।

# जांच बनी टेंशन, रूक गया 90 कंप्यूटर ऑपरेटर का वेतन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

निगम द्वारा की जा रही जांच को लेकर अब कंप्यूटर ऑपरेटर टेंशन में आ गए। सभी कंप्यूटर ऑपरेटर्स का वेतन रूक गया। केवल नौ दिनों का वेतन ही रिलीज हुआ है। बाकी का वेतन कैसे मिलेगा इसको लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर परेशान है।

वहीं नगर निगम का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही कंप्यूटर ऑपरेटर्स का वेतन दिया जाएगा। नगर निगम के पास 90 कंप्यूटर ऑपरेटर है। अभी तक इन सभी का वेतन सीएलसी के माध्यम से मिलता था। गत दिनों नगर निगम ने सीएलसी से इन कंप्यूटर ऑपरेटर्स की सप्लाई को समाप्त कर दिया। एक प्राइवेट कंपनी को जेम पॉर्टल के माध्यम से सप्लाई लेने के लिए नगर निगम ने वर्क शुरू किया था। मगर विवाद तब पैदा हुआ जब नई कंपनी को लेकर विवाद पैदा हो गया। उसके द्वारा नगर निगम में जो दस्तावेज पेश किए गए उनमें से कई दस्तावेज फर्जी बताए जा रहे है। इस प्रकरण को लेकर अब जांच शुरू हो गई है। नगर आयुक्त की ओर से जांच के आदेश दिए गए थे।

# मोरटा में कचरा है या आरडीएफ अब जांच टीम देगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोरटा गांव के पास बने कूड़े के पहाड़ की में कूड़ा है या आरडीएफ अब शासन की टीम जांच करेगी। नगर निगम के हेल्थ विभाग की ओर से इस मामले में शासन को एक पत्र भेजा गया है। दरअसल इसी कूड़े के पहाड़ को लेकर काफी समय से विवाद पैदा हो गया था।

इसी मामले के बाद दिल्ली प्रशासन की ओर से भी इसी तरह की रिपोर्ट दी गई है। जिसमें दिल्ली प्रशासन ने कहा था कि जिसे कूड़ा बताया गया वह दरअसल आरडीएफ है। दिल्ली प्रशासन ने यह रिपोर्ट तब दी जब निगम प्रशासन की ओर से कूड़ा गाजियाबाद में डालने के मामले में थाना नंदग्राम में एफ आईआर दर्ज कराई गई है।

इसको लेकर विवाद पैदा होने के बाद अब नगर निगम भी मोरटा के पास जीरोन कंपनी द्वारा बनाए गए कचरे के पहाड़ की जांच कराएगा। जांच इस प्वाइंट पर की जाएगी कि जो कचरे का पहाड़ बनाया गया है।

इसमें क्या आरडीएफ है या नहीं। इसकी जांच होगी। माना जा रहा है कि यूपी सरकार की ओर से इसकी जांच के लिए जल्दी ही टीम आएगी।



मिशन शक्ति अभियान को लेकर कमिश्नरेट गाजियाबाद की एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरो के विषय में भी जानकारी दी जा रही है।

# नोएडा के सीएनजी पंप पर मारपीट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



## वाहन में पहले गैस भरने को लेकर काटा बवाल

शहर में सीएनजी पंप पर मारपीट का मामला थम नहीं रहा हैं। सीएनजी वाहन चालक पहले गैस भरवाने के चक्कर में अक्सर पंप कर्मी या लाइन में लगे लोगों से भिड़ते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला सेक्टर-71 स्थित सीएनजी पंप से आया है। जहां मंगलवार की रात 11 बजे पहले गैस भरवाने को लेकर चालक ने बवाल काटा और पंप कर्मी के साथ मारपीट की। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाने में की है। बता दें, पिछले एक सप्ताह में यह दूसरा मामला है। जहां सीएनजी पंप पर पहले गैस भरवाने को लेकर मारपीट हुई है। सोशल मीडिया पर 44 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कार चालक सेल्समैन के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हुए दिख रहा है। नजदीक में खड़े लोग सेल्समैन को बचाते हुए नजर आ रहे है। इस घटना का वीडियो नजदीक में खड़े एक व्यक्ति ने कमरे में कैद कर वायरल कर दिया। इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर ने वीडियो को नोएडा पुलिस को टैग कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना कोतवाली फेज 3 की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट करने वाले युवक की पहचान अनुज के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात को शराब के नशे में उसने पहले सीएनजी डलवाने की जिद वहां मौजूद सेल्समैन से की। सेल्समैन ने उसे लाइन में लगने के लिए कहा। इस बात पर पंप कर्मी और अनुज के बीच कहासुनी हो गई और अनुज ने सेल्समैन को पीट दिया। अनुज को जेल भेज दिया गया है। नोएडा में करीब एक सप्ताह पहले सेक्टर-51 के सीएनजी पंप पर भी मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ था। यहां पर सीएनजी भरवाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। उनके बीच जमकर हाथापाई हुई।

# एमएमजी अस्पताल में हंगामा वसूली का लगाया आरोप

## मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी: सीएमएस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के एमएमजी हॉस्पिटल में नगर निगम के सफाईकर्मियों का मेडिकल करने के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। इसके खिलाफ अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने गुरुवार को हॉस्पिटल पहुंचकर हंगामा किया। सीएमएस का घेराव करके उन्हें समस्या बताई और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की।

सीएमएस ने भरोसा दिया कि इस मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मौके पर वो कर्मचारी मौजूद नहीं मिले, जिन पर अवैध वसूली का आरोप है। सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ईसीजी के 70 रुपए और मेडिकल रिपोर्ट बनाने के 100-100 रुपए लिए जा रहे हैं। सफाई कर्मचारी संघ के महानगर अध्यक्ष विकास धिंगान ने बताया बीते कई दिनों से अवैध वसूली की शिकायतें आ रही थीं। जिसके बाद विकास धींगान सहित महामंत्री गुलशन चढ़ा, वाहन चालक संघ के अध्यक्ष संजय चड्ढा गुरुवार को एमएमजी हॉस्पिटल पहुंचे। सभी पदाधिकारी अपने साथ उन कर्मचारियों को भी लेकर गए थे, जिनसे रुपए वसूले गए थे। सीएमएस ने कहा कि मेडिकल प्रक्रिया फ्री है। अगर कोई रुपयों की डिमांड करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर सियासत तेज

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे



राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आबकारी नीति मामले में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ बृहस्पतिवार को केंद्रीय दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया।

पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आप कार्यालय में एकत्र हुए और बैनर थामे प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सिंह की रिहाई की मांग की।

पुलिस के विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने उचित व्यवस्था की है और पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है। हम नहीं चाहते हैं कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बिगड़े।

वह लगातार आप के कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले आप के नेताओं में आतिशी, गोपाल राय, जरनैल सिंह, प्रियंका कक्कड़ और रीना गुप्ता शामिल हैं। राय ने आरोप लगाया है कि सिंह की गिरफ्तारी भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी चुनाव जीतने का एक प्रयास है क्योंकि उन्हें अपने गठबंधन पर भरोसा नहीं है। गोपाल राय ने विरोध प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया, भाजपा ने देशव्यापी सर्वेक्षण कराया है और उसे पता है कि हार निश्चित है। उसका राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में विश्वास नहीं है, और इसलिए वह ईडी द्वारा गिरफ्तारी कराकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है।

पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि उन्होंने संसद में अडानी समूह से संबंधित मुद्दे उठाए थे। सिंह को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के मामले में कथित तौर पर भ्रष्टाचार को लेकर बुधवार को गिरफ्तार किया गया था।

## केंद्र सरकार सांसद को चुप कराने की कर रही कोशिश : आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद भाजपा और आप में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। आम आदमी पार्टी ने बृहस्पतिवार को केंद्र पर उसके सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर उन्हें चुप कराने की कोशिश करने का आरोप लगाया और भारतीय जनता पार्टी को चुनौती दी कि अगर उनके पास सिंह के खिलाफ कोई भी सबूत हो तो उसे सार्वजनिक करें।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने दावा किया कि ईडी और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) के 500 से अधिक अधिकारियों ने पिछले 15 महीनों में आप नेताओं से जुड़े विभिन्न स्थानों पर छापे मारे, लेकिन उनके खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला। उन्होंने मनीष सिसोदिया के आवास, कार्यालयों और कई अन्य स्थानों पर छापे मारे लेकिन उन्हें एक पैसे के भी भ्रष्टाचार का साक्ष्य नहीं मिला और अब संजय सिंह को निशाना बनाया गया है। ईडी अधिकारियों ने संजय सिंह के आवास के चप्पे-चप्पे पर छापेमारी की लेकिन कुछ नहीं मिला। उन्होंने सिंह को गिरफ्तार कर लिया क्योंकि वह लगातार केंद्र के भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाते थे। आतिशी ने कहा कि अगर उनके नेता के खिलाफ कोई सबूत है तो केंद्र को इसे सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने दावा किया, वह भाजपा को चुनौती देती है कि अगर उनके पास संजय के खिलाफ कोई सबूत मिला है, तो उन्हें इसे सार्वजनिक करना चाहिए या उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए।

वे अपने अधिकारियों को ऐसी किसी भी जगह भेज सकते हैं जहां संजय सिंह गए थे और वह गारंटी दे सकती हूं कि उन्हें उनके खिलाफ कुछ भी नहीं मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र संजय सिंह को गिरफ्तार करके उन्हें चुप कराने की कोशिश कर रहा है। आतिशी ने कहा, हम सभी जानते हैं कि जब भी कोई सरकार के खिलाफ आवाज उठाएगा तो उसे चुप कराने की कोशिश की जाएगी। चूंकि सिंह को चुप नहीं करा सके, इसलिए उन्होंने हमारे नेता को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा को पता होना चाहिए कि आप उनकी गिरफ्तारी की धमकियों से डरने वाली नहीं है।

आप के राज्यसभा सदस्य, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के बाद अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति से संबंधित मामलों में गिरफ्तार होने वाले आम आदमी पार्टी (आप) के दूसरे हाई प्रोफाइल नेता बन गए हैं। सिंह (51) की गिरफ्तारी से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान बढ़ गई है। आप के एक अन्य नेता गोपाल राय ने प्रेस वार्ता में कहा, हम संजय सिंह के आवास पर गए थे और उनके परिवार ने हमें बताया कि ईडी को उनके खिलाफ कुछ भी नहीं मिला, फिर भी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

शाम तक ईडी इस जांच प्रक्रिया का हिस्सा बताती रही, लेकिन अचानक उच्च अधिकारियों से उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। राय ने भी आरोप लगाया कि भाजपा सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी के खिलाफ बोलने की हिम्मत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए केंद्र ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। अगर केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं को भी गिरफ्तार कर ले तब भी हम नहीं झुकेंगे।

## भाजपा ने राजघाट पर किया बापू को नमन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के नेताओं, सांसदों और विधायकों ने आम आदमी पार्टी की सरकार से लोगों की मुक्ति के लिए बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर प्रार्थना सभा की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल सरकार से लोगों की मुक्ति के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल दिल्ली में कथित शराब घोटाले के सरगना हैं। सचदेवा ने कहा, गांधी जी कहते थे कि शराब शरीर और आत्मा का नाश करती है, लेकिन केजरीवाल ने आत्मा के नाश के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के चरित्र का भी नाश किया है। जनता अब जान गई है कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के असली सूत्रधार हैं। आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की बुधवार को गिरफ्तारी के बाद से भाजपा केजरीवाल सरकार पर हमलावर है। प्रार्थना सभा के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की पूरी पार्टी भ्रष्टाचार के नींव पर टिकी है और अब इस इमारत के पिलर एक एक कर गिरने शुरू हो चुके हैं।

शराब घोटाले में बहुत जल्द ही अरविन्द केजरीवाल भी जांच के घेरे में होंगे। केजरीवाल अब भ्रष्टाचार के पर्याय बन चुके हैं, शीघ्र उनकी सरकार का पतन निश्चित है। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि केजरीवाल ने जिसको भी अपना आदर्श माना उसके साथ छलावा किया है। चाहे वह अन्ना हजारे हो या फिर महात्मा गांधी। उन्होंने अन्ना हजारे के सहारे भ्रष्टाचार मुक्त भारत आंदोलन चलाया और फिर उन्हें धोखा देकर एक ऐसी पार्टी बनाई जिसने सिर्फ भ्रष्टाचार किया। इसके अलावा महात्मा गांधी हमेशा ही शराब के खिलाफ थे लेकिन केजरीवाल ने शराब नगरी बना दिया। बाँसुरी स्वराज ने कहा है की जनता केजरीवाल से पूरी तरह निराश हो चुकी है और यदि केजरीवाल आज चुनाव में जायें तो उन्हें आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

# विंटर एक्शन प्लानः सरकार का एंटी डस्ट अभियान कल से

- मुहिम के तहत सीएंडडी पोर्टल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक निर्माण साइट्स को खुद पंजीकरण करना अनिवार्य : राय
- निगरानी के लिए 13 विभागों की 591 टीमें की गई तैनात : मंत्री



### एंटी स्मॉग गन, एमआरएस व वॉटर स्प्रिंकलर की तैनाती

*मंत्री ने कहा कि डस्ट प्रदूषण को रोकने के लिए 82 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों, 530 वॉटर स्प्रिंकलर और 258 मोबाइल एंटी स्मॉग गन तैनाती की जा रही है। धूल प्रदूषण को लेकर अब नए नियम के आधार पर 5 हजार वर्गमीटर से लेकर उससे अधिक के एरिया के निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।*

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सर्दियों में दिल्ली की आबोहवा दुरुस्त रखने के मकसद से विंटर एक्शन प्लान के तहत सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट अभियान चलेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इस मुहिम के तहत पूरी दिल्ली में निगरानी के लिए 13 विभागों की 591 टीमें तैनात की गई हैं। सीएंडडी पोर्टल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक वाले सभी निर्माण साइट्स को खुद पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है।

सभी विभागों को सीएंडडी साइट्स का निरीक्षण करने और निर्माण साइटों पर निर्माण संबंधी जारी 14 दिशा निर्देशों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। धूल प्रदूषण को रोकने के लिए 82 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों, 530 वॉटर स्प्रिंकलर और 258 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन तैनात की जा रही हैं।

धूल विरोधी अभियान को लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक की। इसके बाद राय ने बताया कि उनकी सरकार द्वारा उठाए गए सख्त कदमों की वजह से वायु प्रदूषण में लगातार सुधार हो रहा है।

पिछले 8 सालों में प्रदूषण के स्तर में 30 फीसद की कमी आई है। सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 29 सितंबर को सीएम केजरीवाल द्वारा 15 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत आप सरकार 7 अक्टूबर से अगले एक महीने के लिए एंटी डस्ट कैंपेन शुरू कर रही है। ज्ञात हो हर सर्दी शुरू होती है राजधानी को धुंध घेर लेती है। इस दौरान प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है और लोगों को परेशानी होती है।

### धूल प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक

पर्यावरण मंत्री के अनुसार निर्माण स्थल से पैदा होने वाला धूल प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक साबित होता है। इसी दिशा में कार्य करने के लिए कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन पोर्टल को लांच किया गया था। इस पोर्टल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक सभी साइट्स का सेल्फ रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। इस अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सक्रिय सीएंडडी साइटें पोर्टल पर पंजीकृत हो जाएं और डीपीसीसी द्वारा पोर्टल पर रजिस्टर्ड सभी पंजीकृत साइट्स की सेल्फ अस्सेस्मेंट रिपोर्ट की समीक्षा का कार्य किया जाएगा।

## सुबह की ठंडक के साथ धुंध ने भी दी दस्तक

- दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

मौसम विभाग के मुताबिक शहर का अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। विभाग ने अगले तीन दिनों तक सुबह के समय शहर में धुंध छाए रहने का अनुमान व्यक्त किया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बृहस्पतिवार को पिछले चौबीस घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 177 दर्ज किया गया। शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा , 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब , 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 44 प्रतिशत थी।

## फर्जी दस्तावेज मामले में उपराज्यपाल ने सात शिक्षकों को किया बर्खास्त

- आरोपियों के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कथित फर्जी दस्तावेजों पर 2022 में दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिएशन में नियुक्त सात प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) और स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) शिक्षकों को बर्खास्त करने का आदेश दिया है।

सतर्कता निदेशालय (डीओवी) की सिफारिशों के बाद उपराज्यपाल ने उनकी नियुक्तियों की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की भी मंजूदी दे दी है। डीओवी ने पाया कि ये नियुक्तियां शिक्षा निदेशालय और स्कूल प्रबंधन के अधिकारियों की मिलीभगत से की गईं। बयान में कहा गया कि सक्सेना ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में भर्ती के रिकॉर्ड की जांच करने और इन स्कूलों में नियुक्ति प्रक्रिया का अध्ययन करने के लिए एक समिति गठित करने के लिए भी कहा है।

बयान में कहा गया कि एलजी ने यह कार्रवाई दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय की सिफारिश पर आई है, जिसमें उक्त नियुक्तियों में शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन के बीच कथित मिलीभगत पाया गया। शिक्षा विभाग और संबंधित स्कूल प्रबंधन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी है।

इसमें कहा गया है कि सात टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों को बर्खास्त करते हुए, एलजी ने कथित तौर पर जाली दस्तावेजों के इस्तेमाल के जरिए दिल्ली सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूल में उनकी नियुक्ति की सीबीआई जांच के लिए सतर्कता विभाग की सिफारिश को मंजूरी दे दी। एलजी डीओवी के प्रस्ताव से सहमत हुए, जिसमें प्रथम दृष्टया शिक्षा निदेशालय और दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिएशन के अधिकारियों के बीच मिलीभगत पाई गई, जहां वर्ष 2022 में विभिन्न पदों पर 51 उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया था। टीजीटी और पीजीटी पदों के लिए 7 चयनित शिक्षकों फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र जमा किए थे।



निगम के सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मेयर शैली ने 390 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

### आबकारी नीति में ईडी और सीबीआई से पूछा

## मनीष सिसोदिया के खिलाफ धनशोधन का केस कैसे बनाः सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के बारे में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय से कई सवाल पूछे और धनशोधन रोधी एजेंसी से बताने को कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ मामला कैसे बनाया गया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि महज इसलिए कि कुछ लॉबी या दबाव समूहों ने एक निश्चित नीति परिवर्तन की मांग की थी, इसका मतलब यह नहीं है कि भ्रष्टाचार या अपराध हुआ था जब तक कि रिश्वतखोरी का कोई तत्व शामिल न हो। पीठ ने ईडी से यह भी पूछा कि सिसौदिया पर धनशोधन के अपराध के लिए कैसे मामला दर्ज किया जा सकता है, जबकि अपराध की कथित आय से उनके संबंध का कोई सबूत नहीं है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की एक पीठ ने भ्रष्टाचार और धनशोधन मामलों में सिसोदिया की कथित संलिप्तता पर दोनों संघीय एजेंसियों से सवाल पूछे और टिप्पणी की कि वे मामले निचली अदालत के सामने दो सवाल नहीं झेल पाएंगे।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी दोनों की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू को पीठ ने बताया, हम समझते हैं कि नीति में बदलाव हुआ है और हर कोई उन नीतियों का समर्थन करेगा जो व्यवसाय के लिए अच्छी हैं।

दबाव समूह हमेशा रहते हैं लेकिन पैसों पर विचार किए बिना नीति में बदलाव से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यह पैसे का हिस्सा है जो इसे अपराध बनाता है। अगर हम इस हद तक कहें कि कोई दबाव समूह नहीं हो सकता, कोई सरकार काम नहीं कर सकती...लॉबिंग हमेशा रहेगी। निस्संदेह, रिश्वत स्वीकार नहीं की जा सकती। राजू ने कहा कि नीति इस तरह से बनाई गई है कि थोक विक्रेताओं को फायदा हो और शराब कारोबार में उनके मुनाफे की हिस्सेदारी बढ़े। उन्होंने आरोप लगाया, पुरानी नीति के तहत, आपको रिश्वत प्राप्त करने का कोई तरीका नहीं था और इसलिए, नीति में बदलाव की आवश्यकता पैदा हुई। उन्होंने कहा कि पुरानी आबकारी नीति के तहत थोक विक्रेताओं के लिए पांच फीसदी मुनाफा तय था, जबकि नई के तहत इसे बढ़ाकर 12 फीसदी कर दिया गया है। पीठ ने कहा कि सिसौदिया के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार के मामले में अधिकांश आरोप अफवाह थे, जो सरकारी गवाह द्वारा दिए गए बयानों पर आधारित थे और बिना किसी ठोस सामग्री के निचली अदालत के समक्ष जांच में पारित नहीं होंगे।

# दिल्ली मेट्रो की सभी लाईनों पर अब वॉट्सऐप पर मिलेगा टिकट

## इसका मकसद यूपीआई, क्रेडिट, डेबिट कार्ड सहित विभिन्न डिजिटल माध्यम से टिकट खरीद की सुविधा उपलब्ध कराना : डीएमआरसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



डीएमआरसी को सभी मेट्रो यात्रियों के लिए टिकट खरीदने की प्रक्रिय को आसान बनाने की एक और पहल की है। इसके तहत मेट्रो की सभी लाइनों पर अब वट्सऐप से टिकट खरीद सकेंगे। इसका मकसद यूपीआई, क्रेडिट, डेबिट कार्ड सहित विभिन्न डिजिटल के माध्यम से टिकट खरीदने की सुविधा उपलब्ध कराना है। ताकि यात्रियों को बिना परेशानी टिकट उपलब्ध हो सके।

हाल के दिनों में डीएमआरसी ने मोबाईल ऐप, टिकट वेंडिंग मशीन, टिकट विंडो, व्हाट्सएप (एयरपोर्ट लाइन पर) और पेटीएम, फोन-पे (एयरपोर्ट लाइन पर) के माध्यम से क्यूआर टिकेटिंग जैसी कई पहल शुरू की हैं, जो सभी डिजिटल भुगतान के लिए लोकप्रिय तरीके हैं। इसी कड़ी में, डीएमआरसी ने बृहस्पतिवार को व्हाट्सएप-आधारित टिकेटिंग प्रणाली के विस्तार की घोषणा की। इस वर्ष मई में एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर सफल लॉन्च के बाद, डीएमआरसी ने अब मेटा और उनके अधिकृत भागीदार पेलोकल फिनटेक प्रा.लि. के सहयोग से गुरुग्राम रैपिड मेट्रो सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सभी लाइनों को कवर करने के लिए इस अत्याधुनिक सेवा का विस्तार किया है। इस वर्ष मई माह में एयरपोर्ट लाइन पर इस सेवा की शुरुआत के बाद से यात्री इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

**व्हाट्सएप नंबर 919650855800 पर 'Hi' संदेश भेज सकते है**

यात्री अब व्हाट्सएप नंबर 91 9650855800 पर 'Hi' टेक्स्ट के साथ एक संदेश भेज सकते हैं या अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके पूरे नेटवर्क पर आसानी से मेट्रो टिकट खरीदने के लिए दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। यह उपयोगकर्ता अनूकूल व्हाट्सएप चैट्बॉट् अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में उपलब्ध है , जो बड़ी संख्या में मेट्रो यात्रियों को सेवा प्रदान करता है। यह सेवा अब गुरुग्राम रैपिड मेट्रो कॉरिडोर सहित सभी स्टेशनों को कवर करते हुए पूरे डीएमआरसी नेटवर्क तक अपनी पहुँच बढ़ा रही है।

### यात्री अब घर बैठे खरीद सकते हैं टिकट

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ . विकास कुमार ने कहा, मेट्रो यात्रियों को एक साधारण चैट के माध्यम से मेट्रो टिकट खरीदने का विकल्प प्रदान करने से उनके यात्रा अनुभव में काफी वृद्धि होगी। अधिकांश लोगों के लिए व्हाट्सएप पसंदीदा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है और अब मेट्रो टिकट खरीदना किसी मित्र या पारिवारिक सदस्य को मैसेज करने जितना आसान होगा। उन्हें भरोसा है की यह एकीकरण यात्रा के पसंदीदा साधन के रूप में मेट्रो को चुनने के लिए यात्रियों को प्रोत्साहित करेगा।

### व्हाट्सएप टिकटिंग सेवा की मुख्य विशेषताएँ

एक उपयोगकर्ता द्वारा एक बार में अधिकतम 6 क्यूआर टिकट जनेरेट किए जा सकते हैं। सभी लाइनों के लिए प्रात: 6 बजे से रात 9 बजे के बीच और एयरपोर्ट लाइन (ऑरेंज लाइन) के दिए प्रात: 4 बजे से रात 11 बजे तक टिकट बुक किए जा सकते हैं। व्हाट्सएप टिकटिंग में टिकट रद्द करने की अनुमति नहीं है। क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से किए गए लेनदेन पर मामूली सुविधा शुल्क लागू होगा, जबकि यूपीआई आधारित लेनदेन के लिए कोई सुविधा शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# गुरुग्राम पहुंची पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली की पत्नी सामिया आरजू व बेटी हेलेना

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### वर्ल्ड कप-2023 में भाग लेने पहुंची है पाकिस्तान की टीम

### नूंह जिला के चंदेनी गांव की रहने वाली हैं हसन अली की पत्नी आरजू

**पाकिस्तानी** तेज गेंदबाज हसन अली की पत्नी एवं -एयर अमीरात में फ्लाइट इंजीनियर हैं सामिया आरजू अपनी बेटी के साथ गुरुग्राम पहुंची हैं। क्रिकेट वर्ल्ड-2023 का अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होगी। इसमें खेलने के लिए हसन अली पाकिस्तानी टीम के साथ भारत पहुंचे हैं। उन्हीं के साथ उनकी पत्नी व बेटी भी भारत आई हैं। सामिया आरजू व उनकी बेटी हेलेना हसन अली का मेवात के गांव चंदेनी में बेसब्री से इंतजार हो रहा है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि वे अपनी गांव जाएंगी या नहीं।

सामिया आरजू की पाकिस्तानी क्रिकेटर से शादी हुए चार साल बीत चुके हैं। उनकी दो साल की बेटी हेलेना हसन अली भी है। चार साल बाद भारत लौटीं सामिया आरजू फिलहाल तो गुरुग्राम में अपने माता-पिता, भाई व बहन के पास फ्लैट में हैं। परिवार वालों को सामिया आरजू के लौटने का बेसब्री से इंतजार था। उनके पैतृक गांव नूंह जिला के चंदेनी गांव में तो लोग सामिया आरजू के गांव में आने के इंतजार में हैं। उनके पिता लियाकत अली ने कहा कि सामिया से काफी समय बाद परिवार मिल रहा है। सभी खुश हैं। बेटी के साथ उनकी


भारत पहुंचे पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली अपनी पत्नी सामिया आरजू व बेटी हेलेना हसन अली के साथ।

दो साल की बेटी के साथ परिवार खुशियां मना रहा है। आरजू के भाई अकबर अली चंदेनी के मुताबिक सामिया को उनके पिता घर लेकर आए हैं। अकबर अली ने यह भी जानकारी सांझा की कि उनके जीजा हसन अली अभी वर्ल्ड कप में खेलेंगे। वर्ल्ड कप मैच खत्म होने के बाद वे परिवार से मिलने आएंगे। अकबर अली ने यह भी कहा कि सामिया पैतृक गांव में भी जा सकती है। सामिया आरजू ने पाकिस्तान क्रिकेटर हसन अली के साथ दुबई के एटलांटिस पाम जुबेरा पार्क होटल में 20 अगस्त 2019 को निकाह किया था। नूंह व गुरुग्राम से उनका सारा परिवार दुबई गया था। शादी के बाद से वे भारत नहीं आ पाई हैं।

**गुरुग्राम में बीडीपीओ रहे हैं सामिया आरजू के पिता :** नूंह की जिस बेटी ने पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली से निकाह किया है, उनके पिता गुरुग्राम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) रह चुके हैं। उनका बाकी का परिवार पैतृक गांव चंदेनी में ही रहता है। सामिया आरजू फरीदाबाद स्थित मानव रचना विश्वविद्यालय से बीटेक इन एरोनॉटिकल है। उनके भाई ने बताया कि उनकी पहली जॉब जेट एयरवेज में लगी थी। इसके बाद उसने एयर अमीरात में इंजीनियर के पद पर नियुक्ति पाई।

**सामिया के परिवार का पाकिस्तान से हैं गहरा नाता :** सामिया आरजू की पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली से शादी ही नया रिश्ता नहीं है, बल्कि उनके परिवार का पाकिस्तान से बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है। बंटवारे के समय पाकिस्तान में पूर्व सांसद व पाकिस्तान रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सरदार तुफैल उर्फ खान बहादुर व सामिया के पड़दादा सगे भाई थे। उनका दूसरा परिवार पाकिस्तान के कसूर जिला के कच्ची कोठी नइयाकी में रह रहा है। उसी परिवार के माध्यम से ही सामिया आरजू का रिश्ता पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली के साथ हुआ था।

# विधायक जनसमस्याओं को लेकर क्षेत्र के प्रमुख लोगों के साथ निगमायुक्त से मिले

### विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान को लेकर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के संदर्भ में वहां के मौजिज व्यक्तियों को साथ लेकर नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा से मुलाकात की।

इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने सभी सदस्यों की ओर से दी गई जानकारियों को निगमायुक्त पीसी मीणा से सांझा किया। लिखित और मौखिक रूप से उन्हें विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए निगमायुक्त से कहा।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम के अधिकार क्षेत्र में लोगों की समस्याएं उनके पास आ रही हैं। लोग व्यक्तिगत मुलाकात करके उन्हें समस्याओं से अवगत करवा रहे हैं। उन्होंने निगमायुक्त से कहा


लोगों के साथ निगमायुक्त से मिलते विधायक सुधीर सिंगला।

कि जिस भी क्षेत्र की जो भी समस्या हो, उन्हें एक निश्चित समयावधि में दूर किया जाए, ताकि लोगों की परेशानी खत्म हो। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जनसुविधाओं के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही। अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे आमजन के हितों का विशेष ख्याल रखें। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में टूटी सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लेकर आएं।

जिन सड़कों पर पैच वर्क होना है, उसे भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इनमें सामग्री की गुणवत्ता पर भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम शहर हरियाणा का प्रमुख शहर है। यहां पर सुविधाओं को लेकर जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। विधायक के साथ मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, कपिल दुआ, सुरेंद्र संगवान, योगेन्द्र सारवण, रवींदर त्यागी, महेश यादव, आरपी सिंह मौजूद रहे।

# 90 साल के इलम चंद इंसा ने दो प्रतियोगिताओं ने जीते 7 स्वर्ण पदक

### नेपाल में हुई इंटरनेशनल चैंपियनशिप में हासिल किए पांच स्वर्ण पदक

प्रवीन शर्मा। सिरसा

**वयोवृद्ध** योग खिलाड़ी व कोच इलम चंद इन्सां की उम्र 90 साल है। आज भी खेल के प्रति जुनून, जोश और मेडलों की भूख उनमें नौजवानों वाली ही है। हर बीतती उम्र के साथ उनके खेल में निखार आता जा रहा है। शाह सतनाम जी नगर में रहने वाले 90 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय योग खिलाड़ी व वयोवृद्ध एथलीट इलम चंद इन्सां ने एक बार फिर बढ़ती उम्र को धत्ता बताते हुए मेडल जीते हैं।

नेपाल में आयोजित हुए नेपाल इंटरनेशनल गेम्स चैंपियनशिप-2023 में योग व एथलीट इवेंट में एक साथ 5 स्वर्ण पदक जीतकर सबको हैरान कर दिया है। इसके अलावा पलवल में आयोजित हुए नेशनल योगासन स्पोर्ट्स कप 2023-24 में अपने खेल का जलवा बरकरार रखते हुए 2 स्वर्ण पदक हासिल किए है। नेपाल में उन्हें ट्रॉफी, 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार व शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया है। इलम चंद इन्सां ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां को देते हुए बताया कि उसका जीवन सदा इतना खुशनुमा नहीं था।


मेडल के साथ इलम चंद इंसा।

1996 में एक वक्त ऐसा भी आया जब शुगर सहित अन्य बीमारियों ने उन्हें पूरी तरह जकड़ लिया था तथा वह मरने की स्टेज पर पहुंच गया था।

इलम चंद इन्सा आगे बताते है कि उस दौर में वह डेरा सच्चा सौदा में आया और पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां से मिला और गुरु मंत्र प्राप्त किया। पूज्य गुरु जी ने मुझे उस भयावह दौर से बाहर निकाला और मेरे अंदर के आत्मविश्वास को जगाया तथा मुझे योग करने के लिए प्रेरित किया। उसके पश्चात मैंने कभी पिछे मुड़कर नहीं देखा और आज पूज्य गुरु जी की प्रेरणा से 700 के करीब मेडल जीत चुका हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### मांगों को लेकर आशाओं ने निकाला कैंडल मार्च


सोहना में आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर कैंडल मार्च निकालते हुए।

**सोहना।** आशा वर्करों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौराना आशाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगे न मानने का विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार की रात 8 बजे आशा वर्कर्स शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर एकजुट हुई। आशा वर्करों ने अपने हाथों में जलती हुई कैंडल लेकर रैली निकाली। इस दौरान आशाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आपना रोष प्रकट करते हुए नारेबाजी की। मांगें पूरी न होने तक प्रदेश सरकार के खिलाफरोष प्रकट करने का ऐलान भी किया। कैंडल मार्च को शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से पुरानी तहसील परिसर, नगर परिषद कार्यालय, खेल चौक, पुराना लेबर चौक, बस स्टैंड मार्ग, हनुमान बगीची और मंडी परिसर में से होते हुए वापस भगत सिंह चौक पर पहुंची। इस अवसर पर आशा बाला ने बताया कि प्रदेश सरकार आशाओं से पक्के कर्मचारी से भी ज्यादा काम लेती है। सरकार की योजाओं को एक-एक जन तक पहुंचाना और उन्हे लाभ दिलाने का काम करती है। जिससे स्वास्थ्य विभाग से लेकर राजय सरकार की योजनाएं आज सफल हो रही है। इसके बावजूद आशाओं को मजदूर से भी कम मेहन्ताना दिया जाता है। आशा सुदेश का कहना है कि आशाएं अपनी मांगों को लेकर राज्य के प्रत्येक जिला से एकजुट होकर चण्डीगढ़ तक पैदल मार्च करने की योजना बना रही है। जिससे प्रदेश मुख्यमंत्री के निवास पर अपने मांगों को पूर्ण कराने के लिए धरना प्रदर्शन किया जाए।

### विवाहिता ने पति पर कराया जान लेवा हमला, मामला दर्ज

**सोहना।** सदर थाना पुलिस सोहना ने विवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ मामला दर्ज किया। विवाहिता ने पति पर जान शीशे की बोतल को तोड़कर धारदार बनाते हुए जान लेवा हमला करने का आरोप लगाया है। विवाहिता ने पति को शादी के बाद से ही शराब पीकर मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। खंड का गांव टैंठड़ निवासी विवाहिता गीता ने सदर थाना पुलिस सोहना को पति प्रमोद के खिलाफशिकायत दी है। गीता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी प्रमोद से 20 जून 2020 को हुई थी। उसका पति शादी के बाद से ही रोजाना शराब पीकर घर में आता है। उसे शराब पीने के बाद रोजना मारता है। उसके पिता की मौत उसकी शादी से पहले ही हो गई थी। वह पति प्रमोद द्वारा की जाने वाली मारपीट की शिकायत अपनी मां व भाइयों को बताकर परेशानी में डालना नहीं चाहती थी। लेकिन अधिक परेशान करने पर उसने शिकायत की थी। उसके मायके से कुछ लोग ससुराल आए और प्रमोद को समझाया। प्रमोद ने सबके सामने फिर से ऐसी गलती न करने का विश्वास दिया था। लेकिन 26 सितम्बर को पति प्रमोद ने उसे जाने से मार देने का प्रयास किया। प्रमोद शराब पीकर आया और अपने हाथ में शराब की खाली बोतल भी लेकर आया। उसे पहले कमरे में बंद किया। शीशे की बोतल को आधा जमीन पर माकते हुए तोड़ कर नकुली और तेज धार वाली बनाया। फिर प्रमोद ने उसकी गर्दन पर वार करके उसे खत्म करना चाहा। वह प्रमोद द्वारा किया गया हमले से पीछे हो गई। लेकिन फिर भी टूटी हुई बोतल की नोक ने उसकी गर्दन को छूते हुए खून निकाल दिया। यदि वह पीछे नही हटती तो उसकी गर्दन को कट जाती। उसने सुबह होने पर अपनी मां, बहन और जीजा को फोन किए। उसकी बहन व जीजा ने आकर उसे बंद कमरे से बाहर निकाला।

### गुरुग्रामः महिला नशा तस्कर 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फरीदाबाद यूनिट ने गुरुग्राम के बादशाहपुर से एक महिला नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 848 ग्राम गांजा बरामद किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट फरीदाबाद ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए नशा तस्कर को झुग्गी गांव फाजिलपुर ढाणी गुरुग्राम से 848 ग्राम गांजा पकड़ने में हासिल की है। उप-पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार वशिष्ठ हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गुरुग्राम एवं युनिट फरीदाबाद प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह के मुताबिक सहायक सब-इंस्पेक्टर बिजेंद्र के नेतृत्व में एचएनसीबी युनिट फरीदाबाद को सुचना मिली कि नारायणी पत्नी रफ्तार निवासी झुग्गी गांव फाजिलपुर ढाणी गुरुग्राम में गांजा की सप्लाई करने आएगी। यह नशे की तस्करी में संलिप्त है। सूचना के तुरंत बाद टीम मौके पर पहुंची और महिला नशा तस्कर को गांजा के साथ काबू किया। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट अख्तर हुसैन नायब तहसीलदार बादशाहपुर की मौजूदगी में तलाशी ली गई। उसके पास से प्लास्टिक की थैली से 848 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बादशाहपुर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। फरीदाबाद यूनिट इंचार्ज ने बताया कि महिला आरोपी के अलावा जिसकी भी इस केस में संलिप्तता मिलेगी, उनको भी काबू किया जाएगा। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट फरीदाबाद के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने बताया कि हरियाणा में नशे का व्यापार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई देता है तो बेफिक्र होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सूचना दें।


नशा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार महिला।

# नैक एवं एनआईआरएफ के उत्कृष्ट ग्रेडिंग के लिए विश्वविद्यालयों में तालमेल जरूरी: प्रो. केसी शर्मा

### गुरुग्राम विवि में हुई कार्यशाला में बताईं जानकारीपूर्ण बातें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय में प्रदेश के समस्त सरकारी राज्य विश्वविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग, एनआईआरएफ एवं वर्ल्ड रैंकिंग में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। चार सत्रों में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में हरियाणा के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, वरिष्ठ प्रोफेसर्स, आईक्यूएसी निदेशकों, कालेजों के प्राचार्यों ने भाग लिया। कार्यशाला हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् एवं गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गयी।

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के वाईस चेयरपर्सन प्रो. केसी शर्मा ने वर्कशॉप की अध्यक्षता की। अध्यक्ष एनबीए, ईसी, नैक, एनईटीएफ के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कर्नाटक राज्य ग्रामीण विकास और पंचायत राज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विष्णुकांत एस चटपल्ली


गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में बोलते वक्ता।

विशिष्ठ अतिथि रहे। कार्यशाला में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के वाईस चेयरपर्सन प्रो. केसी शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में सभी को जानकारी दी और नैक और एनआईआरएफ के ग्रेडिंग के लिए विश्वविद्यालयों में आपसी तालमेल, सांझेदारी, शैक्षणिक भागीदारी अपनी उत्कृष्ट सुविधाओं को सांझा करने, शोध नवाचारों को अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के अनुरूप करने पर बल दिया। उन्होंने रैंकिंग के लिए दाखिल किए जाने वाले डेटा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, रैंकिंग परसेप्शन के महत्व, पैरामीटर्स के आधार पर वैरिफिकेशन, डेटा प्रस्तुतिकरण, वैल्यूशन की प्रक्रिया, डेटा दाखिल करने में होने वाली त्रुटियां, भ्रामक उल्लेखों के नकारात्मक असर जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. सहस्त्रबुद्धे ने परसेप्शन सुधार के लिए आउटपुट पर ध्यान देने के लिए कहा।

# अदालत ने मोनू हत्याकांड के मुख्य आरोपी को भेजा जेल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अदालत** ने खेड़ला निवासी मोनू हत्याकांड के मुख्य हत्यारोपी को एक दिन की रिमांड के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस ने पूछताछ के दौरान हत्यारोपी से एक लोहे का सरिया बरामद किया है। पुलिस मामले में संलिप्त अन्य नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए जुट गई है।

सोहना सदर थाना पुलिस ने खेड़ला निवासी मोनू उर्फ मुनेश हत्याकांड में मुख्य आरोपी भारत उर्फ भानू प्रताप को एक दिन के पुलिस रिमांड बाद गुरुवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने भानू उर्फभारत को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले की जांच कर रहे एसआई रामबीर ने बताया कि पूछताछ के दौरान भानू से एक लोहे


सोहना सदर थाना पुलिस खेड़ला निवासी मोनू हत्याकांड के मुख्य आरोप भानू को अदालत में पेश करने के लिए लेकर जाते हुए।

की सरिया बरामद की है। जिससे भानू ने मोनू के ऊपर जान लेवा तावड़ तोड़ हमले किए थे। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में संलिप्त छह अन्य नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से छापामारने ने शुरु कर दिए है। ताकि अन्य आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। जान सूत्रों के अनुसार अन्य हत्यारोपी की तलाश में पुलिस उत्तर प्रदेश, जिला भिवानी और दिल्ली के कुछ ऐसे स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। जहा पर आरोपियों के छूपे होने की आशंका को लेकर जल्द ही छापे मारे जाएंगे।

**क्या था मामला :** सोमवार को खंड के गांव खेड़ला में पुरानी रंजिश में मोनू व भानू के बीच हाथापाई हो गई थी। जिसका गांव के कुछ लोगों ने बीच बचाव करा दिया था। लेकिन करीब 10 मीनट के बाद दोनों में फिर से झगड़ा हो गया। इस दौरान लाठी, डंडा, सरिया और लोहे की रॉढ़ चलने से मोनू को लगी गंभीर चोटों के कारण अपनी जान से हाथ धौना पड़ गया। सदर थाना पुलिस ने मोनू के भाई रमेश की शिकायत पर 7 नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया था।

# फ्लेयर के ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह कैम्पेन बस फ्लेयर और कुछ नहीं के साथ आ रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में पेन सेगमेंट की सबसे बड़ी कंपनी फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (FWIL) को करिश्माई और दिलों में बस जाने वाले बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह के साथ अपने नवीनतम ब्रांड कैम्पेन, बस फ्लेयर और कुछ नहीं को पेश करने पर गर्व हो रहा है। इस क्रिएटिव और दिल को छू लेने वाले कैम्पेन को आपको समय की यात्रा पर ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो लिखने से जुड़ी गर्मजोशी और पुरानी यादों को फिर से जगाता है।

तेज गति से भाग रहे डिजिटल युग में, जहां प्रौद्योगिकी अक्सर केंद्र में रहती है, फ़्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मानना है कि कागज पर कलम से लिखने का हमेशा जिंदा रहने वाला आकर्षण है। ब्रांड ने एक और विज्ञापन लिख के दूं क्या को भी लॉन्च किया है, जो फ़्लेयर राइटोमीटर की अनूठी विशेषता पर




प्रकाश डालता है। इस विज्ञापन में रणवीर सिंह को उनके सिग्नेचर बेहद जोश-भरे स्टाइल में दिखाते हुए लंबी अवधि के लिए लिखने की क्षमता पर जोर दिया गया है।

ब्रांड फ्लेयर राइटोमीटर 10,000 मीटर तक लिख सकता है। फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मोहित राठौड़ ने कहा, इन विज्ञापनों के माध्यम से, एफडब्ल्यूआइएल लोगों को हाथ से लिखे शब्दों की भावनात्मक शक्ति की याद दिलाने के मिशन पर है। यह कैम्पेन हाथ से लिखने से जुड़ी यादों को जगाएगा, स्कूल में आदान-प्रदान किए गए प्रेम पत्रों से लेकर परिवार की छुट्टियों के पोस्टकार्ड तक, आपको दूसरे समय में ले जाने के लिए, प्यारी यादों को वापस लाने के लिए, और आपके आपके भीतर के कहानीकार से जुड़ने से जुड़ी यादगार यादों को ताजा करेगा। बस फ्लेयर और कुछ नहीं कलम से लिखने के समृद्ध इतिहास और उनके व्यक्तिगत आख्यानों का जश्न है।

दशकों से, एफडब्ल्यूआइएल के ब्रांडों ने नए-नवेले तरीकों और डिज़ाइन पर जोर देने कर बाजार में अपना भरोसा बनाया है, जिसने ब्रांड मान्यता और ग्राहक वफादारी को आगे बढ़ाया है। बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह ने कहा, फ्लेयर राइटिंग इंड्स्ट्रीज लिमिटेड पुरानी यादों का एक जश्न मना रहा है। इसकी जबर्दस्त भावना सभी पीढ़ियों के व्यक्तियों को कलम का उपयोग करने के सरल आनंद के साथ फिर से जुड़ने के लिए आमंत्रित कर रही है।

# सांझी उत्सव के लिए 10 अक्टूबर तक पंजीकरण कराएं: बिजेंद्र कुमार

**गुरुग्राम।** आगामी 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक रोहतक स्थित एंडी स्टूडियो में सांझी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य की महिला कलाकार भाग ले सकेंगी। विजेता महिला कलाकारों को प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपये द्वितीय पुरस्कार 31,000 तथा तृतीय पुरस्कार 21,000 रुपयेऔर 11000-11000 हजार रुपए के दो सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

डीआईपीआरओ बिजेंद्र ने बताया कि इस नौ दिवसीय उत्सव में सांझी के गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। सांझी हरियाणा की लोक पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो महिलाओं द्वारा नवरात्रों के दौरान दीवारों पर बनाई जाती हैं। वर्तमान में यह कला गांव से लुप्त होती जा रही है। इस कला को जीवित रखने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से प्रतिवर्ष हर साल


डीपीआरओ बिजेंद्र कुमार।

सांझी उत्सव तथा प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है, जिसमें महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती हैं। डीआईपीआरओ ने बताया कि सांझी प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2023 है। पंजीकरण कराने के लिए मोबाइल नंबर 8847246522, 9812069014, 7888487901 पर व्हाट्सएप तथा ई-मेल पर नाम, पता, आयु, फोन नंबर तथा आधार कार्ड की प्रति भेज कर आवेदन किए जा सकते हैं।

# क्लाइमेटराइज अलायंस की पुस्तिका में सामने आई जलवायु परिवर्तन से निपटने में सिविल सोसायटी की अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जलवायु** परिवर्तन के कारण सर्वाधिक प्रभावित समुदायों का हित साधने की दिशा में भारत के प्रयासों को गति देने के लिए गठित क्लाइमेटराइज अलायंस ने इस संबंध में अपनी पुस्तिका का अनावरण किया है। 'इंटरवुवेन फ्यूचर्स' हाउ सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशंस कैन एक्सिलरेट इंडियाज जर्नी टुवार्ड्स क्लाइमेट रेजिलिएंस शीर्षक से इस पुस्तिका का अनावरण न्यूयॉर्क के दसरा फिलान्थ्रोपी फोरम में किया गया। इसमें पूरे भारत से 15 ऐसी केस स्टडी को चुना गया है, जिनसे पता चलता है कि कैसे सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन (सीएसओ) के प्रयास जलवायु परिवर्तन की जटिलताओं का सामना करने में मददगार हो सकते हैं।

पुस्तिका में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) पर इनके प्रभाव को विस्तार से समझाया गया है। इसमें व्यापक बदलाव लाने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों एवं एसडीजी



के बीच की दूरियों को कम करने में सीएसओ की भूमिका पर जोर दिया गया है। एसडीजी में कई अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। पुस्तिका इनमें से छह प्रमुख लक्ष्यों की दिशा में बढ़ने के लिए समाधान की राह दिखाती है। ये लक्ष्य हैं- एसडीजी 2- भुखमरी खत्म करना, एसडीजी 3- अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण, एसडीजी 5- लैंगिक समानता, एसडीजी 11- सस्टेनेबल सिटी एवं कम्युनिटी, एसडीजी 15- पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा (लाइफ ऑन लैंड) और एसडीजी 17- लक्ष्यों के लिए साझेदारी। पुस्तिका में सरकारों, सीएसओ और समाजसेवी संस्थाओं के मिलकर काम करने का सुझाव दिया गया है।

181 देशों की सूची में भारत 5वां सबसे ज्यादा संकटग्रस्त देश है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़ एवं सूखा से लेकर वायु प्रदूषण तक कई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इनके कारण खाद्य सुरक्षा व जैव विविधता पर खतरा बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर विस्थापन देखने को मिल सकता है। दुर्भाग्य से जलवायु परिवर्तन के इस संकट में सबसे कम योगदान होने के बावजूद हाशिए पर जी रहे समुदायों को इन चुनौतियों का सबसे ज्यादा सामना करना होगा। पुस्तिका में विभिन्न सीएसओ द्वारा उठाए जा सकने वाले कई कदमों का उल्लेख है। इनमें सबसे ज्यादा स्थानीय स्तर पर कदम उठाने पर जोर दिया गया है।

# राहुल की राजनीति

## आक्रामक नारा

**राहुल गांधी के नारे 'जितनी आबादी, उतना हक'** की राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा हो रही है। भारतीय राजनीतिक प्रणाली में एकदम शुरुआत से ही अनेकानेक नारे गूंजते रहे हैं जिनमें से कुछ प्रेरणादायक, कुछ आकर्षक तथा कुछ एकदम भद्दे रहे हैं। इनमें से कुछ का उल्लेख करना बहुत कठिन है, पर 'अंग्रेजो भारत छोड़ो', 'जय जवान, जय किसान' से लेकर 'मंडल कमंडल', 'तिलक, तराजू और तलवार' तथा 'मंदिर वहीं बनाएंगे' पर फौरन ध्यान जाता है। ये नारे अक्सर जनता की राय बनाने तथा किसी खास पार्टी का समर्थन बढ़ाने का काम कर सकते हैं। 2014 का आम चुनाव निकट आने के साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'जितनी आबादी, उतना हक' नारा गढ़ा है। राहुल गांधी निश्चित रूप से बिहार जाति गणना के हालिया खुलासे से बहुत जोश में हैं। कुछ समय पहले इसी रास्ते पर चलते हुए उन्होंने व उनकी पार्टी ने अखिल-भारतीय जाति गणना की मुखर पैरवी की थी। लेकिन अपनी पहल पर जल्दबाजी के कारण राहुल ने संभवत: ज्यादा आक्रामक दृष्टिकोण अपना लिया है। वास्तव में देश में संसाधनों और अवसरों के समतापूर्ण वितरण की आवश्यकता है। वर्तमान राजनीतिक विमर्श में भारतीय राजनीति की जटिलतायें स्पष्ट होती हैं जिनमें पहचान, क्षेत्रवाद व राष्ट्रवाद अक्सर एक-दूसरे में उलझ जाते हैं। राहुल के इस नारे ने कांग्रेस के भीतर उथलपुथल पैदा कर दी है और स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर तीखी प्रतिक्रिया करनी पड़ी है। उन्होंने इसकी कठोर निन्दा करते हुए पूछा है कि क्या राहुल गांधी और कांग्रेस अल्पसंख्यकों के हितों के खिलाफ चले गए हैं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से अपनी राय प्रकट करते हुए कहा है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार देश के गरीबों का है, भले ही उनकी जाति या धर्म कोई भी हो। विवादास्पद नारे का फौरन लाभ उठाते हुए मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वह 'विभाजनकारी राजनीति' कर रही है।



उनका तर्क है कि ऐसे नारों से केवल वैमनस्य फैलेगा तथा राष्ट्र की एकता प्रभावित होगी। कांग्रेस के आलोचकों ने यह आरोप भी लगाया है कि वह क्षेत्रीय कठिनाइयों का चुनावी लाभ उठाना चाहती है, जबकि अक्सर क्षेत्रीय पार्टियां इस तकनीक का लाभ उठा कर अपना समर्थन आधार मजबूत करती हैं। उनको शक है कि इस नारे से मतदाता क्षेत्रीय आधार पर भी ध्रुवीकृत हो सकते हैं और इससे पार्टी का व्यापक प्रभाव घटेगा।


कांग्रेस इस समय अपने पुनर्जीवन तथा राजनीतिक प्रासांगिकता के लिए संघर्ष कर रही है। ऐसे में उसे संदेश तय करने में सावधानी बरतनी चाहिए तथा ऐसे संदेशों के संभावित परिणामों पर गौर करना चाहिए। भले ही देखने में लगे कि यह नारा सामाजिक न्याय का आह्वान है, पर इससे कांग्रेस में आंतरिक मतभेद पैदा हो गए हैं। कुछ सदस्यों का तर्क है कि इससे क्षेत्रीय असमानतायें उजागर होती हैं जो एक वैध चिन्ता है। उनका विश्वास है कि इससे वे मतदाता प्रभावित होंगे जो लंबे समय से सरकार द्वारा अनदेखी का अनुभव कर रहे हैं। लेकिन अन्य पार्टी नेताओं को इस पर आपत्ति है। उनका तर्क है कि इस नारे की व्याख्या 'पहचान की राजनीति' को प्रोत्साहन के रूप में की जा सकती है। इससे संभवत: वे मतदाता अलगाव अनुभव करेंगे जो उच्च जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्रों में नहीं रहते हैं। इस नारे से कांग्रेस की रणनीति पर भी सवाल उठते हैं जो चुनावी राजनीति में अपने पैर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। हालांकि, कुछ विश्लेषकों का विश्वास है कि पहचान-आधारित नारा भाजपा के सफल राष्ट्रवादी व सांस्कृतिक दृष्टिकोण का जवाब देने का प्रयास है।

# अपने आतंकियों से परेशान पाकिस्तान

**पाकिस्तान आतंकी हमलों का दोष भारत या अन्य पड़ोसियों पर लगाने का प्रयास करता है। लेकिन वास्तव में यह देश अपने ही आतंकियों से परेशान है।**



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)





पाकिस्तान अपनी अवस्थापना द्वारा पैदा किए आतंकियों के कारण अब स्वयं परेशान हो रहा है, लेकिन वह इसका दोष भारत या अन्य पड़ोसियों पर लगाने का प्रयास करता है। पिछले महीने पाकिस्तान में एक सैनिक काफिले पर हुए 'आतंकवादियों' के हमले में नौ सैनिकों को जान से हाथ धोना पड़ा। यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में हुआ था। इसके कुछ दिन पहले आतंकियों ने एक पुलिस वाहन पर घात लगा कर हमला किया जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत हमेशा से अशांत रहा है तथा यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब रही है, पर इस बार हमलों में 'आतंकियों' की पहचान की गई। यह चिन्ता का विषय है जिसके चलते पाकिस्तान को अंतत: 'आतंकवादी' शब्द का प्रयोग करना पड़ा। पाकिस्तान आमतौर से ऐसे आतंकी हमलों का दोषारोपण तहरीके-तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी पर करता रहा है। लेकिन इस बार जांच से एक स्वतंत्र आतंकी संगठन का नाम सामने आया जिसका विकास स्वयं पाकिस्तान में आंतरिक रूप से हुआ है। बन्नू जिले में सैनिकों पर हुए हमले की जिम्मेदारी 'लश्करे सूफियान कारवां' ने स्वयं ली है। उपरोक्त आतंकी हमलों के दोनों मामलों में आतंकियों का स्पष्ट निशाना 'अवस्थापना' थी जिसे दूसरे शब्दों में पाकिस्तान का सुरक्षा ढांचा कहा जा सकता है।

पाकिस्तान में आतंकी हमलों का एकदम अलग उद्देश्य व रणनीति पड़ोसी बलूचिस्तान प्रांत में सामने आया है। यहां आतंकवाद के साथ अलगाववाद की विचारधारा भी धीरे-धीरे जनता में घर कर रही है। इसका कारण पाकिस्तान की केन्द्र सरकार या 'अवस्थापना' द्वारा जनता का शोषण तथा स्थानीय संसाधनों की लूट है। पाकिस्तान सरकार इस मामले पर एकदम खामोश व निष्क्रिय है। चीन के पैसे से बनने वाले ग्वादर बंदरगाह के साथ ही चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी व ऐसी ही अन्य परियोजनाओं ने स्वयं बलूचों के लिए कुछ नहीं छोड़ा है। इससे सारी बलूच जनता अपमानित व आहत अनुभव कर रही है और इसी कारण राज्य तथा उसकी 'अवस्थापना' के खिलाफ लगातार सशस्त्र संघर्ष तेज हो रहा है। पाकिस्तान ने स्वयं को आतंकियों के गढ़ में बदल लिया है जिसमें अब शिया-सुन्नी विभाजन नए आयाम पैदा कर रहा है। सिपाहे सहाबा पाकिस्तान-एसएसपी, लश्करे झांगवी-एलईजे, जुंदल्ला, आदि हिंसा फैलाने के अपने तर्क दे रहे हैं और वे बहुत उत्साह से लोगों की भावनायें भड़का रहे हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में पैन-इस्लामवादी समूह भी सक्रिय हैं। उनका अपनी कार्रवाइयों के लिए भौगोलिक सीमाओं पर निर्भर होना जरूरी नहीं है, बल्कि वे सामाजिक रूप से 'खलीफत' जैसी व्यवस्था बनाने के एजेंडे से संचालित हैं। इसमें इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत या कथित रूप से ईरान द्वारा समर्थित क्षेत्रीय नस्लवादी शक्तियां, जैसे तहरीके जाफरिया पाकिस्तान-टीईजेपी, आदि शामिल हैं।

इस प्रकार पाकिस्तान विभिन्न 'आतंकी' हमलों का केन्द्र बन गया है। आने वाला समय ही तय करेगा कि इनमें से किस शक्ति का प्रभुत्व स्थापित होगा क्योंकि पाकिस्तानी समाज के हर हिस्से को किसी दूसरे से बदला लेना है और वह इन आतंकी व अलगाववादी संगठनों का समर्थन करता है। पाकिस्तान ऐतिहासिक व अन्य तर्कों के आधार पर इन आतंकी हमलों की जिम्मेदारी भारत-रॉ या पड़ोसी अफगानिस्तान या ईरान पर डालने का प्रयास कर रहा है। लेकिन उसके ये तर्क समझ से परे हैं क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं ही अपने भीतर बारूद व माचिसें पैदा की हैं और इससे अब वहां विस्फोट होने लगे हैं। पाकिस्तान को इस स्थिति की व्याख्या के लिए किसी बाहरी सहायता की जरूरत नहीं है क्योंकि हर आतंकी हमले के साथ यह पहेली पैदा होती है कि इसे 'किसने' अंजाम दिया। अब किसी को हिंसा और रक्तपात के कारणों के मामले में किसी दूसरे पर विश्वास नहीं है।

हालिया 'आतंकी' हमला बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में हुआ जिसकी जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। आतंकवाद-विरोधी विभाग-सीटीडी ने 55 मौतों की पुष्टि की है। एक मस्जिद के बाहर 12वीं रबीउल अव्वल जुलूस के दौरान एक आत्मघाती ने स्वयं को बम से उड़ा दिया था। एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी ने फौरन इस हमले में अपनी जिम्मेदारी से इनकार कर दिया। उसी दिन एक और घातक हमला खैबर पख्तूनख्वा के हांगू कस्बे में पुलिस थाने से जुड़ी मस्जिद पर हुआ जिसमें पांच लोग मारे गए। इस हमले की प्रकृति व लक्ष्य पहले जैसे ही थे, पर यह मस्टुंग हमले जितना व्यापक नहीं था। ऐसे में ज्यादा चिन्ताजनक बात किसी ज्ञात आतंकी संगठन द्वारा जिम्मेदारी न लेने का अर्थ संभावित सामाजिक विघटन का संकेत है। ऐसे आतंकी हमलों पर पाकिस्तान सरकार का रटा-रटाया व बिना सोचे-समझे दिया जाने वाला जवाब सबके सामने है। वह कह देती है कि हमला उस 'दुश्मन ने किया है जो बलूचिस्तान में धार्मिक सहिष्णुता व शांति नष्ट करना चाहता है तथा इसे विदेश का आशीर्वाद प्राप्त है।' लेकिन कोई उसका यह तर्क स्वीकारने को तैयार नहीं है। मस्टुंग में आतंकी हिंसा कोई नई बात नहीं है जहां 2018 में ऐसे ही आत्मघाती हमले में 125 से अधिक लोग मरे थे।

उस समय संभावित हमलावर ने एक राजनीतिक रैली पर निशाना लगाया था और इसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत ने ली थी। मुस्टंग में 2017 में भी रक्तपात हुआ था जब 18 लोग मारे गए थे। इस हमले का एक राजनीतिक आयाम था क्योंकि उस समय सिनेट के डिप्टी चेयरमैन के काफिले पर निशाना लगाया गया था। इसके पहले 2014 में हुए आतंकी हमले में शिया तीर्थयात्रियों पर नस्लवादी सोच से निशाना लगाया गया था। 2012 में रिमोट कंट्रोल से बस में धमाका किया गया था जिसमें 20 लोग मारे गए थे। लेकिन हालिया हमला एक ऐसे जुलूस पर हुआ जहां लोग पैगंबर साहब का जन्मदिवस मना रहे थे। इसमें सभी मुस्लिम समुदायों के लोग शामिल थे अत: इसे नस्ली या पक्षपाती हमले की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। इसमें 'अवस्थापना' के किसी हिस्से का हाथ होने की संभावना भी नहीं हो सकती है, इसलिए इसकी कोई सरल व्याख्या संभव नहीं है। ऐसी तीव्रता और विस्तार वाला हमला करना किसी 'लोन वुल्फ' माडल के लिए भी संभव नहीं है क्योंकि इसके लिए काफी योजना बना कर काम करना होता है। हालांकि, कभी-कभी इस्लामी विद्वानों में पैगंबर साहब की सही जन्म तिथि के संबंध में मतभेद हो सकते हैं।

अक्सर कट्टर वहाबी, सलाफी, आदि मवालिद या ईदे-मीलादुननबी में हिस्सा नहीं लेते हैं क्योंकि इसे वे नई परंपरा मानते हैं। मजेदार बात है कि ईदे-मीलादुननबी हमारे उप-महाद्वीप में मनाई जाती है, पर सऊदी अरब व कतर जैसे सलाफी देश आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार नहीं करते हैं। लेकिन यह मानना कठिन है कि इस्लामी विद्वानों या विभिन्न इस्लामी समुदायों के बीच इस मुद्दे पर असहमति इतनी अधिक है कि यह हमले या विद्वेष जैसी स्थिति पैदा कर सकती है। वैसे इस मामले पर ज्यादा गहराई से खोज करने की जरूरत है। लेकिन इन सारी बातों के बावजूद इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हालिया वर्षो में पाकिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामी विचारों की पहुंच और प्रभाव बढ़ा है जिनमें वहाबी और सलाफी भावनायें शामिल हैं। इसके चलते पाकिस्तानी समाज का एक हिस्सा बहुत तेजी से कट्टरपंथी होता जा रहा है और वहां मध्यमार्गी या उदारवादी इस्लाम का स्पेस काफी सीमा तक समाप्त हो गया है।

ईदे-मीलादुननबी पर पाकिस्तान समेत कई देशों में निकलने वाले जुलूस को अतिवादी मिस्री मालिकी ताजुद्दीन ने 'हराम' घोषित कर दिया है। उसके अनुसार यह 'मूर्तिपूजकों द्वारा शुरू की गई बिडा है। यह बहुत खाऊ लोगों के लिए आनन्द का विषय है जिसे वे छोड़ना नहीं चाहते हैं।' यह एक शुद्धतावादी व संशोधनवादी दृष्टिकोण है। पाकिस्तान में ऐसे लोग हो सकते हैं जो इस विचार का कड़ाई से पालन करते हों क्योंकि पाकिस्तान वर्तमान समय में तेजी से बढ़ती 'धर्मांधता' का शिकार है। लेकिन फिलहाल यह हमला 'किसने' किया, पहेली बनी हुई है।

# सशक्तीकरण में सहमति की भूमिका

> सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील तरीके से सहमति शिक्षा को बढ़ावा देना ही आगे का रास्ता है।

**रोशन येदिरे**
(लेखक, स्वास्थ्यरक्षा कार्यों से जुड़े हैं)



बचपन किसी व्यक्ति के जीवन का एक अनमोल और रचनात्मक चरण है, जो मासूमियत और विकास से चिह्नित होता है। हालांकि, कुछ लोगों के लिए यह अवधि बड़ी कठिनाई और कठिनाई के समय में बदल सकती है। जिन लोगों ने बाल यौन शोषण के दर्दनाक अनुभव को सहन किया है, वे अंधेरे रहस्यों को छुपाने से जुड़े अत्यधिक भावनात्मक भार को समझते हैं। दुर्व्यवहार के ऐसे मामलों में, व्यक्ति अक्सर खुद को डर और शर्म के चक्र में फंसा हुआ पाता है, जो उन्हें मदद के लिए पहुंचने या अपनी पीड़ा का खुलासा करने से रोक सकता है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2021 के चौंकाने वाले आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की लगभग 38.1 प्रतिशत बाल आबादी ने विभिन्न प्रकार के यौन अपराधों का अनुभव किया है। जैसे-जैसे बच्चे बड़े हो रहे हैं, चिंताजनक आंकड़े जारी हैं, लगभग 30त्न महिलाएं पति-पत्नी में हिंसा और वैवाहिक बलात्कार की शिकायत करती हैं। इस वर्ष यौन उत्पीड़न के 17,000 से अधिक मामले, 11,000 से अधिक हमले के मामले और 31,677 बलात्कार के मामले सामने आए।

सहमति के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है, खासकर किशोरों के बीच। सहमति सुरक्षित संबंधों के लिए मौलिक है, 1 से 101 वर्ष की आयु तक शारीरिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत विकल्पों का सम्मान करना। दुनिया भर में किए गए शोध से पता चलता है कि सहमति की अवधारणा पर किशोरों को शिक्षित करने से यौन उत्पीड़न की कम घटनाएं हो सकती हैं लेकिन अधिक साक्ष्य-आधारित डेटा की आवश्यकता है।

युवाओं को यह समझने की जरूरत है कि उचित और अनुचित शारीरिक संपर्क क्या होता है। यह जागरूकता उन विवाहित व्यक्तियों तक भी बढ़नी चाहिए जो अवधारणा की प्रासंगिकता को समझे बिना वैवाहिक हिंसा का अनुभव कर सकते हैं। अक्सर, वैवाहिक संबंधों में सहमति के मुद्दे को इस गलत धारणा के साथ नजरअंदाज कर दिया जाता है कि यह केवल इसलिए स्वीकार्य है क्योंकि दोनों व्यक्ति विवाहित हैं।

यह इस संदर्भ में है कि विश्व यौन स्वास्थ्य संघ, यौन स्वास्थ्य, अधिकार, न्याय और आनंद तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध एक संगठन है, जो इस वर्ष सहमति पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हर साल विश्व यौन स्वास्थ्य दिवस मनाता है। .सहमति जागरूकता लाने में यौन शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत के प्रयास 2005 में किशोरावस्था प्रजनन और यौन स्वास्थ्य शिक्षा (एएसआरएच) परियोजना के साथ शुरू हुए, जो कामुकता, लिंग और रिश्तों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए यौवन, गर्भनिरोधक और एसटीआई जैसे विषयों पर आयु-उपयुक्त जानकारी प्रदान करता है। इन पहलों के बावजूद, अधिकांश भारतीय स्कूलों, दोनों सार्वजनिक और निजी, के पाठ्यक्रम में किसी भी प्रकार की यौन शिक्षा का अभाव है।

इस अंतर को पाटने के लिए, सरकार ने 2007 में नाको और यूनिसेफ के साथ साझेदारी में किशोर शिक्षा कार्यक्रम% (एईपी) की शुरुआत की। कार्यक्रम किशोरों में बड़े होने से जुड़े परिवर्तनों से निपटने के लिए जीवन कौशल विकसित करता है और एचआईवी की रोकथाम, किशोर गर्भावस्था और मादक द्रव्यों के उपयोग पर शिक्षा प्रदान करता है।

हालांकि, 2020 में भारत के राइज कार्यक्रम की शुरुआत तक सहमति और आकर्षण पर चर्चा इन कार्यक्रमों से अनुपस्थित रही। यह पहल महिला कॉलेज के छात्रों को लिंग, रिश्ते, यौन हिंसा और दर्शकों के हस्तक्षेप पर शिक्षित करती है, जिसमें दोनों लिंगों की भागीदारी पर जोर दिया जाता है। भविष्य में रोकथाम के प्रयासों में. इसके अतिरिक्त, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अधिनियमित किया गया, जिसमें महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

2012 में, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम का उद्देश्य 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिगों को यौन अपराधों से बचाना था। यह कानून बाल यौन शोषण को अपराध मानता है, त्वरित सुनवाई के लिए विशेष अदालतें स्थापित करता है और अपराध की गंभीरता के आधार पर दंड लगाता है। यह सुझाव दिया गया है कि बच्चों को पोक्सो कानूनों और बाल-सुलभ प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए।

शारीरिक और यौन संबंधों के क्षेत्र में, सहमति एक आधारशिला है। इसलिए, सरकारी कार्रवाइयों के साथ, कामुकता शिक्षक, अंतरंगता कोच और सेक्स चिकित्सक भी व्यापक दर्शकों के बीच यौन, प्रजनन और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया और इंटरैक्टिव ऐप जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठा रहे हैं। सामाजिक लाभ के लिए उद्यम भी स्थायी व्यवसाय मॉडल के माध्यम से सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए इस स्थान की खोज कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, शिक्षिका पल्लवी बरनवाल, गेटइंटिमेसी के माध्यम से, रिश्ते की संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अंतरंगता और कामुकता चुनौतियों से निपटती हैं। दूसरी ओर, थैटमेट, एक सामाजिक उद्यम, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरों को परामर्श, स्व-प्रबंधन और यौन शिक्षा प्रदान करने के लिए अपने ऐप का उपयोग करता है।

शैक्षिक सुधार, कानूनी प्रगति और जमीनी स्तर के प्रयासों से जुड़ी एक समग्र रणनीति आवश्यक है। महिलाओं को सशक्त बनाना, रिश्ते के मानदंडों को नया आकार देना और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील तरीके से सहमति शिक्षा को बढ़ावा देना ही आगे का रास्ता है। आइए सहमति को हमारे सामाजिक आख्यान का साहसिक शीर्षक बनाएं।

## आप की बात

### इंडोनेशिया का उदाहरण

**इंटरनेट** के इस युग में सब कुछ ऑनलाइन होता जा रहा है। बैंकिंग से लेकर मार्केटिंग तक एक छोटे से स्मार्टफोन में सिमट गई है। इसका बड़ा दुष्परिणाम हुआ है। बाजार जाकर पूरे परिवार के साथ खरीदारी करने का अलग ही आनंद है। मगर ऑनलाइन शॉपिंग व ऑनलाइन पेमेंट के चलन ने ग्राहकों को घर पर रहने को मजबूर कर दिया है। इससे अनेक दूकानदारों का भी जीवनयापन मुश्किल हो गया है। इन दूकानों में कई लोग नौकरी करते थे, पर अब वे बेरोजगार होते जा रहे हैं। इसे देखते हुए इंडोनेशिया ने सोशल मीडिया एप टिकटॉक के ई-कॉमर्स लेनदेन व रिटेल ऑपरेशन को बंद करने का आदेश दिया है। सरकार के अनुसार, इन नियमों का उद्देश्य स्थानीय भौतिक खुदरा विक्रेताओं की सुरक्षा है। इंडोनेशिया टिकटॉक ऐप की ई-कॉमर्स सेवा का संचालन करने वाला पहला देश था और उसके सबसे बड़े बाजारों में से एक बन गया था। दुनिया भर की सरकारों को इंडोनेशिया की तरह ऑनलाइन खुदरा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद करने पर विचार करना चाहिए। यदि पूरी तरह संभव न हो तो भी इसे सीमित करने का प्रयास करना चाहिए ताकि छोटे दूकानदार व वहां काम करने वाले कर्मचारियों की आजीविका बची रहे।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सपनों का संसार

**मानव जीवन** में सपने एक अबूझ पहेली की तरह होते हैं। सपने दिन के अलग और रात के अलग होते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि दिन में देखे सपने रात के सपनों पर अपनी छाप ज़रूर छोड़ते हैं। सपना प्रकृति की इंसान को अनुपम देन है। दुनिया में अनेक बड़े आविष्कारों व कार्यों की शुरुआत दिवास्वप्न से हुई है। यदि आप सपने देखेंगे ही नहीं तो कोई भी कार्य शुरू भी कैसे कर पाएंगे। हर व्यक्ति अपनी क्षमता व हैसियत के अनुरूप ही स्वप्न बुनता है और उसमें दृढ़ निश्चय का उत्प्रेरक मिलाकर उन्हें साकार भी कर सकता है। कई गणितीय समस्याएं रात स्वप्न में हल हुई है। सिलाई मशीन के आविष्कारक को धागा बार-बार टूटने का सामना करना पड़ रहा था। उसे एक रात सपना आया कि सुई के ऊपरी हिस्से पर छेद कर लो। उसने ऐसा ही किया और आज हमारे सामने उपयोगी सिलाई मशीन मौजूद है। मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने में भी कोई बुराई नहीं है। जो चीज वास्तविकता के धरातल पर हम प्राप्त नहीं कर सके उनके सुख कम से कम सपनों में तो प्राप्त कर ही सकते हैं। सपने अवचेतन मस्तिष्क से दी जाने वाली कई प्रकार की चेतावनियां भी होते हैं।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जाति-गणना के निहितार्थ

**बिहार** में हुई जाति गणना ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। सवाल है कि इससे जनता को क्या लाभ होगा। बिहार की जनता ग़रीबी, अशिक्षा, उद्योग धंधों के अभाव, चिकित्सा सुविधा के अभाव, भ्रष्टाचार, बदहाल क़ानून व्यवस्था व पिछड़ेपन से त्रस्त है उसका इस गणना से कोई लाभ होता नहीं दिखता। बिहार सरकार ने यह गणना इसलिए कराई ताकि जनता एकजुट होकर कहीं वर्तमान सरकार को ही अगले चुनाव में बाहर का रास्ता न दिखा दे। भाजपा ने पिछले कुछ समय में ओबीसी व एससी में ग़ैर प्रभुत्व वाली जातियों को महत्व देकर सफलता पाई है। टिकट बाँटने व मंत्री बनाने में ओबीसी व पिछड़ों को महत्व देकर भाजपा ने नई सोशल इंजीनियरिंग भी की है। जाति गणना सनातन नाम पर एक हो रही जातियों को अलग-अलग करने का प्रयास भी हो सकता है। भाजपा को रोकने व सत्ता में वापसी के लिए नीतीश व तेजस्वी यादव किसी भी सीमा तक जाने को तैयार हैं। वे देश में एकजुटता बढ़ाने के बजाय खासकर हिंदू समाज में विखंडन को बढ़ावा देना चाहते हैं ताकि अपना वंशवाद व भ्रष्टाचार कायम रख सकें।

– **पुनीत कृष्ण,** मेरठ

### कार पूलिंग

**वर्तमान** में शहर में कई कार पूलिंग ऐप काम कर रहे हैं जो एक ही दिशा में यात्रा करने वाले तकनीकी विशेषज्ञों और अन्य पेशेवरों को सवारी साझा करने में मदद करते हैं। ये ऐप्स यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए कमीशन लेते हैं। आउटर रिंग रोड पर कारपूलिंग लोकप्रिय हो गई है जहां पिछले सप्ताह हालिया स्मृति में सबसे खराब ट्रैफ्कि जाम में से एक देखा गया था। हालाँकि, कार पूलिंग के मामलों में बलात्कार के मामले दिन-ब-दिन सामने आ रहे हैं। इसलिए यदि कार चालक महिला हैए तो सह-चालक भी महिला ही होनी चाहिए, ताकि बलात्कार व छेड़छाड़ के मामलों से बचा जा सके। यात्रा का किराया प्रति व्यक्ति 100 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए ताकि यात्री आसानी से भुगतान कर सकें और आपातकालीन स्थिति के लिए एक पैनिक बटन होना चाहिए। लेकिन ओला-उबर जैसे टैक्सी चालकों का आरोप है कि लोग कार पूलिंग के माध्यम से उनकी आजीविका को खतरे में डाल रहे हैं। कार पूलिंग के साथ ही इस आयाम पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी हो गया है।

– **मोहम्मद तौकीर,** पश्चिमी चंपारण

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# मुख्य सचिव ने देखी गांव के विकास की फिल्म

## ● जराखर गांव में हुआ अत्यंत सराहनीय कार्य अन्य ग्राम पंचायतें भी लें प्रेरणाः दुर्गा शंकर मिश्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष जनपद हमीरपुर विकास खण्ड गोहांड स्थित ग्राम पंचायत जराखर के ग्राम प्रधान कमलेश जराखर ने अपने ग्राम में कराए गए विकास कार्यों पर आधारित वीडियो फिल्म प्रदर्शित की।

मुख्य सचिव ने कहा कि शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को स्मार्ट ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत जराखर में अत्यंत सराहनीय कार्य हुआ है। अन्य ग्राम पंचायतों को भी ग्राम पंचायत जराखर से प्रेरणा लेकर अपने यहां विकास कार्य कराने चाहिए उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान को आमंत्रित किया जाए, वहां पर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर आधारित फिल्म ग्राम प्रधानों को दिखाई जाए ताकि वह प्रेरित होकर उसी तर्ज पर अपने ग्राम पंचायतों का विकास कर सकें। उन्होंने ग्राम पंचायत को आईएसओ द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर ग्राम प्रधान सहित तत्कालीन मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को बधाई दी और ग्राम प्रधान से भविष्य में इसी तरह के विकास कार्य कराने की अपेक्षा की।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्र मुख्य सचिव को भेंट किया। इससे पूर्व ग्राम प्रधान कमलेश जराखर ने बताया कि ग्राम पंचायत जराखर को अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायत ने बुन्देलखण्ड में पहला तथा उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह प्रमाण पत्र स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, शुद्ध पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, आवास, खेल, इंटरलॉकिंग और सीसी रोड निर्माण, जल संरक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्र के सुदृढ़ीकरण, प्राइमरी स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र के कायाकल्प, टीकाकरण, गोवंश संरक्षण, विरासत संरक्षण, अमृत सरोवर, सीसीटीवी कैमरा, ओपेन व इंडोर जिम, घर-घर से कूड़ा संग्रहण, मैरिज हॉल, मोहल्ला पार्क, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, डेड बॉडी फ्रीजर, वर्मी कम्पोस्ट और ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि, आठवीं कक्षा तक निशुल्क शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए मिला है। उन्होंने बताया कि गांव में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं निगरानी के लिये सम्पूर्ण गांव में सीसीटीवी कैमरा व पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया गया है।

इस अवसर पर विशेष सचिव वन तथा तत्कालीन जिलाधिकारी हमीरपुर डॉ. चन्द्र भूषण, निदेशक पंचायती राज राज कुमार, पूर्व मंडलायुक्त चित्रकूटधाम दिनेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

# एशियन गेम्स के विजेताओं को मुख्यमंत्री ने बताया देश का गौरव

## ● गुरुवार को 3 स्वर्ण जीतने वाली टीमों और खिलाड़ियों को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चीन** के हॉन्गझोउ में चल रहे एशियन गेम्स के 12वें दिन भी भारतीय खिलाड़ियों की स्वर्णिम सफलता का सिलसिला बरकरार रहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी स्वर्ण विजेताओं को बधाई दी और उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन को देश का गौरव बढ़ाने वाला बताया।

गौरतलब है कि गुरुवार को भारत ने 3 गोल्ड मेडल जीते हैं। ओजस प्रवीण, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश की तिकड़ी ने आर्चरी के मेंस कंपाउंड इवेंट में भारत को दिन का तीसरा गोल्ड दिलाया। इससे पहले स्क्वॉश में भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह ने मिक्स्ड टीम में गोल्ड जीता। वहीं आर्चरी के कंपाउंड राउंड में ज्योति सुरेखा, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने भी सोना दिलाया।

तीरंदाजी के पुरुष कंपाउंड इवेंट का स्वर्ण जीतने वाली भारतीय तिकड़ी को बधाई देते हुए सीएम योगी ने कहा, एशियन गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक, ओजस और प्रथमेश को बधाई। कोरिया को 235-230 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीतना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। आपके समर्पण और कौशल ने देश को गौरवान्वित किया है। इससे पहले उन्होंने महिला कंपाउंड टीम को भी स्वर्ण जीतने पर बधाई दी। उन्होंने लिखा, एशियाई खेलों में दूसरा स्वर्ण हासिल करने के लिए भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तीरंदाजी टीम को बधाई। टीम के असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प ने भारत को गौरवान्वित किया। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

वहीं सीएम ने स्क्वैश में मिश्रित युगल का गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धियों पर गर्व जताया। उन्होंने लिखा, भारतीय मिश्रित युगल स्क्वैश टीम दीपिका पल्लीकल और हरिंदर संधू को एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए बधाई। उनके असाधारण टीम वर्क के कारण मलेशिया पर 2-0 की शानदार जीत हुई। हमें उनकी उपलब्धि पर गर्व है।

# मुख्य सचिव से लधानी ग्रुप के निदेशक ने की भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से गुरुवार को लधानी ग्रुप के निदेशक विवेक लधानी ने भेंट की। इस मौके पर मुख्य सचिव ने लधानी ग्रुप द्वारा आरपीईटी बोतलों के निर्माण में फूड-ग्रेड रिसाइकिल्ड पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के लिये प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस टेक्नोलॉजी के उपयोग से जल एवं मिट्टी को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा पीईटी बोतलों के उत्पादन के लिए वर्जिन प्लास्टिक की आवश्यकता कम हो जाएगी। लधानी ग्रुप के निदेशक विवेक लधानी ने बताया कि कोका-कोला कंपनी भारत की पहली बॉटलर कंपनी है। अब भारत में आरपीईटी बोतल का उत्पादन करने वाली पहली बॉटलर कंपनी बन गई है। उन्होंने बताया कि आरपीईटी बोतलें फूड-ग्रेड रिसाइकिल्ड पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट द्वारा तैयार की जाती हैं। इस टेक्नोलॉजी के उपयोग से प्लास्टिक को रिसाइकिल कर पुनः खाद्य सामग्री की पैकिंग के लिये उपयोग किया जा सकेगा। इससे पहले प्लास्टिक को रिसाइकिल नॉन फूड पैकजिंग तथा प्लास्टिक ट्रे, मेज, कुर्सी आदि के निर्माण के लिए जाता था। उन्होंने बताया कि यूएसएफडी और यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित प्रौद्योगिकियों के अनुसार प्लास्टिक का पुनर्नवीनीकरण किया जाता है और नई पीईटी बोतलों में पुनः उपयोग किया जाता है।

# सितंबर माह में यूपी को मिला 13839.35 करोड़ का राजस्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वित्त** मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के सितंबर माह में कुल 13839.37 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वर्ष 2022-23 के सितंबर माह में 12206.84 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार सितंबर 2022 के सापेक्ष सितंबर 2023 में प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदो में 1632.53 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर राजस्व वाले मद जीएसटी एवं वैट में माह सितंबर 2023 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 11246.08 करोड़ रुपए के सापेक्ष 7405. 30 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 65.8 प्रतिशत है। इस प्रकार जीएसटी एवं वैट के अंतर्गत सितंबर 2022 की तुलना में सितंबर 2023 में 490. 48 करोड़ रुपए अधिक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह सितंबर 2023 में कुल 5108.04 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है जबकि गत वर्ष सितंबर 2022 के माह में प्राप्ति 4746.57 करोड़ रुपए थी। वैट के अन्तर्गत माह सितंबर 2023 में 2297.26 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह सितंबर 2022 में प्राप्ति 2168. 25 करोड़ रुपए थी।

खन्ना ने बताया कि आबकारी मद के अंतर्गत माह सितंबर 2023 में निर्धारित लक्ष्य 4000 करोड़ रुपए के सापेक्ष 3253. 37 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है जो 81.3 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह सितंबर 2023 की राजस्व प्राप्ति 2182. 96 करोड़ रुपए है जबकि गत् वर्ष माह सितंबर 2022 में प्राप्ति 1978. 84 करोड़ रुपए थी।

वित्त मंत्री ने बताया कि परिवहन के अन्तर्गत माह सितंबर 2023 की राजस्व प्राप्ति 785. 72 करोड़ रुपए है जबकि गत् वर्ष माह सितंबर 2022 में प्राप्ति 593. 32 करोड़ रुपए थी। उन्होंने बताया कि मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत माह सितंबर 2023 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 18922. 08 करोड़ रुपए के सापेक्ष 13627. 35 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 72.0 प्रतिशत है। इस प्रकार मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत प्राप्ति माह सितंबर 2022 की तुलना में माह सितंबर 2023 में 1603. 99 करोड़ रुपए अधिक है। उन्होंने बताया कि करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह सितंबर 2023 में प्राप्ति 212. 02 करोड़ रुपए है जबकि गत् वर्ष माह सितंबर 2022 में प्राप्ति 183.48 करोड़ रुपए थी।

वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह सितंबर 2023 तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 123819. 67 करोड़ रुपए के सापेक्ष 89039. 08 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है जो माह सितंबर 2023 तक निर्धारित लक्ष्य का 71.9 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि जीएसटी के अंतर्गत 52851.10 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य के सापेक्ष 35285.21 करोड़ रुपए एवं वैट के अंतर्गत 19594.12 करोड़ रुपए के सापेक्ष 13921.68 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है। आबकारी मद के अंतर्गत माह सितंबर 2023 तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 25800 करोड़ रुपए के सापेक्ष 20226.55 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। स्टांप तथा निबंधन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 16056.60 करोड़ रुपए के सापेक्ष 13412.28 करोड़ रुपए एवं परिवहन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 5816. 83 करोड़ रुपए के सापेक्ष 4738.54 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है।

# बरसाना में 50 करोड़ की लागत से बनेगा पर्यटक सुविधा केंद्र व मल्टीलेबल पार्किंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भगवान** श्री कृष्ण की जन्म स्थली मथुरा स्थित बरसाना में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए जनसुविधा केन्द्र तथा मल्टीलेबल पार्किंग बनाई जाएगी। इसके लिए 12.18 करोड़ रुपए से दो हेक्टेयर भूमि की व्यवस्था की गई है। इस परियोजना पर 49.85 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसका प्रस्ताव उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इस पर्यटक सुविधा केन्द्र के बन जाने से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को उक्त संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद मथुरा, वृंदावन, गोकुल, महावन, बल्देव, बरसाना, नंदगांव और गोवर्धन धार्मिक दृष्टि से विश्व विख्यात पर्यटन स्थल हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के दर्शन के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बरसाना में भी राधाष्टमी और होली समेत अन्य त्योहारों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसके अलावा सामान्य दिनों में भी राधारानी के दर्शन व परिक्रमा के लिए पर्यटक आते हैं। पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए मथुरा के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

जयवीर सिंह ने बताया कि बरसाना में अभी तक कोई मल्टी लेवल कार पार्किंग नहीं है। इसके अलावा उन श्रद्धालुओं को ठहरने में दिक्कत होती है जो होटल आदि का खर्च नहीं उठा सकते हैं। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने पर्यटक जनसुविधा केंद्र व मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है। इसमें बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल पर कुल लगभग 12400 वर्ग मीटर निर्माण प्रस्तावित है। बेसमेंट और प्रथम तल पर बने पार्किंग में 178 चार पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। इसके अलावा खाली स्थान पर बने पार्किंग में 25 बस, 48 मिनी बस, 10 कार, 30 ई-रिक्शा के पार्किंग की व्यवस्था रहेंगी। हाल में 340 लोग बैठ सकेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटक जनसुविधा केंद्र में एक हाल का निर्माण कराया जाएगा।

# सहकार से समृद्धि की संकल्पना को चरितार्थ कर रहा पीसीएफः सहकारिता मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने पीसीएफ के विगत छह वर्षों में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सहकारिता विभाग तथा पीसीएफ नए आयामों को छू रहा है। चाहे बात उर्वरक या बीज उपलब्ध कराने की हो, मूल्यसमर्थन योजनान्तर्गत कृषकों की उपज जैसे गेहूं, धान दलहन-तिलहन का क्रय करने की हो अथवा वेयर हाउसिंग की हो, पीसीएफ द्वारा सभी क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। राठौर गुरुवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पीसीएफ की 50वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पीसीएफ के नए वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ भी किया गया। उन्होंने कहा कि पीसीएफ का सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान है, बिना पीसीएफ के कृषक हित एवं सहकारिता अभियान को गति देना असम्भव है। पीसीएफ द्वारा सहकार से समृद्धि की संकल्पना को चरितार्थ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों ने बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान में बढ़-चढ़कर सदस्यता ली है, जिसके परिणामस्वरूप सितम्बर माह में आयोजित सदस्यता महाअभियान में न सिर्फ 29 लाख नए सदस्य बने बल्कि लगभग 70 करोड़ रुपए की अंशपूंजी भी संचित की गई। उन्होंने कहा कि किसानों के इस भरोसे को कायम रखते हुए उनके हित के लिए हरसम्भव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पीसीएफ 11.48 करोड़ रुपए के लाभ में है। अगले वर्ष तक इसे 100 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दया शंकर सिंह द्वारा पीसीएफ के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में कृषक हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। विधान परिषद सदस्य भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सहकारिता हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग है। हमारी सभी सहकारी संस्थाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। पीसीएफ के चेयरमैन बाल्मिकी त्रिपाठी ने कहा कि पीसीएफ संस्था सहकारिता क्षेत्र की शीर्ष संस्था है।

# हिंदी में काम करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिएः डीआईजी

## ● सीआरपीएफ के बिजनौर ग्रुप केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदी दिवस समारोह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के बिजनौर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ग्रुप केंद्र पर पुलिस उप महानिरीक्षक एसपी सिंह के मार्गदर्शन में स्टेशन स्तरीय हिंदी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुमार उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, रेंज लखनऊ की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के साथ-साथ स्टेशन स्थित रेंज कार्यालय/ 91 आरएएफ 193 बटालियन व 233 महिला बटालियन के अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में हिंदी पखवाड़ा 14 सितंबर 23 से 29 सितंबर 23 के दौरान आयोजित विभिन्न हिन्दी व्यवहार, कार्यशाला, टंकण, टिप्पण आलेखन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विजेता कार्मिकों को कमशः 2500 रुपए, 2000 रुपए एवं 1500 रुपए के नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अंत में महानिदेशक केरिपुबल नई दिल्ली के राजभाषा संदेश का वाचन भूपेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी की भाषा राजभाषा हिंदी है, अतः हमें हिंदी में काम करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं करना चाहिए अपने कार्यालय के कार्यों में सरल व सहज हिंदी का प्रयोग करें तथा संस्कृतनिष्ठ व साहित्यिक हिंदी के प्रयोग से बचें, जिससे कि बल का प्रत्येक कर्मचारी चाहे वह किसी भी प्रांत का क्यों न हो हिंदी को आसानी से समझ सके। हिंदी का प्रयोग करते समय हमें गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। हिंदी को उत्तरोत्तर जनमानस की भाषा बनाने का हमें भरसक प्रयास करते रहना है, जो संविधान की भावना के अनुरूप है। समारोह में कमांडेंट एसएसएच रिजवी, देवेन्द्र नाथ यादव कमांडेंट ग्रुप केन्द्र लखनऊ//93 बटालियन व अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। इससे पूर्व समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत एसएसएच रिजवी कमांडेंट ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डीके सिंह उप कमांडेंट, सुनील कुमार यादव सहायक कमांडेंट व मंच संचालन निरीक्षक/ हिंदी अनुवादक शमीम अख्तर द्वारा किया गया।

# दिसंबर में संभावित कृषि कुंभ 2.0 को अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में जुटी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश**-दुनिया के लगभग दो लाख से अधिक किसान यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे। इसके लिए योगी सरकार दिसंबर में संभावित कृषि कुंभ 2.0 को अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में जुट गई है। नवीन तकनीक व नवाचार से भी यूपी के किसान अवगत होकर तकनीकी रूप से और संपन्न होंगे। इसका आयोजन लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में कराया जाएगा। 2017 में योगी सरकार के गठन के पश्चात 2018 में कृषि कुंभ 1.0 आयोजित किया गया था, जो काफी सफल रहा। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक ली थी। इसमें कृषि कुंभ के दूसरे संस्करण में दो लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता पर उनका जोर रहा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/ संस्थाओं, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया था। इसमें जापान, इजरायल, जर्मनी, यूएस समेत कई देशों में खेती-किसानों के नए कार्यों को जानने के लिए इनके सहभागिता पर भी बल दिया। कृषि कुंभ के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफ पीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा भी पर सीएम का जोर रहा। इसमें कृषि के विभिन्न आयामों से जुड़े विषयों पर चर्चा-विमर्श, व्याख्यान, कृषि ड्रोन का प्रदर्शन, कृषि प्रदर्शनी आदि भी लगेगी। 2017 में योगी सरकार बनने के बाद 2018 में पहला कृषि कुंभ लगा था। इसकी सराहना पूरे देश में की गई थी। कृषि व अन्य विभागों की तरफ से एक लाख से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया था। 14 सत्रों में कई विषयों पर चर्चा भी हुई। इसमें 300 से अधिक कंपनियों व संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। इसमें दो करोड़ की राजस्व प्राप्ति भी हुई थी। पराली प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला भी हुई थी।

# बीजेपी के लिए सनातन शब्द राजनीतिक प्रतिशोध का एक हथियार मात्रः अजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि सनातन का नाम लेने वाली प्रदेश की बीजेपी सरकार वस्तुतः 'सनातन प्रतिकार सरकार' है। उसके लिए सनातन शब्द किसी आस्था एवं विश्वास का प्रतीक नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध का एक हथियार मात्र है। उन्होंने कहा कि यह बात पूरी तरह प्रमाणित हो गई, जब सनातन विरोधी इस सरकार ने काशी में 2015 में सनातन जन विश्वास एवं वर्तमान शंकराचार्य के विरुद्ध सरकारी दमन विरोधी अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल रहे 82 लोगों पर दाखिल मुकदमे में एक मात्र मुझे छोड़ अन्य 81 के विरुद्ध आरोप वापस लेने की संस्तुति अदालत से करके उन 81 लोगों को। राय ने कहा कि मैं सरकार की विद्वेष जनित भेदभावपूर्ण ऐसी कार्रवाई से विचलित होने वाला नहीं हूं और सनातन समाज के साथ हर पीड़ित व्यक्ति या वर्ग के साथ अन्याय के प्रतिकार का संघर्ष करता रहूंगा। सरकार ने सनातन की रक्षा में राजनीतिक भेदभाव का परिचय देते हुए लिए फैसले के पीछे तर्क दिया है कि अजय राय पर और भी मुकदमे हैं जबकि अतिरिक्त मुकदमे तो उन 81 लोगों में भी कई के विरुद्ध भी हैं, जिन्हें सरकार ने राजनीतिक सजातीयता के कारण आरोप मुक्त कराया है। मेरे विरुद्ध तो जो भी केस हैं, वह अन्याय के खिलाफ राजनीतिक आन्दोलनों से ही जुड़े हैं। राय ने कहा है कि सरकार के पक्षपाती फैसले से यह बात पूरी तरह साबित हो गई है कि वह न सनातन के प्रति समदृष्टि रखती है और न कानून के समक्ष समता पर आधारित विधि के शासन में ही उसका कोई विश्वास है।

# बेहतर प्रदर्शन वाले शीर्ष तीन निकायों को मिलेगी 50 लाख से 2 करोड़ तक प्रोत्साहन राशि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आकांक्षी** शहरी निकायों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के लिए योगी सरकार विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन आधारित पुरस्कार प्रदान करेगी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 3 निकायों को 50 लाख रुपए से लेकर 2 करोड़ रुपए तक का पुरस्कार मिलेगा। यह पुरस्कार राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी ताकि निकायों के विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके। शीर्ष निकायों का निर्धारण विभिन्न पैरामीटर्स पर निकायों की निगरानी करने वाली समितियों की रिपोर्ट के आधार पर तैयार रैंकिंग से होगा।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर आकांक्षी विकास खंडों की तर्ज पर आकांक्षी नगरीय निकाय योजना शुरू की गई है। पहले चरण में इसमें 100 नगरीय निकायों को चिन्हित किया गया है। तीन अग्रणी शहरों को प्रति वर्ष प्रथम पुरस्कार के रूप में 2 करोड़, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1 करोड़ तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 50 लाख की प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। अलग-अलग सेक्टर्स में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को वर्ष में एक बार 50-50 लाख की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जाएगी। पुरस्कार राशि की परियोजनाएं सम्बंधित निकाय के अध्यक्ष तथा जिलाधिकारी के संयुक्त सुझाव पर नगर विकास विभाग द्वारा अनुमोदित की जाएगी। सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 फेलोज को प्रमाण पत्र एवं निकायों की पीएमयू तथा आउटसोर्सिंग में लिये जाने हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों के अधिकारियों तथा कार्मिकों को प्रशिक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के एक्सपोजर विजिट का अवसर प्रदान किया जाएगा। चयनित 100 नगर निकायों में यह योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी तथा उसके उपरान्त यह नगर निकाय आत्मनिर्भर रूप से कार्य करेंगे परन्तु इनकी मॉनिटरिंग डैशबोर्ड के माध्यम से 31 मार्च 2028 तक चलती रहेगी। 31 मार्च 2026 के पूर्व वर्तमान चयनित 100 नगर निकायों के स्थान पर अन्य 100 नगर निकायों का चयन किया जाएगा तथा यहां यह योजना 1 अप्रैल 2026 से अग्रिम 2 वित्तीय वर्षों तक लागू रहेगी।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। वहीं संपूर्ण जनपद में ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों की जांच करी जा रही है और उन्हें दवाइयां भी वितरित की जा रही है। डेंगू मलेरिया जेई, एईएस, लेप्टोस्पाइरोसिस, चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान सहित मलेरिया विभाग द्वारा एंटी लारवा का छिड़काव, फॉगिंग व अन्य निरोधात्मक गतिविधियां भी की जा रही है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम और जन जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से 10 विभागों को जोड़ा गया है। जिनके साथ मिलकर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी लार्वा स्प्रे, फॉगिंग, झाड़ियां की कटाई, नालियों की सफाई एवं चूहों के नियंत्रण हेतु कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है। इस अभियान को जनपद में वृहद रूप से स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग ब्लॉक स्तर सहित जिला स्तर से भी की जा रही है। जनपद में जनवरी 2023 से वर्तमान समय तक मलेरिया के 257 केस, डेंगू के 58, जेई के 2, एईएस के 23, स्क्रबटाइफस के 13, लेप्टोस्पायरोसिस के 30 व चिकनगुनिया के 5 केस पाए गए हैं। जिनका स्वास्थ्य विभाग द्वारा संपूर्ण इलाज किया गया है और यह सभी



अब स्वस्थ हैं। वहीं मलेरिया के 257 केसों के सापेक्ष जनपद में 125952 जांच की गई है और इसकी रोकथाम हेतु भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। मलेरिया टीम गांव-गांव तक पहुंच कर स्लाइड बनाकर मलेरिया की जांच कर रही है। जिससे प्रारंभिक स्तर पर ही ऐसे मरीजों को चिन्हित किया जा सके और इलाज व रोकथाम की जा सके। वहीं डेंगू के 58 मरीज के सापेक्ष अगस्त और सितंबर माह में 2233 जांच हुई हैं और टाइफाइड की 10385 जांचें,जेई की 182 जांचें, स्क्रबटाइफस की 188, लेप्टोस्पायरोसिस की 188 व चिकनगुनिया की 188 जांच हुई हैं। साथ ही प्रतिदिन बड़े स्तर पर सीएचसी व जिला चिकित्सालय में जांचें की जा रही हैं। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मलेरिया विभाग जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर के नेतृत्व में सुबह 6 बजे से 10 बजे तक विशेष अभियान चला रहा है। जिसमें मलेरिया विभाग की टीम नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका परिषद से समन्वय स्थापित कर घर-घर का भ्रमण वार्ड वाइज करता है और सोर्स रेडिक्सन (घरों में डेंगू व मलेरिया के मच्छरों के पनपने के स्थान को ढूंढना, जिसमें फ्रिज, कूलर व छत पर पड़े खाली बर्तन टायर आदि शामिल हैं के साथ एंटोंमोलॉजिकल सर्विलेंस सहित जन जागरूकता हेतु पंपलेट बांट कर जागरूक कर रहा है। डेंगू की पुष्टि के लिए एलाइजा टेस्ट किया जाना जरूरी है। रैपिड डायग्नोस्टिक्स टेस्ट पॉजिटिव (एनएस वन) आने पर डेंगू कंफर्म नहीं होता है। परंतु जनपद में प्राइवेट डायग्नोसिस सेंटर द्वारा आरडीटी में पॉजीटिव आने पर मरीज को डेंगू की पुष्टि कर दी जाती है, जबकि ऐसा नहीं है।

## बेटे और पुत्रवधू ने महिला को किया घायल

**बरेली।** एक मकान से दूसरे मकान पर गई महिला को उसके बेटे व पुत्रवधू ने धारदार हथियार से घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधी टोला निवासी 55 वर्षीय लौग श्री पत्नी निरंजन लाल को बीती रात इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने बताया कि उसका एक मकान सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पसतौर में है जहां उसका बेटा दीपक अपनी पत्नी प्रीति के साथ रहता है वह कल शाम को वहां गई थी जहा उसका बेटे से मकान को लेकर विवाद हो गया तब बेटे और उसकी पत्नी ने उसे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई शोर सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने उसे बचा लिया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद उसे घर वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।

# केंद्रीय मंत्री ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन

- चित्र प्रदर्शनी में दिखी विकास कार्यों की झलक
- चित्र प्रदर्शनी को देखने पहुँचा युवराज दत्त महाविद्यालय, जीआईसी एवं जीजीआईसी के विद्यार्थियों का दल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**नये** भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उप्र द्वारा कलेक्ट्रेट में लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के अंतिम दिन केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल सिंह के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शनी की सराहना की। इस दौरान डीएम ने केंद्रीय मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं पुस्तक भेट की।

केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी पीएम नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किये गये विकास कार्यों का आईना है। प्रदर्शनी से आमजनमानस सरकारी योजनाओं से अवगत होंगे तथा सरकार द्वारा किए गये विकास कार्यों की जानकारी होगी।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, युवा वर्ग, समाज के वंचित वर्गों एवं आमजन के जीवन स्तर में सुधार के लिए संचालित योजनाओं और नवाचारों को चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में विभिन्न पेनलों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनों में अब तक हुई प्रगति को दर्शाया गया है। सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी आमजन व छात्र-छात्राओं के आर्कषण का केन्द्र बनी हुई है। नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं व आमजन द्वारा बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन किया जा रहा है। चित्र प्रदर्शनी का जीआईसी, जीजीआईसी एवं युवराज दत्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अवलोकन



किया। प्राचार्य डॉ हेमंत पाल के नेतृत्व में युवराज दत्त महाविद्यालय के छात्रों के दल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

चित्र प्रदर्शनी में सीएम कन्या सुमंगला योजना, पीएम कौशल विकास योजना, सीएम अभ्युदय योजना, आमजन के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, पीएम जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी), विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएम स्वामित्व योजना, पीएम जनधन योजना व मनरेगा योजना एक्सप्रेस-वे के विशाल नेटवर्क, सर्वाधिक एयरपोर्ट, डेटा सेण्टर हब, डिफेन्स कारीडोर, निवेश का सुरक्षित परिवेश इत्यादि विषयों पर आधारित फ्लैक्स प्रदर्शित किए गये हैं।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ : धौरहरा में हुई अभिमुखीकरण कार्यशाला

- एसडीएम ने दिलाया बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संकल्प
- बेटी पर ही टिका है दुनिया का अस्तित्व : डीपीओ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**महिला** कल्याण विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को तहसील धौरहरा सभागार में एकदिवसीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभिमुखीकरण कार्यशाला हुई, जिसकी शुरुआत



एसडीएम धीरेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि सरयू प्रकाश पांडे ने डीपीओ संजय निगम, बीडीओ चंदन देव पांडे, सीडीपीओ सुजीत कुमार संग दीप जलाकर की। कार्यशाला का सफल संयोजन डीपीओ संजय निगम ने किया।

एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को संकल्प दिलाया कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करें। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करें। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायें। इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन दे। डीपीओ संजय कुमार निगम ने कहा कि घर का चिराग केवल लड़के ही नहीं होते, बल्कि लड़कियां भी घर में उजाला फैलाती हैं। उनकी ममता और प्रतिभा की लौ से ही दुनिया रोशन है। कन्या भ्रूण हत्या जैसा पाप करने वालों को यह याद रखना चाहिए कि वह भी किसी औरत की वजह से ही इस दुनिया में आए हैं। दुनिया का अस्तित्व बेटी पर ही टिका है।

बीडीओ चंदन देव पांडे ने कहा कि बेटियां आज समाज के हर क्षेत्र में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। उनकी उपेक्षा करने वाले अज्ञानी हैं। लोगों में बेटियों के प्रति जागरूकता पैदा करने में इस तरह के अभियानों की महती भूमिका है।

डीपीओ ने कहा कि बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य और अधिक समृद्ध समाज के लिए पोषण अत्यन्त जरूरी है। शिशु व बाल मृत्यु में वृद्धि का एक प्रमुख कारण मातृ एवं शिशु कुपोषण है। कुपोषण की रोकथाम में सबसे बड़ी चुनौती समाज, परिवार एवं व्यक्ति के स्तर पर पोषण सम्बन्धी मौजूदा व्यवहारों, धारणाओं, मिथकों में परिवर्तन लाना है।

महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिस्ट, डीसी निक्की गुप्ता, केंद्र प्रशासिका वन स्टाफ सेंटर रश्मि चतुर्वेदी ने मिलकर योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सीएम कन्या सुमंगला योजना, सीएम बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, निराश्रित महिला पेंशन, पीएम केयर्स योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, शर्तें एवं मिलने वाले लाभ की जानकारी दी।

कार्यक्रम को सीडीपीओ सुजीत कुमार, काउंसलर कयूम जरवानी, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी, गंगासागर यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने महिलापरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाएं, स्वयं सहायता समूह की दीदी, आशा एवं आंगनवाड़ी एवं बालिकाएं मौजूद रही।

## जेसीबी से सड़क खोदने के मामले में मुख्यमंत्री का सख्त फरमान

# घटना को अंजाम देने वाले से होगी भरपाई

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**जेसीबी** से सड़क खोदने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोड को खोदने वाले तथाकथित माफ़ियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का फ़रमान सुनाया है । मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन रोड को बुलडोजर से खोदने वाले आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने के साथ नुकसान की पूरी वसूली करने का फ़रमान सुनाया है । इधर पुलिस अब इस सख्त फ़रमान के बाद मुख्य आरोपी जगवीर सिंह की धरपकड़ के लिए तेज प्रयास कर रही है गौरतलब है इस मामले में मुख्य आरोपी के साथ सभी बीस अज्ञात अब तक फ़रार है।

शाहजहांपुर में दातागंज-बदायूं मार्ग का 12 करोड़ रुपए से चौड़ीकरण का काम के दौरान दो अक्टूबर की रात में भाजपा विधायक के करीबी जगवीर सिंह अपने बीस साथियों के साथ निर्माधीन रोड पर



पहुंचे आरोप है ठेकेदार से कमीशन न मिलने पर दातागंज-बदायूं मार्ग की नवनिर्मित सड़क पर बुलडोजर चलवा दिया था। इसके साथ ही दबंग लगभग आधा किलोमीटर तक सड़क को बुलडोजर से उखड़वाते हुए ठेकेदार को धमकी देते हुए फ़रार हो गए थे।

सड़क बनाने का टेंडर गोरखपुर की शकुंतला सिंह फ़र्म को मिला था। घटना के बाद ठेकेदार रमेश सिंह की तरफसे थाने में दी गई तहरीर में कहा गया है बीते 2 अक्टूबर की रात जगबीर खुद को विधायक का प्रतिनिधि बताते हुए 15-20 अज्ञात व्यक्तियों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर जेसीबी मशीन लेकर आए। उन्होंने स्टाफ और रोड निर्माण का कार्य कर रहे कार्मिकों को लाठी-डंडो से जमकर पीटा। काम करने से रोकते हुए कर्मचारियों को भगा दिया। मशीनों और प्लांट में आग लगाने की धमकी दी। प्लांट को हटाने के लिए कार्मिकों के साथ जोर-जबरदस्ती की गई। जेसीबी मशीन से निर्माणाधीन रोड को जगह जगह से खोद दिया गया। रोड को छति तो हुई साथ ही कंपनी को भी नुकसान हुआ है। शासकीय संपत्ति को छति पहुंचाई गई, राजकीय कार्यों में बाधा डाली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विधायक वीर विक्रम सिंह उर्फप्रिंस के करीबी जगबीर और उसके 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफगंभीर धाराओं में एफ़आईआर दर्ज किया था गुरूवार को पुलिस के आला अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया नवनिर्मित सड़क को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में रिपोर्ट के बाद जांच की जा रही है। इसके लिए चार टीमों का गठन भी किया गया है।घटना को अंजाम देने वाले मुख्य अभियुक्त के साथ सभी आरोपी फ़रार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है जल्द ही इन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# 72 जिलास्तरीय एथलेटिक्स के दूसरे दिन हुईं कई स्पर्धाएं

**ओयल।** 72वीं जनपदीय स्पोर्ट्स फ़ॉर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में युवराज दत्त इंटर कॉलेज के क्रीडांगन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने का कार्य विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जगदीश प्रसाद वर्मा द्वारा किया गया । लम्बी कूद प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमश: रोली मित्रा, अस्मिता व रानी रही , वहीं सीनियर बालक वर्ग में ललित कुमार , अमन प्रताप , आकाश रहे ।



जूनियर वर्ग बालक में हर्ष वर्मा, आलोक यादव, अविनाश रहे तथा बालिका में दिव्यांशी, लक्ष्मी देवी, संजना कुमारी रहीं। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमश: करिश्मा, रोली मित्रा, सोनी रही , वहीं सीनियर बालक वर्ग में अनुज कुमार, अमन प्रताप, ललित कुमार रहे । जूनियर वर्ग बालक में दीपक कुमार,बृजेश, अयान बेग तथा बालिका में शबनम, शीतल, अलीशा रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्री रामकिशोर सैनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विनोद कुमार , अनिल त्रिपाठी, श्याममूर्ति शुक्ला, लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री, मंजू देवी, रवि शुक्ल, आदि प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

## विश्व शिक्षक दिवस पर शिक्षको का हुआ सम्मान

**शाहजहांपुर।** एस. एस. कॉलेज के वाणिज्य विभाग में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर विभाग के संस्थापक शिक्षकों में से एक और प्रथम विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. मिश्र को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. मिश्र ने कहा कि शिक्षक जीवन भर छात्र भी रहता है। वह अपनी परिस्थितियों, सामने आने वाली चुनौतियों और परिवर्तनों से सीखना है तथा निरंतर अपने ज्ञान को विद्यार्थियों तक पहुंचाता है। जो शिक्षक सीखता नहीं वो कभी सफ़ल शिक्षक नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में अपने माता-पिता के समान ही अपने शिक्षकों का भी अनुकरण करना चाहिए स कोटा में होने वाली घटनाओं का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि चुनौतियों को भी एक अदृश्य शिक्षक के रूप में स्वीकार करके इनसे कुछ सीखना चाहिए ना कि अवसाद में जाना चाहिए। डॉ. रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुआ।

# जिलाधिकारी ने रोजा मण्डी में धान क्रय केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने रोजा मण्डी स्थित धान क्रय केन्द्रो का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पीसीएफ़,पीएसयू, यूपीएसएस आदि क्रय केन्द्रो पर पहुंच कर धान खरीद की जानकारी ली तथा विक्रय करने आए किसानों के धान की नमी मापक यंत्र से नमी भी चेक करवायी। उन्होने केन्द्र प्रभारियों से ई-पॉप मशीन भी चलवाकर देखी। जिलाधिकारी ने अब तक धान खरीद शुरू न करने के संबंध में भी केन्द्र प्रभारियों से जानकारी ली।

इस दौरान उन्होने विभिन्न पंजिकाओं के निरीक्षण के साथ इलेक्ट्रॉनिक कांटे, पीने योग्य पानी तथा बैनर इत्यादि की उपलब्धता को भी चेक किया। जिलाधिकारी ने स्वयं वजन मशीन पर खड़े होकर मशीन को चेक किया, जो कि सही पाई गई।



इस दौरान क्रय केन्द्रो पर मौजूद किसानों से जिलाधिकारी ने वार्ता की तथा उन्हे किसी प्रकार की समस्या तो नही यह भी जाना।

जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश दिये कि गत वर्ष की धान खरीद का डाटा संकलित कर सम्बन्धित कृषकों से वार्ता करें तथा उन्हे धान क्रय केन्द्र के माध्यम से धान विक्रय हेतु प्रेरित करें। धान विक्रय हेतु आने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होने मण्डी में अपना धान विक्रय करने आये किसानों से फीड बैक भी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने मण्डी सचिव को निर्देश दिये कि किसानों से संपर्क करने के उपरान्त संपर्क रजिस्टर मेंटेन करायें। क्रय केन्द्रो पर पर्याप्त संख्या में डस्टर, नमी मापक यन्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि किसानों को क्रय केन्द्रो तक धान लाने में कोई असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाये।

# नरसिंहानंद के उत्पीड़न को लेकर साधु निकले पदयात्रा पर

**संवाददाता।** बरेली

**जूना** अखाड़ा के यति नरसिंहानंद गिरी के ऊपर हो रहे अत्याचारों को लेकर साधु संत अपनी शिकायत लेकर सीएम योगी से मिलने के लिए पद यात्रा पर है। इसी क्रम में आज साधु संत आज बरेली पहुंचे और मीडिया के बीच अपनी बात रखी।जानकारी के मुताबिक यति निर्भयानंद, यति रणसिंहानंद, यति सत्यानंद नाम के सन्यासियों के ओर अरुण त्यागी व अंकुर जावला साथी के जो अपने गुरु शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज के सम्मान में शिवशक्ति धाम डासना से एक रक्तलिखित पत्र लेकर पैदल ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के आवास तक जा रहे हैं।यह पत्र दिनांक 27 सितंबर 2023 को महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने तब लिखा जब गाजियाबाद और मेरठ की पुलिस ने उन्हें मेरठ जिले के खजूरी नाम ग्राम के निवासी दीपक त्यागी नाम के युवक की बरसी में जाने से




रोक दिया और मन्दिर में ही नजरबंद कर दिया। दीपक त्यागी को एक वर्ष पहले इस्लाम के जिहादियों ने बड़ी निर्ममता से कत्ल कर दिया। तब भी दीपक त्यागी के कत्ल के बाद महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज को उसके ग्राम जाने से रोक दिया गया था और तीन दिन नजरबंद रखा था।स्थिति यह है कि जब भी आस पास के क्षेत्र में कोई भी जिहादी किसी हिन्दू की हत्या कर देता है तो उत्तर प्रदेश पुलिस महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज को नजरबन्द कर देती है।जब महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी की सारी गतिविधियों पर पुलिस और प्रशासन ने रोक लगा दी तो उन्होंने श्रावण माह में कांवड़ यात्रा पर जाने का निश्चय किया परन्तु पुलिस ने उन्हें रोक दिया और नजरबन्द कर दिया।

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज के निरन्तर हो रहे उत्पीड़न का कारण भृष्ट अधिकारी हैं जो पैसे, शराब,मांसाहार और अन्य मनोरंजन के लिये मुस्लिम दलालो पर आश्रित हैं।ये तथ्य तो सारी दुनिया जानती है कि एक एक मुसलमान महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज के खून का प्यासा है।अब भ्रष्ट अधिकारियों के कानों तक केवल इन दलालो की ही आवाज पहुँचती है,आम हिन्दू की नहीं।अब इस सरकार में ये अधिकारी ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आंख और कान बने हुए हैं।इन अधिकारियों के द्वारा हिन्दू समाज का हर सम्भव शोषण किया जा रहा है।हिन्दुओ के पास किसी और राजनैतिक दल के पास जाने का विकल्प है ही नहीं इसीलिए सत्ता में बैठे भाजपा के नेता इतने अहंकारी और निरंकुश हो गए हैं की वो हिन्दुओ का कोई दर्द या परेशानी महसूस ही नहीं करते।

हिन्दुओ की इसी पीड़ा को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का कार्य ये यति सन्यासी अपनी पदयात्रा के माध्यम से करेंगे।

## बटलर प्लाजा में शॉर्ट सर्किट से कंप्यूटर की दुकान में लगी आग

**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बटलर प्लाजा में कंप्यूटर की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान से भयंकर लपटे निकलती देख चौकीदार ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुला लिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।किला थाना के



साहूकारा निवासी आदित्य ने बताया कि उनकी एबी इनफोसिस कंप्यूटर सेंटर नाम से बटलर प्लाजा में दूसरी मंजिल पर दुकान है। बुधवार रात वह दुकान बंद कर चले गए। रात करीब साढ़े 11 बजे बदायूं रोड निवासी चौकीदार बबलू ने कॉल कर उन्हें सूचना दी कि दुकान में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई है। वह मौके पर पहुंचे तब तक आग भीषण रूप ले चुकी थी। दुकान से आग की ऊंची-ऊंची लपटे उठ रही थी। इस दौरान बटलर प्लाजा के कई दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक आदित्य ने बताया कि 40-45 लाख रुपये का उनका नुकसान हो गया

## दबंगों ने की मारपीट

**बरेली।** सड़क के किनारे काउंटर लगाकर फ़ास्ट फ़ूड बेचने वाले एक युवक के साथ दबंगों ने मारपीट की घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई है ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला ईट पजाया स्थित यादव गली निवासी रिजवान हुसैन पुत्र मुस्तफ़ा हुसैन को बीती रात सुरेश शर्मा नगर चौराहा के पास नवाबगंज के गांव धोरेरा निवासी विनोद ने अपने साथी की मदद से पीट कर घायल कर दिया रिजवान ने बताया कि वह सुरेश शर्मा नगर के चौराहा के पास सड़क किनारे सुपर फ़ास्ट फ़ूड बेचता है कल दिन में विनोद और उसका साथी उसके पास आया और काउंटर को चौराहा के पास से हटाने के लिए कहा रात को जब वह काउंटर लगा रहा था तभी विनोद और उसका साथी फिर से वहां पहुंचा और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

## जोखिम लेने से डरें नहीं

**कानपुर।** फॉरएवर न्यू इंडिया ने अपने कलेक्शन ए टाइम फॉर ग्लैमरश् के लॉन्च की घोषणा की है। ब्रांड एंबेसडर पूजा हेगड़े ने इस अविश्वसनीय कलेक्शन में अपना सिग्नेचर टच जोड़ा है। इस शानदार कलेक्शन की बहुमुखी प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जोखिम लेने से डरें नहीं। फैशन स्पॉटलाइट में कदम रखते हुएए फॉरएवर न्यू ने अपने बहुमूल्य ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी कलेक्शन की पेशकश की है।

# एक ही समुदाय के कई परिवार पलायन को हुए मजबूर

**बरेली।** एक समुदाय के उत्पीड़न से परेशान होकर हिंदू समुदाय के कई परिवार पलायन करने को मजबूर है पुलिस कार्रवाई न होने पर उन्होंने अपने घरों के बाहर मकान बिकाऊ के पोस्टर चस्पा किए है इसकी शिकायत एक्स (ट्वीटर) और कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से की गई इस मामले की जांच आंवला इंस्पेक्टर को सौंपी गई ।हिंदू जागरण मंच ब्रज प्रांत प्रचार प्रसार विभाग और समाज सेवी आराम सिंह गुर्जर ने एक्स (ट्वीटर) पर ट्वीट कर एडीजी, डीएम, आईजी, बरेली, यूपी पुलिस, सीएमओ योगी आदि को टैग किया ट्वीट में कहा गया है कि आंवला थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ चंद्रपुर के हिंदू समुदाय पलायन को मजबूर हैं खेत खलियान और ग्राम सभा की जगह पर दूसरे समुदाय के लोगों ने अवैध निर्माण कर लिया है इससे ग्रामवासी बेहद दुखी है दुखी होकर वह पलायन कर रहे है हिंदू जागरण मंच संगठन से पीड़ित परिवार ने मिलकर मदद मांगी इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने के लिए आंवला प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया गया है ट्वीट पर 45 सेकेंड का एक वीडियो भी साझा किया गया जिसमें कई घरों के बाहर मकान बिकाऊ है के पोस्टर चस्पा है जिसमें लिखा है कि एक समाज के उत्पीड़न से हिंदू समाज को परिवारों को न्याय नहीं मिल रहा है उत्पीड़न के डर से हिंदू समाज गांव छोड़ने को मजबूर है

# रिकार्ड जीत के साथ भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में बनायेगी सरकार: निरंजन ज्योति

**● केंद्रीय मंत्री ने टेका कामतानाथ के द्वार पर माथा**



**संवाददाता।** चित्रकूट

**धर्म** नगरी चित्रकूट के दौर पर आयीं केन्द्रीय ग्रामीण विभाग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी के नेतृत्व में भाजपाईयों ने जनपद की सीमा पर पहुंच फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने तीन राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की कामना को लेकर भगवान कामतानाथ के द्वार पर माथा टेका। साध्वी निरंजन ज्योति ने दावा किया तीनों राज्यों में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के साथ-साथ भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में रिकार्ड बहुमत के साथ पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनायेगी।

गुरुवार को भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के दौरे पर पहुंची केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, आदि सैकड़ों भाजपाईयों ने जनपद की सीमा पर केंद्रीय मंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भेट वार्ता कर जिले में चल रहे विकास कार्यों का हाल जाना।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने राज्य विधानसभा चुनावों एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की कामना को लेकर मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ के द्वार पर माथा टेका।

# विकास एवं समृद्धि के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिलाई शपथ



**संवाददाता।** चित्रकूट

मऊ ब्लाक परिसर में मेरी माटी मेरा देश के तहत बीडीओ दिनेश कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम में आये जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी लोगों को देश के विकास एवं समृद्धि में खुद के दायित्वों के निर्वहन को शपथ दिलायी। मऊ ब्लाक के कई प्रधान अमृत कलश लाये। सभी प्रधानों को वृक्षारोपण करने को प्रेरित किया। समापन पर खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने सभी का आभार जताया। अंत में मऊ ब्लाक परिसर में अतिथियों के साथ बीडीओ दिनेश मिश्रा व मऊ ब्लाक के प्रधानों ने वृक्षारोपण किया। इस मौके पर मऊ विकास खंड प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात पांडेय, भुवाल सिंह, शारदा अग्रहरी, अनुराग पांडेय, दुर्गेश नंदन पांडेय, सौरभ राय, अमन सिंह बघेल, कृष्ण कुमार, रामचंद्र ओझा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# गौवंशों के लिये हरे चारे की व्यवस्था न होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**● उचित जमीन पर नेपियर घास उगाने के दिये निर्देश**



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**गुरुवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय अचानक कार्यालय से सीधे अस्थायी गौशाला डकोर का औचक निरीक्षण करने जा पहुंचे जहां उन्होंने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि गौवंशों के लिये हरे चारे की व्यवस्था न होने पर खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिव को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि गौवंशों के लिये प्रतिदिन हरा चारा व पानी, छाया की पर्याप्त व्यवस्था रहे, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

उन्होंने पंचायत सचिव को निर्देशित करते हुये कहा कि अस्थायी गौशाला के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाये, गौवंशों को सुबह-शाम भूसा, हरा चारा आदि खिलाया जाये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्थायी गौशाला परिसर के चारों तरफ छायादार पौधे लगाये जाये, साथ ही पौधो की समुचित देखभाल भी की जाये। गौशाला परिसर में बर्मी कम्पोजिट खाद बनाने के लिये गड्डे तो बनाये गये लेकिन उक्त गड्डों में गोबर नहीं डाला जाता है

जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि बर्मी कम्पोजिट खाद बनाने के लिये उक्त गड्डों में गोबर डाला जाये, बर्मी कम्पोजिट खाद को उपयुक्त स्थान पर उपयोग किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि अस्थायी गौशाला में रह रहे गौवंशों के लिये उपयुक्त जमीन पर नेपियर घास उगाना सुनिश्चित करे, जिससे गौवंशों को हरे चारे की कमी न रहे।

# एनआईए ने पिता-पुत्र सहित तीन को उठाया, आतंकियों से जुड़ाव की आशंका

**संवाददाता।** फतेहपुर

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इनमें लखनऊ से गिरफ्तार किया गया 28 वर्षीय मोहम्मद रिजवान अशरफ नाम का युवक भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिजवान अशरफ का जन्म सऊदी के जेद्दा में हुआ था। पिता का नाम नजीब है। वह फतेहपुर का रहने वाला है। यूपी एटीएस की टीम मंगलवार को दिल्ली पहुंच कर रिजवान से पूछताछ की।

पूछताछ के आधार पर फतेहपुर में एनआईए ने बुधवार सुबह छापेमारी की। इस दौरान टीम बाप-बेटे समेत 3 लोगों को हिरासत में लेकर लखनऊ चली गई। रिजवान अशरफ से पूंछतांछ के आधार पर जिले को आंतकी नेटवर्क के तार से जोड़कर देखा जा रहा है। इसको लेकर बुधवार सुबह पहुंची एनआईए की टीम ने रिजवान की गतिविधियों में लिप्त आरोपियों की तलाश में शहर के तीन अलग-अलग जगहों में छापेमारी की। सूत्रों की मानें तो सुबह करीब नौ बजे एनआईए की चार सदस्यीय टीम शहर के खेलदार मुहल्ले पहुंचकर एक रिटायर जेलर के रिश्तेदार के यहां पहुंची। बताया जा रहा है कि लंबे अरसे से हैदराबाद में रहने वाले इस युवक से टीम ने पूछताछ की।

उसके बाद साथ लेकर शहर के सैय्यदवाड़ा स्थित एक मस्जिद के मुतवल्ली के घर पहुंची। इसके बाद एनआईए की टीम बाकरगंज निवासी सिमी में प्रतिबंधित रहे एक व्यक्ति के आवास पहुंची और हैदराबाद से मंगलवार को लौटे उसके बेटे से पूछताछ की। करीब आधे घंटे की पूछताछ के बाद पिता-पुत्र को साथ लेकर लखनऊ चली गई। एनआईए टीम के आने की नहीं जानकारी: सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि एनआईए टीम की शहर में आने की कोई जानकारी नहीं है। टीम द्वारा छापेमारी के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के बारे में पता किया जा रहा है।

# संकल्प सप्ताह में स्कूली बच्चों की वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**रामपुरा, जालौन।** उत्तर प्रदेश के चयनित आकांक्षा ब्लॉक रामपुरा की ग्राम पंचायत टीहर में मुख्य परफारमेंस इंडिकेटर्स में उन्नयन हेतु किए जा रहे प्रयासों को एक सुनिश्चित दिशा देने के उद्देश्य से नीति आयोग द्वारा 3 से 9 अक्तूबर तक संकल्प सप्ताह, सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास कार्यक्रम के तहत निम्न कार्य किए गए है। जिसमें गुरुवार को ग्राम पंचायत टीहर में एडीओ पंचायत भारत सिंह की अगुआई में प्रधान प्रदीप कुमार गौरव द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय टीहर में स्वच्छता एवं संकल्प, स्वच्छता शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वच्छ घर, गांव के अलावा स्कूल में बच्चों द्वारा वाद, विवाद तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा गांव में सफाई अभियान के साथ साथ गलियों वा विद्यालय में एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया गया तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चो का वजन भी करवाया गया।

# पालिका के इंजीनियरों की लापरवाही से जलमग्न हो गये सैकड़ों बीघे खेत

**● खेत की जुताई बुवाई न हुई तो भुखमरी की नौबत**

**● नाले के निर्माण में मानकों की उड़ाईं धज्जियां**



**संवाददाता।** कोंच, जालौन

**किसानों** ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि नदीगांव रोड पर बाबू पैलेस वाले रास्ते पर नगरपालिका द्वारा नाले का निर्माण कराया गया था। पालिका के इंजीनियर और ठेकेदार की बुद्धिमत्ता का जीता-जागता नमूना यह नाला है जो दर्जनों किसानों की बर्बादी की कहानी लिख रहा है।

क्योंकि आधे नाले का ढाल नदीगांव रोड की तरफ आकर मेन रोड पर बने नाले में जाता है और दूसरे सिरे का ढाल उल्टे तरफ होने के कारण नाले का पानी खेतों में जा रहा है जिसके कारण सैकड़ों बीघे खेत जलमग्न हो गए हैं। इन खेतों में अगर पानी जाने से न रोका गया तो इनमें जुताई बुवाई नहीं हो पाएगी और किसानों के सामने भुखमरी की नौबत बन जाएगी। यह पूरा मामला नगरपालिका सीमा क्षेत्र में होने के साथ ही पालिका प्रशासन के संज्ञान में भी है लेकिन पालिका प्रशासन अभी कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। पिछले साल भी यही स्थिति बनी थी तब यह मामला जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में उठाया गया था और पालिका प्रशासन ने पंपिंग सेट लगवा कर नियमित रूप से नाले के पानी को नदीगांव रोड की तरफ के ढाल में पटका था तब कहीं जाकर खेतों की बुवाई हो सकी थी।

हालांकि पालिका से ढाल नदीगांव रोड की तरफकराने की गुजारिश की गई थी लेकिन तकनीकी पेंच बताकर उस गुजारिश को नजरंदाज कर दिया गया जिससे यह समस्या किसानों के गले की फांस बन कर रह गई है।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**उन्नाव।** उन्नाव जनपद में स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना विषय पर 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु उप शिक्षा निदेशक एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य सतीश कुमार तिवारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह के निर्देशन में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थित स्काउट भवन में हुआ जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने 10 से 17 आयु वर्ग के विद्यार्थियों में प्रोजेक्ट निर्माण द्वारा वैज्ञानिक चेतना के विकास हेतु मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्वयक अवध किशोर ने अतिथियों का स्वागत कर किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विज्ञान शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वह 10 से 17 वर्ष के समस्त बालक बालिकाओं का पंजीकरण कराएं तथा अपने मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट निर्माण का कार्य संपन्न कराएं। तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस-पश्चिमी उत्तर प्रदेश की नोडल एजेंसी इस्कॉस के प्रतिनिधि एवं विज्ञान संचारक डॉ. विकास मिश्रा ने प्रोजेक्ट निर्माण के संबंध में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा बताया कि एक अच्छा प्रोजेक्ट वह है जो स्थानीय समस्याओं के निराकरण में सक्षम हो तथा उसमें मौलिकता हो। उन्होंने इंटरनेट आदि से कट कॉपी पेस्ट आदि न करने की सलाह दी तथा कहा कि हमें अपने परिवेश की समस्याओं का अवलोकन करते हुए रिसर्च प्रोजेक्ट का एक संक्षिप्त शीर्षक चयनित करना चाहिए। उन्होंने प्रोजेक्ट निर्माण के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे प्रोजेक्ट निर्माण के साथ ही इसका प्रस्तुतिकरण भी अच्छा होना चाहिए तथा प्रत्येक आंकड़े के सापेक्ष पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने चाहिए।

# लैब सुविधा के बावजूद सरकारी अस्पताल में नहीं हो रही डेंगू व अन्य बीमारियों की जांच

**● मरीजों को दवाइयां बाहर से लाने को किया जा रहा मजबूर**



**संवाददाता।** कायमगंज, फर्रुखाबाद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज नगर सहित काफी बड़े क्षेत्रफल में बसे हजारों ग्रामीणों के लिए एकमात्र स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र है। एक मोटे अनुमान के तौर पर इस सीएचसी में हर महीने तकरीबन 2500 से लेकर 3000 तक केवल बुखार पीड़ित मरीज आ रहे हैं। जैसा कि नाम न छापने की शर्त पर यहां ड्यूटी कर रहे एक स्वास्थ्य कर्मी ने जानकारी दी है। बता दें कि इस समय बुखार पीड़ितों की संख्या अनुमान से भी ज्यादा उपचार के लिए इस अस्पताल में आ रही है। वहीं डेंगू के मरीज भी काफी तादाद में निकल रहे हैं । इसके बावजूद भी इस अस्पताल में डेंगू की पहचान के लिए लैब होने के बावजूद भी जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इतना ही नहीं अन्य प्रकार के भी रक्त की जांच होना भी मुश्किल है।

इस संबंध में कहा जा रहा है कि लैब कर्मचारी प्राइवेट पैथोलॉजी वालों से मिले हुए हैं । अपने निजी लाभ के लिए मरीज को यह सुविधा नहीं दे रहे हैं। मजबूर मरीज इन कर्मचारियों की चाल का शिकार होकर प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटरों से अपने खून की जांच कराने को मजबूर है। यहां इस अस्पताल में कहने को तो डेंगू वार्ड बनाया गया है। लेकिन आज तक इस डेंगू वार्ड में कोई भी मरीज भर्ती नहीं किया गया। हद तो तब हो जाती है जब यहां इस अस्पताल से भले ही मरीज डेंगू से पीड़ित हो। किंतु फिर भी उसे डेंगू पीड़ित घोषित नहीं किया जा रहा है ए यदि कोई आया भी और उसने जिद की तो उस मरीज को तुरंत रेफर कर दिया जाता है । मरीजों की बढ़ती संख्या का लाभ उठाकर यहां कार्यरत अधिकांश डॉक्टर अपने आवासों पर अघोषित ढंग से क्लिनिक चलाते हुए मरीजों को देखते हैं । इन मरीजों को दवाइयां भी बाहर से लाने के लिए ही पर्चा लिखा जाता है। और इस पर्चे में लिखी दवाइयां भी केवल और सिर्फ अस्पताल के पड़ोस में ही स्थित एक मेडिकल पर ही मिलती हैं।

# जिलाधिकारी ने ली राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। 3 व 5 साल पुराने वादों का जल्द से जल्द निस्तारण कराने के निर्देश दिए। सभी मजिस्ट्रेट को निरन्तर कोर्ट में बैठने के निर्देश दिए। जीएसटीए स्टाम्प, परिवहन,आबकारी को वसूली में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। समस्त नगर निकायों में वसूली हेतु एक डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। नगर निकायों में अभियान चलाकर की जाए वसूली। सचिव मण्डी कायमगंज अनुपस्थित के जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश जारी किये।

# चेयरमैन के नेतृत्व में आधा सैकड़ा लोगों का जत्था केदारनाथ रवाना



**रूरा, कानपुर देहात।** नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता के नेतृत्व में सभासदों व व्यापारियों का आधा सैकड़ा लोगों का जत्था केदारनाथ के लिये रवाना हुआ। इस मौके पर तीर्थयात्रियों ने हर-हर महादेव का जयघोष किया। रूरा नगर पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक विजय दर्ज करने से पूर्व चैयरमैन रामजी गुप्ता उत्तराखण्ड के बेहद प्रतिष्ठित तथा देश के ज्योतिर्लिंगों में अपना अलग स्थान बनाने वाले भगवान भोले केदारनाथ व तमिलनाडु के रामेश्वरम सहित अन्य स्थानों की यात्रा की थी, चैयरमैन ने देश की पवित्र व प्रतिष्ठत करीब एक दर्जन नदियों के जल से शिवलिंगों का जलाभिषेक कर कस्बे की समृद्धि के लिये मनोकामना की थी। प्रगति व विकास के पथ पर अग्रसर रूरा कस्बे में इस समय वर्षों बाद लोगों की समस्याओं का जमीनी धरातल पर समाधान हुआ है। गुरूवार की शाम को चैयरमैन रामजी गुप्ता के नेतृत्व में सभासद सुरेश कुमार, हिमांशु गुप्ता, अंशुल बाजपेई, व्यापारी नेता लाभम गुप्ता, अखिलेश गुप्ता लल्ला, दुर्गेश दीक्षित, श्रवण गुप्ता, अमित शर्मा, संजय द्विवेदी, यदुवीर भदोरिया, अभिषेक दीक्षित, शारदा गुप्ता, संजीव गुप्ता लल्ला धमाका गोमती एक्सप्रेस से केदारनाथ की ओर यात्रा करने के लिये अपने गतव्य की ओर रवाना हुए।

# प्राथमिकता पर करें भूमि विवाद के मामलों का निस्तारण: जिलाधिकारी



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता कानून व्यवस्था एवं भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने आगामी नवरात्रि, दशहरा आदि के दृष्टिगत सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायत में एसडीएम व सीओ बैठक कर ग्रामीणवासियों को त्योहारों के दृष्टिगत क्या सावधानी बरते इस सम्बन्ध में जागरूक करें तथा गांव से सम्बन्धित अन्य सभी शिकायतों का भी निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि थानों पर बने त्योहार रजिस्टर को चेक करें, सभी पूजा-अर्चना स्थलों जहां पर भी भीड़ की संभावना है, उसके आसपास सभी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद संबंधित मामलों को प्राथमिकता पर लेकर उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी निस्तारण करें।

## मधुमक्खियों के हमले से किसान की मौत

**घाटमपुर।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में भैरा मधु मक्खियों के हमले से एक की मौत हो गयी तथा तीन लोगों को मरणासन्न कर दिया जिन्हे घाटमपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कानपुर देहात की सीमा पर स्थित गांव अकबरपुर झबैया निवासी धर्मेन्द्र खेती किसानी करते है गुरुवार खेत में गये थे, तभी वहीं आम के पेड़ में लगे मधु मक्खी के छत्ते की भैरा मक्खी किसी तरह उत्तेजित गयी और धर्मेन्द्र पर हमला कर दिया, परिजनों के मुताबिक घटना के समय वो अकेले थे, दोपहर बाद परिजन खेतों में गये तो धर्मेन्द्र पड़ा मिला, बाद में इलाज के लिये घर वाले उसे सीएचसी ले गये जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रेवना पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

# पेज एक का शेष

## भारत का...

है। ट्रूडो, जो लिबरल पार्टी के नेता हैं, जो न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के साथ सत्ता साझा करते हैं, जिसके प्रमुख भारतीय मूल और कनाडाई सिख नेता जगमीत सिंह हैं। द फाइनेंशियल टाइम्स ने बोहेम के हवाले से कहा, भारत जानता है कि जवाबी कार्रवाई करने की हमारी क्षमता सीमित है, हमारी अल्पमत सरकार है और इसके परिणामस्वरूप होने वाली राजनीति के बारे में पता है। इसके अलावा भारत में चुनाव होने वाले हैं। पिछले मौकों पर, भारत ने कहा है कि वह देश और कनाडा में समान संख्या में राजनयिक तैनात करना चाहता है। दिल्ली में अपने उच्चायोग में कनाडा के भारत की तुलना में कई दर्जन राजनयिक तैनात हैं। इस मामले पर ओटावा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के जवाब में भारत ने एक कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया। नई दिल्ली ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीज़ा सेवाएं भी निलंबित कर दीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 26 सितंबर को कनाडा पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा पर प्रतिक्रिया निर्धारित करने के लिए राजनीतिक सुविधा की अनुमति नहीं देने को कहा। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

## कनाडा विवाद...

की हत्या में भारत की संलिप्तता को लेकर कनाडा के आरोप गंभीर हैं और इनकी अच्छी तरह से जांच करने की जरूरत है। गार्सेटी ने यह भी कहा था कि अमेरिका को अनिर्धारित अवधि के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ अपने संपर्क कम करने की आवश्यकता हो सकती है। जो बाइडन प्रशासन अब तक कहता रहा है कि कनाडाई सरकार के आरोपों की जांच की जानी चाहिए। यह मामला विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की पूर्व अमेरिकी यात्रा के दौरान एक बैठक के दौरान सामने आया था। इस मुद्दे पर विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन और व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संचार के समन्वयक जॉन किर्बी से मुलाकात होने पर चर्चा हुई थी। तब किर्बी ने कहा था, हम इस मामले को दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में बात करें। उन्होंने पहले कहा था कि आरोप निश्चित रूप से गंभीर हैं, उनकी पूरी तरह से जांच की जानी चाहिए, हम भारत से आग्रह करते हैं कि उस जांच में सक्रिय रूप से भाग लें। इससे पहले, द वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट दी थी कि कनाडाई अधिकारियों ने जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले अमेरिका सहित अपने सहयोगियों से निज्जर की हत्या की सार्वजनिक निंदा की मांग की थी, लेकिन वे अनिच्छुक थे।

## संजय सिंह...

है कि सिंह की गिरफ्तारी भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी चुनाव जीतने का एक प्रयास है क्योंकि उन्हें अपने गठबंधन पर भरोसा नहीं है। गोपाल राय ने विरोध प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया, भाजपा ने देशव्यापी सर्वेक्षण कराया है और उसे पता है कि हार निश्चित है। उसका राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में विश्वास नहीं है, और इसलिए वह ईडी द्वारा गिरफ्तारी कराकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि उन्होंने संसद में अडानी समूह से संबंधित मुद्दे उठाए थे। सिंह को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के मामले में कथित तौर पर भ्रष्टाचार को लेकर बुधवार को गिरफ्तार किया गया था।

## भारतीय जनता...

मानसिक रूप से बीमार होने और आत्ममुग्धता के विकार से पीडि़त होने का सबूत देना एक बात है। लेकिन अपनी पार्टी से इस तरह के घृणा से भरे कंटेंट बनवाना न केवल पूरी तरह से अस्वीकार्य है, बल्कि बेहद ख़तरनाक भी है। रमेश ने कहा, हम डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, सर्वश्री नरेन्द्र मोदी जी एवं जेपी नड्डा जी, आप राजनीति और बहस-मुबाहसे को गिरावट की कौन-सी मंज़िल तक ले जाना चाहते हैं? आपकी पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जो हिंसक और उकसाऊ ट्वीट किए जा रहे हैं, क्या उसमें आपकी सहमति है? उन्होंने यह सवाल भी किया, ज्यादा समय नहीं बीता, आपने शुचिता की क़सम खाई थी। क्या वादों की तरह क़समें भी भूल गए? कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल ने 1945 में एक पत्रिका में प्रकाशित एक चित्र का हवाला दिया और दावा किया कि भाजपा के वैचारिक पूर्वजों ने महात्मा गांधी समेत 10 स्वतंत्रता सेनानियों को दशानन के रूप में चित्रित किया था, लेकिन वर्तमान समय में भाजपा उन्हीं महापुरुषों की विरासत को अपनाने का प्रयास कर रही है। सप्पल ने भाजपा के पोस्ट को दोबारा पोस्ट करते हुए कहा, एक बार आपके पूर्वजों ने ऐसा ही एक कार्टून छापा था। अन्य लोगों के अलावा, इसमें महात्मा गांधी, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू को रावण के रूप में दर्शाया गया था जबकि विनायक दामोदर सावरकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राम और लक्ष्मण के रूप में। उन्होंने दावा किया, दशकों बाद, आप (भाजपा) उनमें से अधिकतर के सामने झुकने, सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने और सम्मान करने के लिए मजबूर हो गए हैं, जिन्हें आपके पूर्वजों ने रावण के रूप में चित्रित किया था। आज आप उनकी विरासत को अपनी विरासत के रूप में अपनाने का प्रयास करते हैं। सप्पल ने कहा, बस कुछ समय रुकिए, फिर वही होगा। राहुल गांधी एक ऐसे रास्ते पर चल रहे हैं जो आपको एक बार फिर झुकने पर मजबूर कर देगा, क्योंकि भारत में सदैव सत्यमेव जयते।

# पटरी दुकानदारों की समस्याओं को लेकर डीएम से की मुलाकात



**संवाददाता।** फतेहपुर

उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां जिलाधिकारी से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि शहर क्षेत्र के लखनऊ बाईपास, नऊवाबाग, लोधीगंज, आईटीआई रोड सहित अनेक क्षेत्रों में अति निर्धन सूक्ष्म व्यापार करने वाले पथ व्यापारी ठेला, गुमटी व पथ पर अपना सूक्ष्म रोजगार करके अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। साथ ही बच्चों की शिक्षा आदि करते हैं। पटरी दुकानदारों के रोजगार को विकसित करने हेतु पालिका परिषद द्वारा दस हजार रुपये का लोन दिया जा रहा है। लोन से पथ व्यापारी अपने सूक्ष्म रोजगार से किश्त की अदायगी व जीवन यापन में संचालित है। इन सभी पथ व्यापारियों के स्थान का आवंटन नगर पालिका परिषद द्वारा नहीं किया गया है। आये दिन प्रशासन द्वारा इन्हें उजाड़ दिया जाता हैं। ऐसे में रोजगार विहीन सूक्ष्म व्यापारी लोन की अदायगी व परिवार के जीवन यापन से वंचित बना रहता है। मांग किया पथ व्यापारियों के लिए स्थान का आवंटन नगर पालिका परिषद की ओर से कराया जाये।

# यूक्रेनी गांव पर रूस के हमले में 51 लोगों की मौत

● यूक्रेन के अधिकारी का दावा

भाषा। कीव



**एक रूसी रॉ**केट से बृहस्पतिवार को पूर्वी यूक्रेन में एक गांव के कैफे और स्टोर पर हमला किया जिसमें कम से कम 51 नागरिकों की मौत हो गई। राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की और कीव के अन्य शीर्ष अधिकारियों की तरफ से यह जानकारी दी गई।

यह हमला ऐसे वक्त हुआ जब जेलेंस्की यूक्रेन के सहयोगियों के समर्थन जुटाने के लिए 50 यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए स्पेन में हैं। उन्होंने ह्रोज़ा गांव में हुए हमले की निंदा करते हुए इसे काफी क्रूर रूसी अपराध और पूरी तरह से जानबूझकर किया गया आतंकवादी कृत्य बताया।

मृतकों की संख्या बताने वाले आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि कैफे में लगभग 60 लोग थे, जो एक अंतिम संस्कार के बाद प्रार्थना में शामिल हो रहे थे। राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ एंद्री एरमाक और खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने बताया कि मारे गए लोगों में छह वर्षीय एक बच्चा भी शामिल है। कीव से प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गांव पर इस्कंदर मिसाइल से हमला किया गया था। आपातकालीन दल ने क्षतिग्रस्त इमारतों के सुलगते मलबे की खोज की। यूक्रेनी अभियोजकों ने खून से लथपथ शव दिखाते हुए तस्वीरें जारी कीं।बृहस्पतिवार को, जेलेंस्की स्पेन के ग्रेनाडा में यूरोपीय राजनीतिक समुदाय के एक शिखर सम्मेलन में थे, जहां उन्होंने अधिक पश्चिमी समर्थन की मांग करते हुए कहा कि रूसी आतंक को रोका जाना चाहिए।उन्होंने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, रूस को केवल एक ही चीज़ के लिए इस तरह के आतंकवादी हमलों की ज़रूरत है: अपनी नरसंहार आक्रामकता को पूरी दुनिया के लिए नया आदर्श बनाना। उन्होंने कहा, हमारे लिए अहम बात विशेष रूप से सर्दियों से पहले वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करना है और भागीदारों के साथ नए समझौतों का आधार पहले से ही मौजूद है। पिछली सर्दियों के दौरान, रूस ने लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों से यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली और कई अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, जिससे पूरे देश में लगातार बिजली कटौती शुरू हो गई।

### यूरोप के 50 नेता स्पेन में एक बैठक में यूक्रेन के लिए अपने समर्थन पर जोर देंगे

**ग्रेनाडा (स्पेन)।** स्पेन के ग्रेनाडा मे लगभग 50 यूरोपीय नेता बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर देने के लिए एकत्रित हो रहे है कि वे यूक्रेन के साथ खड़े है। यह बैठक ऐसे समय मे हो रही है जब यूक्रेन को समर्थन देने का पश्चिमी संकल्प कुछ हद तक कमजोर दिखाई दे रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की यूरोपीय राजनीतिक समुदाय (ईपीसी) मंच की बैठक मे मौजूद है। मंच का गठन फरवरी 2022 मे यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के मद्देनजर किया गया था, जिसने महाद्वीप के राजनीतिक एजेंडे को काफी हद तक बदल दिया और महाद्वीप मे शांति एवं स्थिरता पर लंबे समय से चली आ रही मान्यताओं को मूल रूप से कमजोर कर दिया था।

## रामास्वामी ने यूक्रेन में चुनाव कराने के लिए अमेरिका से और निधि मांगने पर जेलेंस्की की आलोचना की

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल विवेक रामास्वामी ने यूक्रेन में चुनाव कराने के लिए अमेरिका से अतिरिक्त धन मांगने पर युद्धग्रस्त देश के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की आलोचना की है। रामास्वामी ने यह भी कहा है कि वह अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार बनने की राह पर हैं। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में 38 वर्षीय रामास्वामी ने अपने उस बयान का बचाव किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर वह अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए तो यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता में कटौती कर देंगे। उन्होंने कहा, मुझे तुष्टिकरण से भी समस्या है, लेकिन मैं बहुत स्पष्ट होना चाहता हूं। हमें यहां अमेरिकी लोगों के बराबर रहना होगा। सिर्फ इसलिए कि पुतिन एक दुष्ट तानाशाह हैं और वास्तव में वह ऐसे हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि यूक्रेन भला है। रामास्वामी ने कहा, यह (यूक्रेन) एक ऐसा देश है जिसने 11 विपक्षी दलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यही वह देश है जिसने सभी मीडिया संगठनों का एक सरकारी मीडिया शाखा में विलय कर दिया है, जिसके राष्ट्रपति ने पिछले हफ्ते एक नाजी की प्रशंसा की थी, उन्होंने अमेरिका को धमकी दी है कि अगर उन्हें अधिक धन नहीं मिलता है तो वह इस साल अपने देश यूक्रेन में आम चुनाव नहीं कराएंगे। रामास्वामी ने कहा कि वह नवंबर 2024 के चुनावों के लिए रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने की राह पर हैं। उन्होंने कहा, छह महीने पहले यहां तक कि पांच महीने पहले भी इस देश में अधिकांश लोग नहीं जानते थे कि मैं कौन हूं। अब हम पहले से ही कई मामलों में राष्ट्रीय औसत में तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय अमेरिकी नेता ने कहा, मुझे लगता है कि हम नामांकन की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन मेरे लिए यह मेरे बारे में नहीं है। यह ट्रंप के बारे में नहीं है। यह अमेरिका को पहले स्थान पर रखने के बारे में है।

### क्विक न्यूज

#### दो करोड़ अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी के लिए भारतीय मूल के व्यक्ति को सजा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका मे कोरोनावायरस महामारी के बाद सरकार की वित्तीय मदद योजना से दो करोड़ अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोप मे भारतीय मूल के 54 वर्षीय व्यक्ति को तीन साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई गई है। न्याय विभाग ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि ह्यूस्टन के रहने वाले प्रदीप बसरा लाखो डॉलर के कोविड-19 राहत घोटाले का हिस्सा है और उसे पूर्व मे धोखाधड़ी के आरोपो मे दोषी ठहराया गया था। बयान मे कहा गया है कि उसे, उसके छह सह-साजिशकर्ताओं के साथ सोमवार को तीन साल और पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। साजिश मे शामिल आरोपियो को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा सुनाई गई है। मुख्य साजिशकर्ता आमिर अकील को धोखाधड़ी के लिए 15 साल जेल की सजा सुनाई गई है।

#### सीरिया में सेना के एक कार्यक्रम के दौरान ड्रोन हमले में कई की मौत, कई अन्य घायल

**बेरूत।** सीरिया के होम्स शहर मे बृहस्पतिवार को सेना के रंगरूटो के एक दीक्षांत समारोह के दौरान एक ड्रोन हमले मे कई सैनिको और आम नागरिको की मौत हो गई तथा दर्जनो अन्य घायल हो गए। सीरियाई सरकारी टेलीविजन ने यह खबर दी है। सीरिया की सेना ने एक बयान मे कहा कि यह यह समारोह समापन की ओर था तब विस्फोटको से लैस से एक ड्रोन से उसे निशाना बनाया गया। उसने इस हमले के लिए ज्ञात अंतरराष्ट्रीय ताकतो द्वारा समर्थित उग्रवादियो को जिम्मेदार ठहराया। उसने कहा कि महिलाओ और बच्चो समेत घायल हुए लोगो मे कुछ की हालत नाजुक है। उसने यह नही बताया कि कितने लोगो की जान गई है और न ही किसी खास व्यक्तिासंगठन को इस घातक हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया।

#### मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल करेगा जागरुक

**कोलकाता।** पाम ऑयल उद्योग अपने पर्याप्त आर्थिक प्रभाव और सामर्थ्य के कारण लंबे समय से वैश्विक व्यापार की आधारशिला के रूप में खड़ा है। उपभोक्ताओं को पाम ऑयल के वास्तविक लाभों के बारे में शिक्षित करने के प्रयास में, मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल एमपीओसी ने हाल ही में भारत के कोलकाता में फोरम कोर्टयार्ड मॉल में एक उपभोक्ता जागरूकता पहल आयोजित की। अंगशु मल्लिक सीईओ अदाणी विल्मर लिमिटेड ने कहा कि पाम ऑयल के बारे में सटीक जानकारी न केवल आवश्यक है, बल्कि ज्ञानवर्धक भी है, जिससे उपभोक्ताओं को निराधार भय को दूर करते हुए सूचित और स्वस्थ विकल्प चुनने में मदद मिलती है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा,स्थिरता और तटस्थ स्वाद प्रोफ़ाइल के कारण, पाम ऑयल लंबे समय से भारतीय व्यंजनों सहित विभिन्न वैश्विक व्यंजनों में एक आवश्यक घटक रहा है। यह कई खाद्य उत्पादो,जैसे बेक्ड सामान,मार्जरीन और स्नैक फूड में भी एक महत्वपूर्ण घटक है, जहां इसके अद्वितीय गुण वांछनीय टेक्सचर और स्वाद में योगदान करते हैं। डा.केतन मेहत प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट और वाइस प्रेजिडेंट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुंबई वेस्ट ने कहा कि पाम ऑयल प्राकृतिक रूप से विटामिन ई और विटामिन सहित एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन से समृद्ध है।

#### सिंगापुर में भारतीय मूल के न्यायाधीश दीदार सिंह गिल की सेवा अवधि बढ़ी

**सिंगापुर।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने नगर-राज्य के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में भारतीय मूल के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीदार सिंह गिल की नियुक्ति तीन साल के लिए बढ़ा दी है। इस बारे में बृहस्पतिवार को घोषणा की गई। राष्ट्रपति ने भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अर्जन कुमार सीकरी सहित 18 अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीशों की नियुक्ति भी पांच जनवरी, 2024 से तीन साल के लिए बढ़ा दी है।

#### नॉर्वे के लेखक फॉसे ने जीता साहित्य का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** साहित्य मे नोबेल पुरस्कार नॉर्वे के लेखक जॉन फॉसे को उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिए दिया गया है, जो अनकही को आवाज देते है। स्वीडिश अकादमी ने यह जानकारी दी। अकादमी के स्थाई सचिव मैट्स माल्म ने बृहस्पतिवार को स्टॉकहोम मे पुरस्कार की घोषणा की। स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल द्वारा छोड़ी गई वसीयत के तहत नोबेल पुरस्कारों मे 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (10 लाख डॉलर) का नकद पुरस्कार दिया जाता है। दिसंबर मे आयोजित पुरस्कार समारोह मे विजेताओं को 18 कैरेट का स्वर्ण पदक और डिप्लोमा भी प्रदान किया जाएगा।

#### नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस से पूछताछ की

**ढाका।** बांग्लादेश के आधिकारिक भ्रष्टाचार रोधी निकाय भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने बृहस्पतिवार को मुहम्मद यूनुस से धनशोधन और धन के गबन के आरोप मे पूछताछ की। यूनुस को 2006 मे नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।यूनुस ने बांग्लादेश मे गरीब लोगो की मदद के लिए अति सूक्ष्म ऋण के उपयोग की शुरुआत की थी और उनके मॉडल को दुनिया भर के कई अन्य देशो मे दोहराया गया। उनकी कानूनी परेशानियो ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। कई पर्यवेक्षको का मानना है कि वे (आरोप) राजनीति से प्रेरित है।

#### बाइडन का कमांडर अब व्हाइट हाउस में नहीं रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का पालतू श्वान कमांडर अब व्हाइट हाउस मे उनके साथ नही रहेगा। यह फैसला कर्मचारियों और यूएस सीक्रेट सर्विस के अधिकारियो को काटने की घटनाओ के बाद लिया गया। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन की प्रवक्ता ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी।प्रथम महिला की संचार निदेशक एलिजाबेथ एलेक्जेंडर ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन और उनकी पत्नी व्हाइट हाउस के कर्मचारियो और हर दिन उनकी सुरक्षा मे तैनात कर्मियो की सुरक्षा को महत्व देते है।उ

#### अमेरिका में गोलीबारी में गर्भवती महिला के बच्चे की मौत

**होलयोक (अमेरिका)।** अमेरिका मे पश्चिमी मैसाचुसेट्स के होलयोक शहर की एक सड़क पर झगड़े के दौरान हुई गोलीबारी मे घायल हुई गर्भवती महिला ने अपने बच्चे को खो दिया। प्राधिकारियो ने बताया कि गोलीबारी मे कई अन्य लोग भी घायल हुए।

## सेना प्रमुख को हटाने के लिए मई में हिंसा की साजिश रची गई

● इमरान खान के सहयोगी का दावा

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी उस्मान डार ने कहा है कि खान ने नौ मई की हिंसा और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को हटाने के मकसद से संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले की साजिश रची। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, खान के भरोसेमंद सहयोगियों में से एक माने जाने वाले डार नौ मई को अर्द्धसैनिक रेंजर द्वारा पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान की गिरफ्तारी के कारण पाकिस्तान में अशांति फैलने के बाद कथित तौर पर भूमिगत हो गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की अभूतपूर्व हिंसा के दौरान उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित कई सैन्य और सरकारी इमारतों को आग लगा दी गई और तोड़फोड़ की गई। डार, खान की पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं वाले संगठन टाइगर फोर्स के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। वह बुधवार को फिर से सामने आए और एक टीवी कार्यक्रम में खान के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। डार ने दावा किया कि नौ मई की हिंसा में संवेदनशील प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की साजिश खान की अध्यक्षता में एक बैठक में रची गई थी और पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी की स्थिति में इन पर हमला करने के निर्देश दिए गए थे। डार ने कहा कि नौ मई की हिंसा का मकसद सेना पर दबाव बनाना और जनरल मुनीर को उनके पद से हटाना था। डार ने कहा कि नौ मई तो महज एक तारीख थी, सेना के खिलाफ साजिश लंबे समय से रची जा रही थी। डार ने कहा, (खान के आवास पर बैठकों में) इस बात पर चर्चा हुई कि दबाव बनाने के लिए यदि आवश्यक हो तो सरकारी संस्थानों पर हमला करना चाहिए। उन्होंने कहा, जब पुलिस ने खान को गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो उन्होंने लाहौर के जमान पार्क स्थित अपने आवास पर विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से पार्टी कार्यकर्ताओं को बुलाया। दरअसल, खान ने उन्हें सुरक्षा एजेंसियों से मुकाबला करने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। खान बृहस्पतिवार को 71 साल के हो गए। उन्हें इस साल पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। खान वर्तमान में रावलपिंडी की अदियाला जेल में हैं। डार ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार को शीघ्र आम चुनाव की तारीख घोषित करने को लेकर मजबूर करने के लिए खान के नेतृत्व में अक्टूबर 2022 की रैली सेना प्रमुख के रूप में जनरल मुनीर की नियुक्ति को रोकने के लिए आयोजित की गई थी। डार ने साक्षात्कार के दौरान खान की पार्टी और राजनीति छोड़ने के अपने फैसले की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी में एक विमर्श गढ़ा गया था कि खान की गिरफ्तारी को हर कीमत पर विफल किया जाना चाहिए। इसके बाद, पार्टी कार्यकर्ता खान की गिरफ्तारी को रोकने के लिए उनके आवास पर एकत्र हो गए।

### इमरान खान अदियाला जेल में कुरैशी से मिले



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान गोपनीय दस्तावेज मामले में सुनवाई के दौरान अदियाला जेल मे अपनी पार्टी के वरिष्ठ सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी से मिले। मीडिया की एक खबर मे यह कहा गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान बृहस्पतिवार को 71 वर्ष के हो गए। खान 26 सितंबर से रावलपिंडी की अदियाला जेल मे बंद है। उन्हे पंजाब प्रांत की अटक जेल से अदियाला मे स्थानांतरित किया गया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने अधिकारियो को खान को उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल मे स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के मुताबिक जेल मे बंद दोनो नेताओ खान-कुरैशी की यह पहली मुलाकात थी। तीस सितंबर को, पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत मे खान और कुरैशी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

### इमरान ने तोशाखाना मामले में निचली अदालत के फैसले को लेकर उच्च न्यायालय का रुख किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में निचली अदालत के फैसले को निलंबित करने का अनुरोध करते हुए बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) का रुख किया। एक महीने पहले, सरकारी तोहफे संबंधी विवरण छिपाने के लिए उच्च न्यायालय ने जेल में बंद खान की तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया था। खान बृहस्पतिवार को 71 साल के हो गए। उन्हें इस साल पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था और अदालत द्वारा तोशाखाना (उपहार संग्रह करने के लिए सरकार की इकाई) भ्रष्टाचार मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस्लामाबाद की निचली अदालत ने पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ प्रमुख खान को तोशाखाना मामले में भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया था। बाद में, उच्चतम न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा खान की दोषसिद्धि में प्रक्रियात्मक विसंगति का उल्लेख किया।

### पाकिस्तानी मीडिया पर नियंत्रण चाहता है चीन: अमेरिकी रिपोर्ट

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका की एक** आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने मीडिया की खबरों पर अपनी पकड़ बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियानों का एक जाल विकसित किया है और उसकी कोशिश पाकिस्तानी मीडिया पर अच्छा–खासा नियंत्रण हासिल करने की है।विदेश विभाग ने पिछले सप्ताह यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि सूचना के क्षेत्र में रूस के साथ मिलकर काम करने के अलावा चीन ने प्रतिकूल बयानों का मुकाबला करने के लिए अन्य करीबी साझेदारों को शामिल करने का प्रयास किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनमें से प्रमुख साझेदारों में एक पाकिस्तान भी है।रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के साथ बीजिंग ने चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) मीडिया फोरम सहित दुष्प्रचार से निपटने पर सहयोग को गहरा करने की मांग की है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीजिंग और इस्लामाबाद मीडिया मंच का उपयोग उन चीजों को संबोधित करने के लिए करते हैं जिन्हें वे प्रचार व दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार के रूप में देखते हैं और उन्होंने सीपीईसी रैपिड रिस्पांस इंफॉर्मेशन नेटवर्क जैसी पहल शुरू की है और हाल में चीन–पाकिस्तान मीडिया कॉरिडोर (सीपीएमसी) शुरू करने का वादा किया है। विदेश मंत्रालय की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने चीन–पाकिस्तान मीडिया कॉरिडोर के तहत पाकिस्तानी मीडिया पर महत्वपूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए बातचीत करने की मांग की, जिसमें पाकिस्तान के सूचना माहौल की निगरानी और इसे आकार देने के वास्ते संयुक्त रूप से संचालित नियंत्रण केंद्र की स्थापना भी शामिल है।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SHRI SANJEEV KUMAR AGRAWAL** alias **SHRI SANJEEV AGRAWAL S/O LATE SHRI R.K. AGRAWAL** alias **RAJ KUMAR AGGARWAL R/O FLAT NO.D-26, GHARONDA APARTMENTS, SRESHTHA VIHAR, DELHI-110092**, is the allottee/owner of **FLAT NO. D-26, GHARONDA CGHS LTD., known as GHARONDA APARTMENTS, PLOT NO.2, SRESHTHA VIHAR, DELHI-110092.** The original documents i.e. **Original SHARE CERTIFICATE** of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No. 975464/2023** dated **05.10.2023**). Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with **above named** person at above Address/Phone No. **9540012991**, within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Group Housing) or Director (Group Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal (Advocate)**
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Anita Devi is in process to avail loan against her Entire Ground Floor (without roof/terrace rights) Part of Property No. 3-A, area measuring 87 Sq. Yds. part of Khasra No. 350, situated in the Lal Dora of Village Pitam Pura, Delhi having acquired the same vide sale deed dated 24/10/2005 (document no. 32496)
whereas she has lost the following original document/s pertaining to the said property although they have also lodged a complaint in lieu of that on dated 3/10/23 with the concerned Police station
1.Original Relinquishment Deed dated 22-09-2005 executed by 1) Mr. Naresh Kumar 2) Mr. Vijender Singh, 3) Mr. Bobby Beniwal 4) Mrs. Sunita in favour of Mr. Surender Singh S/o Late Ram Chander in favour of rohtash (Document No. 30081)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

IT MAY BE KNOWN TO EVERYBODY THAT MY CLIENT SH. MANISH JAISWAL, S/O SH. G.S. JAISWAL, R/O C-58, GF, RAMPRASTHA, GHAZIABAD (UP) IS INTENDING TO PURCHASE A BUILT UP PROPERTY MEASURING 100 SQ. YDS PLOT NO. B-32/6, SL. NO. 2052, WARD NO. 87, FORMING PART OF KHASRA NO. 532/5 ETC. SITUATED AT VILL. JHILMIL TAHIRPUR, IN THE ABADI OF DILSHAD GARDEN, ILLAQA SHAHDARA, FROM SH. DEEPAK GUPTA S/o SH. SAT PAL GUPTA, R/o H. No. 251-252-255, POCKET D-16, SECTOR-3, ROHINI, DELHI – 110085, SH. SHRI NIWAS BANSAL, S/O. SH. T.R. BANSAL, R/O. H. NO. C-323, YOJNA VIHAR, DELHI – 110092, SH. RAJESH GUPTA, S/O. SH. VIJAY GUPTA, R/O. H. NO. 27/92, GALI NO. 7, VISHWAS NAGAR, SHAHDARA, DELHI – 110032 AND SH. VINOD KUMAR GUPTA, S/O. SH. M.L. GUPTA, R/O. H. NO. 1382, DDA JANTA FLATS, GTB ENCLAVE, NAND NAGRI, SHAHDARA, DELHI – 110093, WHOSOEVER HAS ANY CLAIM IN THE ABOVE PROPERTY, IS HEREBY REQUESTED TO CONTACT THE UNDERSIGNED WITHIN 15 DAYS OF THIS PUBLICATION, FAILING WHICH IT WILL BE PRESUMED THAT NO ONE HAS ANY CLAIM IN THE PROPERTY UNDER SALE.

(V.K.SHARMA) ADVOCATE
102, Shivpuri, Delhi – 110051
M: 9811116149

## लंदन में भारतीय दूतावास के सामने खालिस्तान के समर्थन में प्रदर्शन के आरोप में एक गिरफ्तार

भाषा। लंदन

**स्कॉटलैंड यार्ड** (लंदन महानगर पुलिस) ने इस साल मार्च में लंदन स्थित भारत के उच्चायोग पर हुए हमले और हिंसक अव्यवस्था पैदा करने के आरोप में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। महानगर पुलिस ने कहा कि सोमवार को इंडिया हाउस के सामने प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति के संबंध 19 मार्च के प्रदर्शन से भी पाए गए और उसे जांच लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश सिख को सोमवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी पकड़ कर ले जाते दिखे थे। प्रदर्शनकारी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा वांछित आंतकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के संबंध होने के दावे को लेकर ब्रिटिश सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे थे जबकि भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए उसे बकवास और प्रेरित बताया है। महानगर पुलिस ने एक बयान में बताया, सोमवार दो अक्टूबर को एक व्यक्ति को भारतीय उच्चायोग के सामने से 19 मार्च को उसी स्थान पर हिंसक प्रदर्शन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके मुताबिक, व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और आगे की जांच तक जमानत दे दी गई। व्यक्ति की पहचान आरोप तय होने के बाद ही जाहिर कह जा सकती है ।

## कैलाश मानसरोवर के लिए एक अरब हिंदू तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करना नेपाल का लक्ष्य: विदेश मंत्री

**काठमांडू।** तिब्बत स्थित कैलाश मानसरोवर तक पहुंचने के लिए हिंदू तीर्थ यात्रियों को सबसे छोटा मार्ग मुहैया कराने के मकसद से नेपाल ने एक अरब हिंदू तीर्थयात्रियों को इस पवित्र स्थान की यात्रा में मदद करने की योजना बनाई है, जो चीन के साथ एक समझौते के अमल में आने के बाद हकीकत बन सकेगा। नेपाल के विदेश मंत्री नरायण प्रकाश सउद ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्गारी में स्थित कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा को दुनियाभर के हिंदुओं द्वारा सबसे पवित्र यात्रा के रूप में माना जाता है। तिब्बत में मौजूद इन दो प्राकृतिक पवित्र स्थानों में बौद्ध, जैन और तिब्बत के स्थानीय बोनपा श्रद्धालु भी काफी विश्वास रखते हैं। सउद की यह महत्वकांक्षी योजना अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनियाभर से भारी संख्या में हिंदू नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा करना पसंद करते हैं। इतना ही नहीं वे भारतीय, जो समय बचाना चाहते हैं और भारतीय क्षेत्र में आने वाली कठिन चढ़ाई से बचना चाहते हैं वे भी निजी संचालकों के माध्यम से नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर जाने का विकल्प चुनते हैं। इस वजह से यह यात्रा नेपाल सरकार के लिए एक फायदे का सौदा साबित होती है।

### भारत, चीन समेत सभी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध विकसित करना चाहता है नेपाल



**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद ने कहा है कि उनका देश न केवल भारत और चीन के साथ, बल्कि अमेरिका सहित दुनिया के अन्य सभी देशों के साथ पारस्परिक लाभ के आधार पर सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाना चाहता है। सऊद ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के साथ हाल मे चीन का दौरा किया था। विदेश मंत्री ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि दोनो पक्ष सीमा मुद्दों को हल करने के लिए बहुत पहले गठित संयुक्त सीमा मिति को फिर से सक्रिय करने पर सहमत हुए है। सऊद ने कहा, कुछ लोग कहते है कि (नेपाल) सरकार चीन की ओर झुकी हुई है, अन्य कहते है कि हम भारत की ओर झुके हुए है, और कुछ तो ए भी कहते है कि हम अमेरिका की ओर झुके हुए है।

# नया शोध: नही होती है पेनिसिलिन से एलर्जी

● अधिकांश लोगों को पर ऐसा लगता है

भाषा। लंकाशायर (यूके)

**यूनाइटेड किंगडम** में लगभग 6 प्रतिशत लोगों के मेडिकल रिकार्ड में यह गलत जानकारी दर्ज की गई है कि उन्हें पेनिसिलिन से अलर्जी है। रॉयल फार्मास्युटिकल सोसाइटी ने इस आशय की चेतावनी दी है।यह आंकड़ा चिंताजनक है क्योंकि अत्यधिक प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं के इस वर्ग से एलर्जी के रूप में लेबल किए जाने से संक्रमण के कारण प्रति वर्ष प्रति 1,000 रोगियों में छह अतिरिक्त मौतें होती हैं। यदि रोगियों को उनके संक्रमण के लिए सही एंटीबायोटिक मिले, तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।एलर्जी हमारे बीच अलग–अलग होती है, लेकिन पेनिसिलिन से एलर्जी वाले किसी व्यक्ति को आमतौर पर दाने, खुजली और सूजन हो जाती है। उनका गला बैठ सकता है और सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।किसी अस्वस्थ व्यक्ति में पेनिसिलिन एलर्जी का निदान करना मुश्किल हो सकता है। आमतौर पर, यह तब किया जाता है जब बुखार से पीड़ित बच्चे के कान या गले में संक्रमण के लक्षणों का इलाज करने के लिए पेनिसिलिन का उपयोग किया जाता है। यदि उनमें दाने विकसित हो जाते हैं, तो सुरक्षित उपाय के तहत, डॉक्टर उनके मेडिकल रिकॉर्ड पर लिख सकते हैं कि उन्हें एंटीबायोटिक दवाओं से एलर्जी है।ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि पेनिसिलिन से एलर्जी वाला कोई व्यक्ति आमतौर पर पेनिसिलिन की अगली खुराक पर खराब प्रतिक्रिया करता है, जिसमें एनाफिलेक्सिस नामक संभावित घातक स्थिति शामिल हो सकती है। पेनिसिलिन एलर्जी का यह एहतियाती और अक्सर नकली लेबल बिना किसी समीक्षा और जांच के, बचपन में और उनके विभिन्न मेडिकल रिकॉर्ड में दर्ज किए जाने की अत्यधिक संभावना है। ए लोग पेनिसिलिन उपचार से बचते रहते हैं।

### बादाम से वजन प्रबन्धन हो सकती है कारगर

दो नए वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि बादाम से आहार की गुणवत्ता बढ़ती है और वजन के प्रबन्धन में मदद मिलती है। बादाम ओबेसिटी/ मोटापे या अधिक वजन वाले व्यस्कों के लिए कम कैलोरी की डायट में शामिल कर व?न घटाने में कारगर हो सकते हैं। आबसेट्री में प्रकाशित पहले अध्ययन , जिसे ऑल्मण्ड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्तपोषण दिया गया, बादाम का सेवन करने वाले प्रतिभागियों में लीपोप्रोटीन सबफ्रैशन (में सुधार हुआ, जिससे दिल की बीमारियों की संभावना कम हो जाती है। दूसरे 12 महीनों के अध्ययन ए को12 अमेरिकी जनरल में प्रकाशित किया गया जिसे भी ऑल्मण्ड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्तपोषण दिया गया। इसके अनुसार जब लम्बे समय तक बादाम का सेवन स्नैक्स के रूप में किया जाता है। यह अध्ययन न्यूजीलैंड के व्यस्कों में किया गया। रितिका समद्दर रीजनल हैड- डायटेटिक्स मैक्स हेल्थकेयर- दिल्ली ने कहा ब्राउन स्टडी में पाया गया कि एक साल तक बिस्कुट के बजाए बादाम को चुनने से व्यक्ति को जरूरी पोषण जैसे प्रोटीन फाइबर विटामिन और मिनरल्स अधिक मात्रा में मिले ऐसे लोगों का फैट प्रोफाइल बेहतर था। डॉ रोहिणी पाटिल एमबीबीएस एवं पोषण विशेषज्ञ ने कहा ये अध्ययन संतुलित एवं सेहतमंद आहार में बादाम की भूमिका पर जोर देते हैं। इनके अनुसार बादाम स्नैक्स का अच्छा और पोषक विकल्प है, । शीला कृष्णास्वामी, पोषण एवं वैलनैस कन्सलटेन्ट ने कहा बहुत से लोगों का मानना है कि नियमित रूप से बादाम का सेवन करने से मोटापा ब?ता है। यहां इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि दो अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि बादाम के नियमित सेवन से मोटापा नहीं ब?ता है। बादाम के नियमित सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। साथ ही व्यक्ति के पोषण एवं आहार की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। ये अध्ययन बताते हैं कि बादाम को सेहतमंद आहार में शामिल करने से वजन नहीं बढ़ता। इसलिए इसे कम कैलोरी के आहार में शामिल किया जा सकता है। इससे आहार की गुणवत्ता में सुधार होता है दिल की बीमारियों की संभावना कमहोती है और वजन पर भी नियन्त्रण बना रहता है। एक आउंस 23 ग्राम बादाम में 4 ग्राम फाइबर और 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं 77 मिलीग्राम मैग्निशियम 210 मिलीग्राम पोटैशियम 727 मिलीग्राम विटामिन ई जो वजन प्रबन्धन कारगर है।

## अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई किसी देश के लोगों पर केंद्रित नहीं: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** बिना दस्तावेज वाले नागरिकों को निष्कासित करने के पाकिस्तान के फैसले की अफगानिस्तान के सत्तारूढ़ तालिबान द्वारा आलोचना किए जाने और उसे अस्वीकार्य बताए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद (पाकिस्तान) ने स्पष्ट किया कि अवैध प्रवासियों के खिलाफ उसका मौजूदा अभियान किसी देश के लोगों के विरूद्ध नहीं है।मंगलवार को पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार अफगान नागरिकों समेत बिना दस्तावेज वाले हजारों प्रवासियों के लिए देश छोड़कर चले जाने की समयसीमा एक नवंबर तय की है। पाकिस्तान ने ऐसे लोगों को ऐसा नहीं करने पर सलाखों के पीछे डाले जाने एवं देश से निकाल दिए जाने की चेतावनी दी है। पाकिस्तान ने आतंकवाद एवं तस्करी में लगे लोगों के खिलाफ कार्वाई तेज कर दी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 2nd, F-110, नेहरू नगर निकट गणेश हॉस्पिटल, गाजियाबाद-201001 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है – पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं :–
सभापति/अध्यक्ष : अंशुल गुप्ता
पता : 2nd, F-110, नेहरू नगर, गाजियाबाद-201001
महासचिव/सचिव : राजेश कुमार सैन
पता : 216, राम नगर, तुराब नगर, गाजियाबाद : 201001
कोषाध्यक्ष : प्रिया गुप्ता
पता : 2nd, F-110, नेहरू नगर, गाजियाबाद-201001
यदि किसी को राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड़, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**M/S MY HOME COLLECTIONS PVT. LTD.**
**B-205A, PHASE - 2, NOIDA**
**GAUTAM BUDDHA NAGAR**
**UTTAR PRADESH - 201305**

**BIDDING NO. 2023-24/015/STOCKS**

The Competent Authority invites E-bids for disposal of stock of Fire, Smoke & water Affected Quilt & comforter, pillow & plant & machinery as salvage which had been damaged due to Fire i.e. (Fire, Smoke & water) affected on 'As is where is basis'.
The interested bidders are advised to visit the **www.justauction.in**. The details of the E-bidding including list of items, approximate quantity available for disposal and its pictures are displayed on website.

**Contact Person: Mr. Sunil Pandey of M/s My Home Collections Pvt. Ltd., Contact No. 9560644355.**
**Anita Jha (Surveyor office) Contact No. 7011489391.**

Inspection of Fire smoke affected damaged Quilt & comforter, pillow & plant & machinery Can be done from **06/10/2023 to16/10/2023** between **10.00 AM TO 5.00 PM.**
E-bidding will be conducted on 17/10/2023 at 03.00 P.M to 04.00 P.M. hours.
To place your bid,
**https://shorturl.at/iC068**

No manual offers will be accepted against E-bidding.
Director
M/s My Home Collections Pvt. Ltd.

THE PIONEER CLASSIFIEDS

LOST & FOUND

I, Sonam Gupta D/o Jagdish Prasad Gupta R/o 173, Second Floor, Gali No. 17, Pratap Nagar, Mayur Vihar Phase I, New Delhi-110091 here by declare that I have lost my Graduation Degree while shifting process in Delhi. If anybody finds please contact 8299726107.

PD(171)C

# धन बल, मुफ्त की रेवड़ियां खासतौर से हमारे रडार पर होंगी

● मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा

**भाषा।** हैदराबाद



**मुख्य** निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीईसी की अगुवाई में 17 सदस्यीय दल तेलंगाना में चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए हैदराबाद में है। इस दौरान राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों, राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों तथा प्रवर्तन एजेंसियों जैसे विभिन्न पक्षकारों के साथ बैठकें कीं। पिछले तीन दिन में चुनाव दल की गतिविधियों की जानकारी पत्रकारों को देते हुए राजीव कुमार ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव के दौरान धन बल के इस्तेमाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का स्पष्ट संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, धन बल, मुफ्त की रेवड़ियां खासतौर से हमारे रडार पर होंगी। अगर वे (प्रवर्तन एजेंसियां) कार्वाई नहीं करते हैं तो हम कार्वाई सुनिश्चित करेंगे। समय नजदीक आने पर हम आकलन और यह सुनिश्चित करेंगे कि वे इन सभी चीजों पर कार्वाई करें। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बैंकों को इस संबंध में पैसों के ऑनलाइन लेनदेन पर नजर रखने के लिए कहा गया है। कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि तेलंगाना में चुनाव प्रलोभन मुक्त हों। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मतदाताओं की कुल संख्या 3.17 करोड़ है जिसमें पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या समान है।

सीईसी ने कहा, तेलंगाना में पहली बार 80 साल की आयु से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए अपने घर से वोट डालने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, यदि वे ऐसी सुविधा चाहें तो। इसी तरह दिव्यांगजन - जिनमें 40 फीसदी या उससे अधिक की शारीरिक अक्षमता है, वे घर से ही वोट डाल सकते हैं। सीईसी ने चुनाव तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर एक प्रस्तुति दी और राज्य के मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान राजनीतिक दलों ने शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने और मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पहली बार मतदाताओं की संख्या 8.11 लाख है, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 4.43 लाख है, जिनमें से 7,689 शतायु हैं।

सीविजिल मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में बात करते हुए, जिसका उपयोग जनता आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए कर सकती है, उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक कहीं भी होने वाली किसी भी गलत चीज़ की तस्वीर ले सकता है जो चुनाव के दृष्टिकोण से अनैतिक है। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक चाहे तो वह अपना गुप्त रख सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता हेल्पलाइन ऐप जनता के लिए मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और मतदान केंद्र विवरण देखने के लिए भी उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि प्रलोभन-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए, राज्य पुलिस, राज्य आबकारी विभाग, केंद्रीय जीएसटी और सीमा शुल्क, राज्य जीएसटी, डीआरआई, सीआईएसएफ, आयकर विभाग और एक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति सहित कई प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय में काम करेंगी। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।




मप्र में वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान का शिलान्यास करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य

## दिल्ली पुलिस ने पत्रकार उर्मिलेश और अभिसार शर्मा से दोबारा पूछताछ की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक को केंद्र सरकार के बारे में कथित तौर पर फर्जी विमर्श को बढ़ाने के लिए चीन से पैसे मिलने के मामले में बृहस्पतिवार को पत्रकार उर्मिलेश और अभिसार शर्मा से दोबारा पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों पत्रकार लोधी कॉलोनी स्थित दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के कार्यालय दोपहर बाद गए और जांच में शामिल हुए। दोनों पत्रकारों से अब भी पूछताछ की जा रही है।

गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दायर एक मामले में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था और उस घटना के दो दिन बाद यह पूछताछ हो रही है। मंगलवार को न्यूज क्लिक से जुड़े 46 पत्रकार और योगदान दाताओं से पूछताछ की गई थी और लैपटॉप एवं मोबाइल फोन सहित डिजिटल उपकरणों तथा दस्तावेजों को जांच के लिए जब्त किया गया था।

शर्मा ने मंगलवार की पूछताछ के बाद कहा था कि वह इस कार्रवाई से भयभीत नहीं हैं और सरकार से कड़े सवाल पूछते रहेंगे। दिल्ली पुलिस द्वारा बुधवार को अदालत में सौंपी गई रिमांड प्रति के मुताबिक पुरकायस्थ और उनके सहयोगियों जोसफ राज, अनूप चक्रवर्ती (अमित चक्रवर्ती का भाई) और बप्पादित्य सिन्हा (वर्च्यूनेट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के प्रवर्तक) ने गैर कानूनी तरीके से विदेश से धन प्राप्त किया। यह जानकारी मिली है कि उपरोक्त राशि गौतम नवलखा, तीस्ता सीतलवाड़ से जुड़े जावेद आनंद, तमारा, जिबरान, उर्मिलेश, अरात्रिका हलदर, प्रजंय गुहा ठाकुरता, त्रिना शंकर, अभिसार शर्मा आदि में वितरित की गई। अधिकारियों ने कहा कि सभी सदस्यों पर विशेष प्रकोष्ठ की नजर है और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

## सरकार ने अलगाववादी नेता शब्बीर शाह की जम्मू कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी को प्रतिबंधित किया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को जेल में बंद अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (जेकेडीएफपी) को भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक गतिविधियों के मद्देनजर पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रतिबंध का आदेश गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दिया गया। जम्मू-कश्मीर के प्रमुख अलगाववादी नेता शाह ने 1998 में इसकी स्थापना की थी। शाह की पार्टी जेकेडीएफपी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस की एक घटक थी। शाह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। शाह को प्रवर्तन निदेशालय ने 2005 के धन शोधन मामले में 25 जुलाई 2017 को गिरफ्तार किया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) शाह के खिलाफ आतंकवाद वित्त पोषण मामले में आरोप पत्र दायर किया है।

## भाजपा ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बताने के लिए भू-पे जारी किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को भू-पे नामक क्यूआर कोड जारी किया। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने से यह एक वेबसाइट पर ले जाता है जिसमें राज्य सरकार के कथित घोटालों के बारे में जानकारी है। रायपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भू-पे क्यूआर कोड जारी करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब से राज्य में भूपेश बघेल सरकार चुनी गई है, उसने भ्रष्टाचार के नए तरीकों का आविष्कार किया है और इस ऐप में इसका विवरण है।

भू-पे क्यूआर कोड की टैगलाइन है- हर काम का दाम, भू-पे करो। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर यह उपयोगकर्ताओं को भूपेकरोडॉटकॉम पर ले जाता है। इस वेबसाइट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके अधिकारियों के चित्र और उनके शासन के दौरान शराब, कोयला, लोक सेवा आयोग भर्ती, गोबर खरीद योजना, ऑनलाइन गेमिंग-सट्टेबाजी ऐप सहित लगभग 26000 करोड़ रुपए के कथित भ्रष्टाचार के बारे में विस्तृत जानकारी है।

क्यूआरकोड जारी करने के मौके पर ठाकुर ने सत्ताधारी दल कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि छत्तीसगढ़ के गठन के बाद पहली बार ऐसी सरकार चुनी गई है, जिसने नए-नए तरीके खोजकर भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री से मेरा सवाल यह है कि उनकी पार्टी द्वारा (2018 विधानसभा चुनाव में) किए गए 36 प्रमुख वादे पूरे क्यों नहीं किए गए? उन्होंने आरोप लगाया कि वादों को पूरा करने के बजाय इसने राज्य में माफिया राज स्थापित कर दिया। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अभी तक किसानों को दो साल का बकाया बोनस तक नहीं दे पाई है।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। उस समय मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था तो समझ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ में क्या स्थिति थी। लेकिन जब यहां पर कमल खिला तो हमने विकास के नए आयाम स्थापित किए। लेकिन पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ का क्या हाल कर दिया। छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया।

ठाकुर ने कहा कि एक तरफ मोदी जी ऑपरेशन गंगा चलाकर यूक्रेन से 23000 युवा भारतीयों को सुरक्षित भारत ले आए और दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री गंगाजल की कसम खाकर क्या कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि दिल्ली राज्य में 200 करोड़ का शराब घोटाला हुआ तो वहां के मंत्री नेता जेल में हैं। यहां 2000 करोड़ का घोटाला हुआ तो समझ सकते हैं कि इनका क्या होगा?

## क्विक न्यूज

### इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज की

**बेंगलुरु** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)इस महीने के अंत में परीक्षण के लिए विकसित यान से अंतरिक्ष यात्रियों को निकालने की प्रणाली क्रू एस्केप सिस्टम का परीक्षण करने की योजना बना रहा है। यह परीक्षण भारत द्वारा अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की महत्वकांक्षी योजना का हिस्सा है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, तैयारियां चल रही है। यान प्रणाली के सभी हिस्से (प्रक्षेपण के लिए) श्री हरिकोटा पहुंच गए हैं। उन्हें जोड़ने का काम जारी है। हम अक्टूबर महीने के अंत में इसे प्रक्षेपित करने के लिए तैयार हैं। अंतरिक्ष विभाग के अधीन इसरो का वीएसएससी प्रमुख केंद्र है और तिरुवनंतपुरम में स्थित है। नायर ने बताया, इस क्रू एस्केप सिस्टम के साथ हम उच्च दबाव और ट्रांससोनिक स्थितियों जैसी विभिन्न परिस्थितियों का परीक्षण करेंगे। इसरो अधिकारी ने बताया कि क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) गगनयान का अहम तत्व है। इसरो अधिकारियों के मुताबिक इस महीने परीक्षण यान टीवी-डी। का परीक्षण किया जाएगा जो गगनयान कार्यक्रम के तहत चार परीक्षण मिशन में से एक है। इसके बाद दूसरे परीक्षण यान टीवी-डी2 और पहले मानव रहित गगनयान (एलवीएम3-जी1) का परीक्षण किया जाएगा। दूसरे चरण के तहत परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी3 और डी4) और एलवीएम3-जी2 को रोबोटिक पेलोड के साथ भेजने की योजना है।

### मॉडल शियास करीम को सशर्त अंतरित जमानत दी

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने लोकप्रिय रियल्टी शो के स्टार और मॉडल शियास करीम को राज्य में दर्ज दुष्कर्म और धोखाधड़ी के मामले में बृहस्पतिवार को सशर्त अंतरिम जमानत दे दी। मामले से जुड़े सरकारी वकील ने बताया कि न्यायमूर्ति गोपीनाथ पी.ने शर्तों के साथ मॉडल को राहत दी। इस मामले में अब अदालत 11 अक्टूबर को दोबारा सुनवाई करेगी। अदालत ने मॉडल को यह राहत ऐसे समय दी है जब कुछ घंटे पहले ही केरल पुलिस द्वारा जारी लुकआउट नोटिस के आधार पर उन्हे चेन्नई हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। करीम के बृहस्पतिवार की सुबह दुबई से चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचते ही सुरक्षा कर्मियो ने उन्हे हिरासत मे ले लिया। करीम के कोच्चि स्थित जिम में कार्यरत महिला प्रशिक्षक की शिकायत पर यहां स्थित चंदेरा पुलिस थाने ने उनके खिलाफ दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। कासरगोड की रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि करीम ने उससे दुष्कर्म किया है और 2021 से ही उससे छेड़छाड़ कर रहा था।

### बिधूड़ी ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया

**जयपुर।** भाजपा सांसद और टोंक प्रभारी रमेश बिधूड़ी ने बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक विकसित भारत तब बनेगा जब देश के 140 करोड़ लोग समानता के साथ आगे बढ़ेंगे। टोंक में सवांददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा भाजपा एक ऐसा संगठन है जो परिवारवाद से बाहर निकलकर केवल कार्यकर्ता के बलबूते पर चुनाव लड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति में जनता की सेवा के लिए राष्ट्रवादी शक्तियों को मजबूत करने और तुष्टिकरण की राजनीति से देश को बाहर निकालने के लिए काम करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान भ्रष्टाचार मे आकंठ डूब गया है और मुख्यमंत्री केवल अपनी सत्ता और कुर्सी बचाने के चक्कर में है।

### न्यायालय ने सांसदों-विधायकों को अभियोजन से छूट वाले निर्णय पर पुनर्विचार को लेकर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की सात न्यायाधीशो की पीठ ने 1998 के फैसले पर पुनर्विचार के संबंध मे बृहस्पतिवार को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया, जिसमे कहा गया था कि सांसदो और विधायको को सदन मे भाषण देने या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अभियोजन से छूट प्राप्त है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित कई वरिष्ठ वकीलो की दलीले सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। वृहद पीठ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले मे 1998 मे पांच न्यायाधीशो की पीठ द्वारा सुनाए गए फैसले पर पुनर्विचार कर रही है, जिसके द्वारा सांसदो और विधायको को सदन मे भाषण देने या वोट देने के संबंध मे रिश्वत के लिए अभियोजन से छूट दी गई थी। देश को झकझोर देने वाले झामुमो रिश्वत कांड के 25 साल बाद शीर्ष अदालत फैसले पर दोबारा विचार कर रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले मे दलीले रखते हुए अदालत से संविधान के अनुच्छेद 105 के तहत छूट के पहलू पर नही जाने का आग्रह किया। मेहता ने कहा, रिश्वतखोरी का अपराध तब होता है जब रिश्वत दी जाए और कानून निर्माताओं (सांसद-विधायक) द्वारा स्वीकार की जाए। इससे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत निपटा जा सकता है। उन्होने कहा, न तो बहुमत और न ही अल्पमत (1998 का निर्णय) ने इस दृष्टिकोण से मुद्दे पर गौर किया। संक्षिप्त प्रश्न, जिस पर वर्तमान संदर्भ आधारित है, वह यह है कि क्या सदन के बाहर रिश्वतखोरी का अपराध हुआ। यदि ऐसा है, तो इस अदालत को छूट के सवाल पर जाने की जरूरत नही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने द वैक्सीन वॉर फिल्म के निर्माताओं को दी बधाई

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिल्म द वैक्सीन वॉर के निर्माताओं को बधाई देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह फिल्म आने वाली पीढ़ियों के काम आएगी। मोदी यहां रावण का चबूतरा मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होना है। अपने संबोधन के दौरान मोदी ने कहा, मैंने सुना है कि आजकल एक फिल्म आई है द वैक्सीन वॉर। मैंने सुना है कि भारत में कोविड से लड़ाई लड़ने के लिए हमारे देश के वैज्ञानिकों ने जो रात-दिन मेहनत की, प्रयोगशाला में एक ऋषि की तरह उनकी साधना और हमारी महिला वैज्ञानिकों ने जो अद्भुत काम किया। उन सारी बातों को बढ़िया तरीके से द वैक्सीन वॉर फिल्म में दर्शाया गया है। भारतीयों को वह फिल्म देखने के बाद गर्व हो रहा है कि हमारे वैज्ञानिक ऐसा-ऐसा काम किए हैं। मोदी ने कहा, चंद्रयान का प्रक्षेपण वैज्ञानिकों का गौरव बढ़ता है।

## चीन की आक्रामकता उसके उदय के साथ और अधिक स्पष्ट हो गई है : सीडीएस

**नई दिल्ली।** चीन की आक्रामकता उसके उदय के साथ और अधिक स्पष्ट है और भारत को अपनी समग्र रणनीतिक गणना में इस पहलू को ध्यान में रखना होगा। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को विभिन्न राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और गहन भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर चर्चा करते हुए यह बात कही। वार्षिक जनरल केवी कृष्ण राव स्मृति व्याख्यान देते हुए सीडीएस ने चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर भारत के प्रमुख विवाद का भी उल्लेख किया और सुझाव दिया कि नई दिल्ली को रणनीतिक स्वायत्तता का पत्ता चलना होगा। उन्होंने कहा, रणनीतिक स्वायत्तता आपके खतरों से निपटने के बजाय अवसरों का फायदा उठाने के लिए प्रासंगिक हो सकती है। भविष्य यहीं होना चाहिए। हमें अवसरों के बारे में अधिक सोचना चाहिए।

उन्होंने कहा, यह सब जो मैंने कहा वह उत्तरी पड़ोसी के कारण थोड़ी चेतावनी के साथ आता है। इस रणनीतिक गणना में भारत को चीन के एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरने को भी ध्यान में रखना होगा। सीडीएस ने कहा, चीन की आक्रामकता उसके उदय के साथ और अधिक स्पष्ट है। भारत का चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर बड़ा विवाद है और उसे रणनीतिक स्वायत्तता का कार्ड खेलना होगा...।

वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में व्यवधानों पर चर्चा करते हुए, उन्होंने भारत के अपने दृष्टिकोण में रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और कहा कि देश गुटनिरपेक्षता के अपने दृष्टिकोण से विश्व-मित्र के युग में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 1998 में भारत के परमाणु परीक्षणों, रूस-यूक्रेन युद्ध पर उसके तटस्थ और सूक्ष्म रुख और प्रतिबंधों की धमकियों के बावजूद मास्को से एस-400 मिसाइल प्रणालियों की खरीद के साथ आगे बढ़ने के फैसले का भी रणनीतिक स्वायत्तता के उदाहरण के तौर पर उल्लेख किया।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने भारत की गुटनिरपेक्ष होने से लेकर रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने की यात्रा का भी सार दिया। उन्होंने कहा, अगर मुझे गुटनिरपेक्षता से लेकर रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने तक की भारत की यात्रा का सारांश प्रस्तुत करना हो, तो मैं जो कह सकता हूं वह तीन एस पर आधारित हो सकता है। पहला है भारत को सुरक्षित करना। अगला है आत्मनिर्भरता। और अंत में, भारत के लाभ और हित के लिए पर्यावरण को आकार देना। जनरल चौहान ने वैश्विक भू-राजनीति के आर्थिक पहलुओं के बारे में भी विस्तार से बताया और कहा कि शक्ति का वैश्विक संतुलन आर्थिक संरेखण और यहां तक कि नैतिकता, धार्मिकता और वैश्विक हितों के अभिसरण जैसे मुद्दों से भी स्थानांतरित किया जा सकता है।

## धर्मांतरण मामले में तारा शाहदेव के पूर्व पति को उम्रकैद की सजा सुनाई

**रांची।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को तारा शाहदेव धर्मांतरण मामले में उनके पूर्व पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष सीबीआई न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने शाहदेव के पूर्व पति रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन को आजीवन कारावास, उनकी पूर्व सास कौशल रानी को 10 साल कैद और मुश्ताक अहमद को 15 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने तीनों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष सीबीआई अदालत ने 30 सितंबर को मामले में तीनों को दोषी ठहराया था और सजा सुनाए जाने के लिए पांच अक्टूबर की तारीख तय की थी।

रकीबुल हसन के वकील मुख्तार अहमद खान ने संवाददाताओं से कहा, हम दोषसिद्धि के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख करेंगे क्योंकि इसके लिए पर्याप्त सबूत हैं। हमें ऊपरी अदालत से न्याय मिलने का भरोसा है। शाहदेव ने अपनी शिकायत में कहा था कि उन्होंने सात जुलाई 2014 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन से शादी की थी, लेकिन शादी के दूसरे दिन ही उनके पति और अहमद उन पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाने लगे। अहमद उस समय सतर्कता रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत था।

सीबीआई ने 2015 में जांच अपने हाथ में ली थी और दिल्ली में मामला दर्ज किया था। शाहदेव को क्रूरता के आधार पर जून 2018 में रांची की एक परिवार अदालत ने तलाक दे दिया था। शाहदेव ने अदालत में याचिका दायर की थी कि हसन ने अपने धर्म के बारे में गलत जानकारी दी थी और उन्हें शादी के लिए धोखा दिया था। शाहदेव ने हसन पर इस्लाम अपनाने से इनकार करने पर उन्हें प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया था।

## सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए एमवीए घटक दलों ने समिति गठित की

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के सहयोगी दलों ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में सीट बंटवारे पर चर्चा के वास्ते नौ-सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया है, जिसमें प्रत्एक घटक के तीन नेता शामिल हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बृहस्पतिवार को एमवीए घटक दलों द्वारा समिति का गठन किए जाने की पुष्टि की।

चव्हाण समिति के सदस्य हैं। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) महाराष्ट्र में विपक्षी एमवीए के घटक दल हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं और लोकसभा की सीट के लिहाज से यह राज्य उत्तर प्रदेश (80 सीट) के बाद दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।

चव्हाण ने कहा कि राज्य में उनका पार्टी नेतृत्व पहले एमवीए के अन्य सहयोगी दलों के साथ सीट-बंटवारे पर बातचीत में अपनी स्थिति तय करने के लिए एक बैठक करेगा। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, इसके बाद हम सहयोगी दलों के साथ बातचीत करके सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय करेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण के अलावा, वरिष्ठ नेता नसीम खान और बसवराज पाटिल समिति में कांग्रेस के अन्य सदस्य हैं।

खान ने कहा कि एमवीए के सभी सहयोगी इस बात पर सहमत हैं कि लोकसभा सीट के बंटवारे के लिए जीतने की क्षमता मानदंड होना चाहिए। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री खान ने कहा कि कांग्रेस सात अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक राज्य की सभी 48 लोकसभा सीट की क्षेत्रवार समीक्षा करेगी। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा कि एमवीए घटक दलों को उम्मीदवारों का चयन करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महाराष्ट्र में 2019 में हाथ मिलाने वाली शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के वोट एक-दूसरे के उम्मीदवारों को हस्तांतरित हो जाएं। राकांपा (अविभाजित) कांग्रेस की पुरानी सहयोगी है। समन्वय समिति में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) का प्रतिनिधित्व संजय राउत, विनायक राउत और अनिल देसाई करेंगे, जबकि पूर्व मंत्री जयंत पाटिल, जितेंद्र अव्हाड और अनिल देशमुख समिति में राकांपा (शरद पवार समूह) के सदस्य होंगे।

## सिक्किम में सभी स्कूल, कालेज 15 अक्टूबर तक बंद रहेंगे

**गंगटोक।** सिक्किम में खराब मौसम के कारण सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय 15 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। राज्य शिक्षा विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी संशोधित परिपत्र में यह जानकारी दी गई। यह परिपत्र तीस्ता नदी घाटी में आई अचानक बाढ़ के बाद विनाशकारी आपदा के कारण सिक्किम में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अगली सूचना तक बंद करने के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के निर्देश के कुछ घंटों के बाद आया है। शिक्षा विभाग ने बुधवार को एक परिपत्र में पहले सरकारी और निजी स्कूलों को आठ अक्टूबर तक बंद करने का आदेश दिया था। अधिकारियों ने बताया कि अब तक चौदह लोगों के शव मिल चुके हैं, जबकि उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के ऊपर बुधवार तड़के बादल फटने से तीस्ता नदी घाटी में बाढ़ आने के बाद 22 सैन्यकर्मियों सहित 102 लोग लापता हैं।

## सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में 14 लोगों की मौत मुख्यमंत्री ने प्रभावित इलाकों का जायजा लिया

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ से मची तबाही में अब तक 14 लोगों के शव मिले हैं जबकि 22 सैन्यकर्मियों समेत 102 लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) ने एक बुलेटिन में बताया कि बुधवार को आई आपदा के बाद से अब तक 2,011 लोगों को बचाया गया है जबकि 22,034 लोग इससे प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लापता 22 सैन्यकर्मियों की तलाश निचले इलाकों में ध्यान केंद्रित करते हुए की जा रही है क्योंकि संभावना है कि पानी का तेज बहाव उन्हें नीचे की ओर ले गया होगा। एसएसडीएमए ने बताया कि राज्य सरकार ने आपदा से प्रभावित चार जिलों में 26 राहत शिविर स्थापित किए हैं।



गंगटोक जिले के आठ राहत शिविरों में कुल ।,025 लोगों ने शरण ली है जबकि 18 अन्य राहत शिविरों में रह रहे लोगों के आंकड़ें अभी उपलब्ध नहीं हुए हैं। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने आपदा में सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में से एक सिंगतम का दौरा किया और स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का आग्रह करते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनके पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है।

तमांग ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद सिंगतम सामुदायिक केंद्र में एक आपातकालीन बैठक की भी अध्यक्षता कीउन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार जरूरतमंदों को सभी आवश्यक सहायता और राहत प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम स्थिति की भयावहता को समझते हैं और अपने नागरिकों की सुरक्षा एवं भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे समर्पित बचाव दल इस आपदा से पैदा हुई समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। मैं प्रशासन, स्थानीय अधिकारियों, सभी संगठनों तथा व्यक्तियों से एकजुटता और सहयोग की भावना से हाथ मिलाने का आग्रह करता हूं। उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण भारी मात्रा में जल जमा हो गया जो चुंगथांग बांध की ओर बह निकला। जल के तेज बहाव ने बिजली संयंत्र के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया और निचले इलाकों में बसे शहरों और गांवों में बाढ़ आ गई।

